ओड़िशा संस्करण

07 दिसंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 49


एम्स के बाद अब हैकर्स के निशाने पर आइसीएमआर की वेबसाइट, एक ही दिन में 6000 बार अटैक



## मुख्यमंत्री ने जेबीवीएनएल के कार्यों की समीक्षा की

# बिजली कटौती पर हर हाल में लगायें रोक: हेमंत सोरेन

- जेबीवीएनएल को पीएफसी से 750 करोड़ ऋण उपलब्ध करायेगी सरकार



झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की समीक्षा करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में बिजली कटौती पर हर हाल में रोक लगायी जाए। बिजली कटौती को रोकने के लिए हर जरूरी उपाय करें। राज्य की जनता को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से बिजली कटने की शिकायतें मिल रही हैं। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) राज्य में ऊर्जा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण इकाई है। इसके जरिए ही पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति की जाती है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली उपलब्ध कराने निमित्त बेहतर कार्य योजना बनाकर व्यवस्था दुरुस्त करे। मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में जेबीवीएनएल के कार्यों की अद्यतन समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

**बिजली बिल की मॉनिटरिंग करें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली बिल वसूली के लिए हाई टेंशन (एचटी) उपभोक्ता के मीटर में कम्युनिकेशन एक्यूपमेंट लगाकर बिजली खपत की निरंतर मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं से शत प्रतिशत बिजली बिल वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी टेलीकॉम टावर पर बिजली बिल का समय पर विपत्रिकरण प्रक्रिया पूरी कर बिजली बिल वसूल करें। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर कार्य को तेज गति से करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

**व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश :** हेमंत सोरेन ने जेबीवीएनएल को राज्य सरकार द्वारा वार्षिक विकास योजना (एडीपी) मद में 200 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाने पर अपनी सहमति दी। एडीपी मद से प्राप्त 200 करोड़ रुपये राशि का खर्च जेबीवीएनएल द्वारा राज्य में ट्रांसफार्मर, पोल, तार इत्यादि व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए किया जाएगा।

**750 करोड़ रुपये ऋण उपलब्ध करायेगी सरकार :** बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बिजली जेनरेटिंग कंपनियों का बकाया भुगतान के लिए जेबीवीएनएल को राज्य सरकार अपनी गारंटी पर पावर फाइनेंस कारपोरेशन (पीएफसी) से 750 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस दिशा में जल्द कदम उठाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बिजली बिल वसूली में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। बिजली बिल कलेक्शन के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जेबीवीएनएल अब बिजली बिल वसूली नगर विकास विभाग में कार्यरत एजेंसियों द्वारा नगर विकास विभाग के हाउस टैक्स कलेक्शन प्रणाली के आधार पर करेगी, इस निमित्त जल्द ही कार्य योजना तैयार की जाएगी। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के प्रबंध निदेशक केके वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लोकसभा का शीतकालीन सत्र आज से

- विपक्षी दलों ने महंगाई, बेरोजगारी, चीन सीमा की स्थिति जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है। इससे पहले मंगलवार को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, बीजद, आप सहित 31 दलों के सदन के नेताओं ने हिस्सा। विपक्षी दलों के सदस्यों ने शीतकालीन सत्र में महंगाई, बेरोजगारी, चीन से लगी सीमा की स्थिति, कॉलेजियम के मुद्दे से जुड़ा विषय, केंद्र राज्य संबंध एवं संघीय ढांचे का विषय एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण पर अदालती फैसले सहित कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा और इसके लिए पर्याप्त समय देने की मांग की। सरकार ने बैठक में आश्वस्त किया कि वह लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की अनुमति से नियमों के तहत विपक्ष के उठाये मुद्दों पर चर्चा कराने को तैयार है। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। यह सत्र 7 से 29 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 17 बैठकें होंगी। इस सत्र में सरकार द्वारा 16 संशोधित विधेयक लाने की उम्मीद है। उधर, विपक्ष ने भी सरकार को हर स्तर पर घेरने की रणनीति तैयार की है।

# बीआइटी की छात्रा की हत्या के आरोपी पीयूष को पकड़ने बनारस जायेगी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टाटीसिल्वे इलाके में सोमवार को पुलिस ने रेलवे पटरी से बीआइटी मेसरा की छात्रा पल्लवी कुमारी का शव बरामद किया था। पल्लवी बरियातू थाना क्षेत्र में कुसुम विहार रोड नंबर 9 की निवासी थी। उसके पिता विजय राम और मां मधु देवी रिम्स में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी हैं। पल्लवी की मौत के बाद आक्रोशित मुहल्ले के लोग रिम्स पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जबकि दर्जनों की संख्या में महिलाएं थाना पहुंची थीं। हालांकि स्थानीय बरियातू थाना के प्रभारी ज्ञान रंजन ने लोगों को शांत करा कर आश्वस्त किया कि जल्द ही आरोपी पीयूष तिवारी को गिरफ्तार किया जायेगा।

वहीं घटना में शामिल आरोपी पीयूष तिवारी का मोबाइल लोकेशन ट्रेस किया गया है। इस आधार पर पुलिस को पता चला है कि वह बनारस पहुंच चुका है। रांची पुलिस उसको गिरफ्तार करने के लिए बनारस जायेगी। पीयूष को आरोपी बनाते हुए 302 (मर्डर)का केस दर्ज किया गया है।

मोहल्ले के लोगों ने बताया कि पीयूष का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद वह भाग गया। मंगलवार की सुबह उसने अपनी मां को कॉल भी किया था।

# इडी ने आलमगीर और पंकज को क्लीन चिट देनेवाले डीएसपी को 12 को बुलाया

## शंभू भगत की याचिका पर हाइकोर्ट का इडी को पार्टी बनाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/साहिबगंज।** बरहरवा टोल प्लाजा मामला नया रूप लेता जा रहा है। मंत्री आलमगीर आलम और मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को 24 घंटे के भीतर क्लीन चिट देने के मामले में डीएसपी पीके मिश्रा को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने समन भेजा है। उन्हें 12 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उधर, इस मामले में साहिबगंज के शंभु भगत ने याचिका दायर की थी। इस पर मंगलवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। प्रार्थी शंभू भगत की याचिका पर सुनवाई करते हुए, कोर्ट ने इडी को प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही हाइकोर्ट ने निचली अदालत की कार्रवाई पर अगली सुनवाई तक रोक लगाने का आदेश दिया है। शंभु भगत की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने बहस की। बरहरवा टोल प्लाजा मामले में व्यवसायी शंभू ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी के 24 घंटे के भीतर साहिबगंज पुलिस ने मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी। जांच की निगरानी कर रहे डीएसपी प्रमोद मिश्रा (पीके मिश्रा) ने बिना किसी प्रारंभिक जांच और डिजिटल साक्ष्य के पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी। प्रमोद मिश्रा बरहरवा के डीएसपी के पद पर तैनात थे, और उनका नाम एएसआइ रूपा तिर्की मौत मामले में भी आया था। सोमवार को रांची इडी के ऑफिस में जांच अधिकारी और झारखंड पुलिस के एएसआइ सरफुद्दीन खान से पूछताछ की गयी। इसमें सरफुद्दीन खान ने बताया कि पंकज मिश्रा और आलमगीर आलम के खिलाफ जांच बंद करने का फैसला उनके वरीय अधिकारियों का था।

## जमीन पर ही नहीं, गंगा नदी में भी चलती थी पंकज मिश्रा की हुकूमत

# बिहार में डूबे मालवाहक जहाज झारखंड में खिंचवा लिया था, ताकि मामले को रफा-दफा किया जा सके

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज में अवैध खनन और मनी लांड्रिंग के मामलों में इडी की हिरासत में केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआइपी), कांके में इलाज करा रहे झामुमो नेता पंकज मिश्रा की हुकूमत केवल जमीन पर ही नहीं, बल्कि गंगा नदी पर भी चलती थी। साहिबगंज और बिहार के कटिहार जिले के मनिहारी के बीच गंगा की धारा पर कोई भी गैर-कानूनी गतिविधि पंकज मिश्रा की इजाजत के बिना नहीं होती थी। इस शख्स के प्रभाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिहार के इलाके में डूबे मालवाहक जहाज को उसने झारखंड में खिंचवा लिया था, ताकि यहां उस मामले को रफा-दफा कराया जा सके।

**क्या है मामला :** इसी साल 25 मार्च को एक मालवाहक जहाज साहिबगंज और मनिहारी घाट के बीच डूब गया था। उस जहाज पर 14 ट्रक लदे थे, जिनमें अवैध स्टोन चिप्स लोड था। यह हादसा झारखंड की सीमा से करीब चार किलोमीटर दूर बिहार के इलाके में हुआ। हादसे में 14 ट्रकों के ड्राइवर और खलासी भी डूब गये थे। उनमें से केवल दो शव बरामद हो सके थे। चूंकि हादसा बिहार में हुआ था, इसलिए इससे संबंधित प्राथमिकी मनिहारी थाना में दर्ज हुई थी। हादसे को छिपाने के लिए पंकज मिश्रा ने अपने प्रभाव का खूब इस्तेमाल किया। उन्होंने सबसे पहले दुर्घटनाग्रस्त जहाज को झारखंड की सीमा में खिंचवा लिया और हादसे का घटनास्थल ही बदल दिया।

मनिहारी थाने में दर्ज मामला अब साहिबगंज जिला में आ गया। इसके पीछे पंकज मिश्रा की मंशा इस अवैध कारोबार को लेकर झारखंड में दर्ज मामले को रफा-दफा कराने की थी। लेकिन मामला तूल पकड़ने लगा। अब इस मामले में भी इडी की इंट्री हो चुकी है।

**बाबूलाल लाल मरांडी ने बिहार सरकार को लिखा था पत्र :** हादसे के तुरंत बाद झारखंड में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने बिहार सरकार को एक पत्र लिखकर पूरे मामले की सीबीआइ जांच कराने का अनुरोध किया था। बिहार सरकार ने बाबूलाल मरांडी के पत्र को झारखंड सरकार को भेज दिया था। बाद में इस पत्र को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया। यह फाइल अब झारखंड सचिवालय में कहीं धूल फांक रही है।

**तत्कालीन परिवहन सचिव केके सोन ने करायी थी जांच :** जब साहिबगंज में स्टोन चिप्स की तस्करी की जानकारी सार्वजनिक हो गयी, तब तत्कालीन परिवहन सचिव केके सोन ने इस पूरे मामले की जांच करायी थी। अपनी जांच रिपोर्ट में साहिबगंज के डीसी ने लिखा था कि दिन में फेरी करते समय जहाज डूब गया। उसमें 14 ट्रक भी डूब गये। इसी मामले में कटिहार के डीएम ने लिखा कि फेरा रात में शुरू किया गया था और दुर्घटना रात में हुई है। दुमका के तत्कालीन कमिश्नर चंद्र मोहन कश्यप को इसी मामले में डीसी की रिपोर्ट पर मुहर लगाने के लिए पंकज मिश्रा ने फोन पर कहा था। बाद में कश्यप ने इडी की पूछताछ में इस बात को स्वीकार भी किया।




## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

### 7 दिसम्बर

**संदेश**

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस शुभ अवसर पर मैं भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाते हैं। इस दिन हम अपने देश की सशस्त्र सेना के प्रति सम्मान एवं एकजुटता प्रदर्शित कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें आश्वासन दिलाते हैं कि हम सभी भारतवासी उनके साथ हैं, जिनकी दिलेरी, बहादुरी, सतर्कता व चौकसी के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं।

हमारे देश की सशस्त्र सेना निरंतर सतर्क रहकर देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता की रक्षा में सतत् सेवारत रहती है। चाहे युद्ध का समय हो या शांति काल, हमारी सशस्त्र सेना ने अपने कर्तव्य, साहस, समर्पण तथा निष्ठा से राष्ट्र को सदैव गौरवान्वित किया है। हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

हम सभी नागरिकों का कर्त्तव्य है कि हम अपनी क्षमता अनुसार "सशस्त्र झंडा दिवस कोष" में योगदान देकर, उन वीर सैनिकों, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, के प्रति अपना आभार प्रकट करें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि झारखंड के निवासी अपने गौरवमयी परंपरा को दृष्टि में रखते हुए झंडा दिवस के अवसर पर उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता एवं असीम प्यार अभिव्यक्त करने में अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

जय हिन्द !

रमेश बैस
राज्यपाल, झारखण्ड

हम प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाते है। इस अवसर पर हम उन बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करते है, जिन्होंने विगत युद्धों तथा आतंकवाद के खिलाफ वीरतापूर्वक लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी या निःशक्त हो गये।

राष्ट्र को अपनी सशस्त्र सेना पर गर्व है। बाहरी आक्रमण से भारतीय सेना ने देश की रक्षा करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम सबका नैतिक कर्तव्य है कि इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु प्रयास करें। इसके लिए राज्य में **"सैनिक कल्याण कोष"** का गठन किया गया है। राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों में इस राशि का उपयोग किया जाता है जिससे वीरांगना विधवाओं, निःशक्त सैनिकों और उनके आश्रितों तथा सेवारत कर्मियों को लाभ मिलता है। हम सभी को इस कोष में उदारतापूर्वक दान देना चाहिए।

मैं, झारखंड की जनता से अपील करता हूँ कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के शुभ अवसर पर शहीद सैनिकों, निःशक्त जवानों एवं आश्रितों के कल्याणार्थ गठित सैनिक कोष में उदारतापूर्वक दान दें।

हम सबों का सहयोग प्रतीक रूप में अपनी सशस्त्र सेना के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रकटीकरण होगा। यह अंशदान हमारे सैनिकों का मनोबल उँचा करेगा एवं देशवासियों के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण बनेगा।

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 284070 (Home) 22-23



गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड सरकार



SURJABASHA

M.Sc. Nursing 2 Years
FLORENCE
Group Of Institutions
A Unit Haji Abdur Razzaque Educational Society
Direct Admission Open - 2023-24
PARAMEDICAL
- DMLT/ECG/X-RAY
- DRESSERS
- OPHTHALMIC ASST.
- OT ASSISTANT
Courses Offered:
GNM ANM
B.SC. Nursing
Post Basic
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
Mob. No. : 9031231082
6205145470, 9334645053
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
fsnirba@gmail.com
www.florencinstirba.com

ट्रेड फ्रेण्ड्स
एनएच-33 (चकला ओरमांझी)
BMW शोरूम के नजदीक, रांची
मो. : 9204951600
गोंदा टाउन, कांके रोड, रिलायंस मार्ट, रांची
मो. : 7360027795
मुर्गा छाप
कोरोनेशन छाप
लगन के रंग-बिरंगे पटाखों का विशाल संग्रह
40 वर्षों का विश्वास
खुशियां पटाखों से पटाखे हमसे....

समस्या है तो.... समाधान भी है

आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि ऊपरी बाधा संबंधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 50,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 67,500 रु./प्रति किलो |

## भारी विरोध के बाद रामगढ़, साहिबगंज, गढ़वा और कोडरमा के अध्यक्ष बदले, पर क्या थम पायेगा आक्रोश

# झारखंड में कांग्रेस का बंटाधार कर देगा जिलाध्यक्षों का मनोनयन

■ जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद उठने लगे थे असंतोष के स्वर

■ सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में हैं झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे

झारखंड की सत्ता में भागीदार कांग्रेस की प्रदेश इकाई में एक बार फिर असंतोष के स्वर सुनाई देने लगे हैं। अभी दो दिन पहले पार्टी आलाकमान ने झारखंड के 24 जिलों के लिए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की थी। असंतोष का स्वर इस कदर बढ़ा कि रांची से लेकर दिल्ली आलाकमान तक लोग दौड़ लगाने लगे। इसका कारण यह था कि इस सूची में न कोई अल्पसंख्यक था और न ही दलित। इस सूची में कोई महिला को भी जगह नहीं दी गयी थी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा जारी इस सूची में इसाई और सिख समुदाय को भी जगह नहीं मिली थी। इसे लेकर झारखंड से लेकर दिल्ली दरबार तक गुस्सा भड़क गया। कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता अब कहने लगे कि आलाकमान के इस फैसले से झारखंड में कांग्रेस का बंटाधार होना तय है। उन्हें ऐसा लगता है कि संगठन में अल्पसंख्यकों की उपेक्षा का असर पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर पड़ना निश्चित है। जिलाध्यक्षों की यह नियुक्ति हालांकि इसी साल जुलाई में आयोजित साक्षात्कार के आधार पर किये जाने का दावा किया जा रहा था, लेकिन अल्पसंख्यक नेताओं का कहना था कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी झारखंड कांग्रेस का 'भगवाकरण' कर रहे हैं। वह पूर्व प्रभारी आरपीएन सिंह की राह पर चल पड़े हैं। वैसे भी प्रभारी अविनाश पांडे की नियुक्ति के बाद से ही उनकी कार्यशैली को लेकर झारखंड कांग्रेस में अकसर असंतोष के स्वर उठते रहे हैं। कुछ दिन पहले दिल्ली में झारखंड कांग्रेस के मंत्रियों, विधायकों और नेताओं की बैठक में प्रदेश प्रभारी की कार्यशैली पर अंगुली उठायी गयी थी। इतना ही नहीं, इस साल जनवरी में उनकी नियुक्ति के बाद से ही उनके ट्रैक रिकॉर्ड को लेकर सोशल मीडिया में जिस तरह की टीका-टिप्पणी होने लगी थी, उससे झारखंड कांग्रेस का अंदरूनी संकट दिखने लगा था। झारखंड में कांग्रेस के भीतर पैदा हुए इस असंतोष का असर यह रहा कि दो दिन बाद चार जिलों रामगढ़, साहिबगंज, गढ़वा और कोडरमा के अध्यक्ष बदल दिये गये। इसके सहारे पार्टी में पैदा हुए घाव को मरहम पट्टी कर ठीक करने की कोशिश की गयी, लेकिन क्या यह इतना आसान है। अब जिन जिलों के अध्यक्ष बदले गये उनका क्या रुख होगा और उसके संभावित परिणाम क्या हो सकते हैं बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड की सत्ता में लगभग बराबर की साझीदार कांग्रेस ने राज्य के सभी जिला के लिए अध्यक्षों की सूची अभी दो दिन पहले ही जारी की थी। उस सूची में किसी जिला में महिला, दलित और अल्पसंख्यक को अध्यक्ष नहीं बनाया गया था। सूची में ब्राह्मण जाति से सात अध्यक्ष बनाये गये थे। इसको लेकर झारखंड कांग्रेस के अंदर घमसान मच गया। झारखंड कांग्रेस के आला नेताओं ने इसको लेकर आपत्ति जतायी, साथ ही इसका असर पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर पड़ने को लेकर चिंता व्यक्त की जाने लगी। कांग्रेस नेताओं का मानना था कि जिलाध्यक्षों का चयन संतुलित नहीं है। इसमें कई वर्गों को छोड़ दिया गया है। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद यह साफ हो गया था कि पार्टी में विधायक दल के नेता के अलावा किसी पद पर कोई अल्पसंख्यक, दलित, इसाई या महिला नहीं थी। सबसे पहले कांग्रेस के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर जिलाध्यक्षों की सूची को लेकर आपत्ति जतायी। वे दिल्ली दरबार तक जा पहुंचे और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तक से शिकायत कर डाली। उन्होंने वहां यह तर्क दिया कि राज्य में गठबंधन की सरकार बनाने के लिए मुसलिम समुदाय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, लेकिन पार्टी की ओर से उस समुदाय को निराश किया जा रहा है। उसकी घोर उपेक्षा की जा रही है। वहीं झारखंड में पार्टी के कुछ नेताओं को भी इस सूची पर घोर आपत्ति थी। इसे लेकर प्रदेश कार्यालय में एक बैठक भी की गयी थी। कहते हैं भारी विरोध के कारण ही जिला अध्यक्षों की सूची में बदलाव किया गया। लेकिन एक सवाल तो यह रह ही जाता है कि जब सूची तैयार की जा रही थी, उस समय प्रदेश के नेता कहां थे। क्या यह सूची बगैर उनकी जानकारी के जारी की गयी। कार्यकर्ताओं का मानना है कि ऐसा नहीं हो सकता। सूची में बदलाव के बाद भी असंतोष के स्वर दबे नही हैं। जिन जिलों में अध्यक्ष बदल दिये गये, वहां अब नया बखेड़ा खड़ा होगा।



### साक्षात्कार के आधार पर हुआ चयन

दावा किया जा रहा था कि कांग्रेस जिलाध्यक्षों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया गया। इसके लिए पार्टी ने सात-आठ प्रश्नों का फॉरमेट बनाया था। इसके लिए नेताओं की पार्टी में भूमिका, पूर्व का अनुभव और कामकाज देखा गया है। इस साल जुलाई में रांची में आयोजित साक्षात्कार में प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और जिला के संयोजक बैठे थे। दावा किया जा रहा था कि साक्षात्कार में मिले अधिक मार्क्स के आधार पर ही नियुक्ति की गयी थी। इस दावे को मुसलिम और दलित समुदाय के लोग एक सिरे से खारिज कर चुके थे। उनका तर्क था कि जब वोट लेने की बात आती है, तो उनका दरवाजा खटखटाया जाता है और जब पार्टी की ओर से कुछ देने की बारी आती है, तो लाभ मलाईदार वर्ग के लोग लेकर चले जाते हैं।

### लगा था धांधली और भ्रष्टाचार का आरोप

हालांकि साक्षात्कार प्रक्रिया में भी धांधली और भ्रष्टाचार का आरोप लगा था। नेताओं-कार्यकर्ताओं ने चयन प्रक्रिया के तौर-तरीके पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि यदि आलाकमान किसी को भी जिलाध्यक्ष मनोनीत कर देता है, तो वह पार्टी कार्यकर्ता को स्वीकार्य होता है, लेकिन जिस तरह से अभी सिर्फ पैसे वाले या सामर्थ्यवान लोगों को ही साक्षात्कार में बुलाया गया है और अन्य को आमंत्रित नहीं किया गया, उससे संगठन के आम कार्यकर्ताओं में खासा आक्रोश है। रांची में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर साक्षात्कार के दिन प्रदर्शन कर रहे नेताओं-कार्यकर्ताओं ने बताया था कि इंटरव्यू में जिलाध्यक्ष पद के लिए वैसे नेताओं को आमंत्रित कर लिया गया था, जो कल तक कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य नहीं थे, लेकिन जो लोग 1975-76 से कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य के रूप में संगठन को सींचने के कार्य में लगे थे, उन्हें इंटरव्यू से छांट दिया गया है। उस समय साक्षात्कार में चतरा से आये संजय कुमार जायसवाल और आभा ओझा का कहना था कि पहले उन सभी से जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन लिया गया, लेकिन अचानक बिना कोई ठोस कारण बताये उनका नाम छांट दिया गया, जबकि इंटरव्यू में वैसे व्यक्ति का नाम भी शामिल कर लिया गया है, जो कल तक पार्टी का प्राथमिक सदस्य भी नहीं था।

### प्रदेश प्रभारी के तौर-तरीकों पर सवाल

झारखंड कांग्रेस के रूप में इस साल जनवरी में अविनाश पांडे की नियुक्ति के बाद से ही उनके तौर-तरीकों पर सवाल उठने लगे थे। कई कांग्रेसियों ने कहा था कि प्रभारी अपनी छवि चमकाने में लगे हुए हैं। जब मन करता है, हम लोगों को दिल्ली बुला लेते हैं या खुद रांची आ जाते हैं। बैठक करते हैं, 'मिलते-जुलते' हैं और वापस चले जाते हैं। उनको लगता है कि वह स्कूल के हेडमास्टर हैं और हम उनके विद्यार्थी। यह रवैया ज्यादा दिन तक चलनेवाला नहीं है। पार्टी के मंत्री, विधायक और नेता प्रभारी से बेहद नाराज हैं, क्योंकि उनका तौर-तरीका पार्टी की स्थापित परंपरा के खिलाफ है। यहां तक कि एक मंत्री ने कहा था कि प्रभारी ने हम लोगों को बैल समझ रखा है। मंत्री की जिम्मेवारी संभालो, अपने क्षेत्र पर ध्यान दो और उसके बाद चार जिलों में संगठन का काम करो। इससे अच्छा तो यह होता कि मंत्रियों से इस्तीफा ले लिया जाता, ताकि वे संगठन का काम कर सकें। अब जिलाध्यक्षों के चयन को लेकर वह अपनी ही पार्टी में निशाने पर हैं। उनकी कार्यशैली ने उन्हें हीरो की जगह विलेन बना दिया है। कांग्रेस के लोग ही कह रहे हैं कि अविनाश पांडे के कारण झारखंड में कांग्रेस का 'भगवाकरण' हो गया है। उन पर यह आरोप भी लग रहा है कि वह पूर्व प्रभारी आरपीएन सिंह की राह पर चल पड़े हैं। कुछ लोग तो उन पर भी भाजपा से सांठगांठ का आरोप लगा रहे हैं।

### क्या है झारखंड कांग्रेस की स्थिति

झारखंड के दो दशक के राजनीतिक इतिहास में पार्टी पहली बार 2019 में 16 विधानसभा सीटें जीतने में कामयाब हुई। झामुमो के साथ मिल कर वह सरकार चला रही है। हालांकि सरकार में शामिल होने के बावजूद पार्टी के विधायक और समर्पित कार्यकर्ता संतुष्ट नजर नहीं आ रहे।

उनका असंतोष अकसर सामने आता रहा है और कई बार तो असंतोष की आंच दिल्ली दरबार तक भी पहुंची है। अविनाश पांडे के सामने इस संवादहीनता को पाटने की चुनौती थी, लेकिन वह इसे पाटने की बजाय खुद संवाद करने लगे, जिसका विरोध हो रहा है। नये जिलाध्यक्षों की नियुक्ति और विरोध के बाद उसमें हुए बदलाव के कारण बना असंतोष का माहौल पार्टी के लिए एक बड़ी चुनौती है, जिससे पार पाना बेहद जरूरी है, क्योंकि अब समय बहुत अधिक नहीं बाकी है। ऐसे में झारखंड कांग्रेस संगठन को विवादों से बचा कर पटरी पर लाने की जरूरत है, क्योंकि जो राजनीतिक परिस्थितियां आकार ले रही हैं, उसमें कांग्रेस के लिए बहुत निरापद भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती है। यह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के लिए भी परीक्षा की घड़ी है। सबसे ज्यादा सवाल उन्हीं से किये जा रहे हैं कि आखिर जब सूची बन रही थी तो वह कहां थे। क्या जरूरी है कि विरोध प्रदर्शित करने के बाद ही लोगों को वाजिब हक मिलेगा। जाहिर है, सूची में बदलाव के बाद भी कांग्रेस में पैदा हुआ असंतोष का स्वर दबनेवाला नहीं है। यहां एक अनार और सौ बीमारवाली कहावत चरितार्थ हो रही है। अब देखना यह है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष इससे कैसे पार पाते हैं।

---

# आपस में चंदा कर तमिलनाडु गये दिव्यांग खिलाड़ी, पदक जीत कर लौटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में खेल को गंभीरता से लेने और उसके लिए खेल नीति तैयार करने वाली सरकार के अधिकारियों का एक स्याह पक्ष भी है। अधिकारियों पर खिलाड़ियों के साथ भेदभाव करने का आरोप है। यह आरोप झारखंड के दिव्यांग (पैरा सीटिंग थ्रो बॉल) टीम ने लगाया है। उसका कहना है कि सरकार हम लोगों के साथ वैसा वर्ताव नहीं कर रही, जैसा आम खिलाड़ियों के साथ किया जाता है। पदक जीतने के बाद भी हमारे मामले में सरकार नजर नहीं आती है।

### सिल्वर मेडल जीत कर झारखंड का सम्मान बढ़ाया

आमतौर पर खिलाड़ी जब पदक जीत कर आते हैं, तो सारा महकमा तारीफों के पुल बांधने में लग जाता है। विभाग फोटो खींचा कर इसे अपनी उपलब्धियों में शामिल कर लेता है। लेकिन ऐसा सम्मान पैरा एथलीटों को नहीं मिलता है। मालूम हो कि दिव्यांग (पैरा सीटिंग थ्रो बॉल) टीम के खिलाड़ी आपस में चंदा कर प्रतियोगिता में शामिल होने तमिलनाडु गये। वहां प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीत कर झारखंड का सम्मान भी बढ़ाया, फिर भी खिलाड़ियों के लौटने पर न उनका स्वागत हुआ और न ही उनके घर लौटने की व्यवस्था की गयी। रांची लौट कर अपने गंतव्य तक जाने के लिए सभी खिलाड़ियों को दोबारा चंदा करना पड़ा।

**अधिकारियों पर खिलाड़ियों के साथ भेदभाव करने का आरोप, घर लौटने के भी नहीं बचे पैसे**

### खिलाड़ी 10-20 रुपये मिला कर ऑटो से राजभवन पहुंचे

तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित नेशनल पैरा सीटिंग थ्रो बॉल एवं पारा सीटिंग बॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड के पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अफसोस की बात यह है कि झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी 12 खिलाड़ी आपस में ही चंदा कर तमिलनाडु गये। वहां पैरा सीटिंग थ्रो बॉल स्पर्द्धा में रनर अप का खिताब अपने नाम किया और झारखंड का मान बढ़ाया। उनके स्वागत में कोई नहीं पहुंचा। रांची आने तक सभी खिलाड़ियों के पास पैसे भी खत्म हो चुके थे, सभी खिलाड़ी 10-20 रुपये मिला कर ऑटो से राजभवन पहुंचे और वहां धरना में शामिल हो गये।

# ढुल्लू महतो को सरेंडर से छूट मामले में सुनवाई नौ को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस हिरासत से एक वारंटी को छुड़ाने के मामले में सजायाफ्ता भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की क्रिमिनल रिवीजन याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में सरेंडर से छूट को लेकर ढुल्लू महतो की एग्जम्सन पिटिशन पर राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को दो दिन का समय जवाब दाखिल करने के लिए दिया। मामले की सुनवाई 9 दिसंबर को होगी। प्रार्थी ढुल्लू महतो का कहना था कि जब तक उनकी क्रिमिनल रिवीजन झारखंड हाइकोर्ट में पेंडिंग है, तब तक उन्हें निचली अदालत में सरेंडर न करना पड़े। बता दें कि विधायक ढुल्लू महतो को सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ने के मामले में दोषी करार देते हुए अक्टूबर 2019 को धनबाद की अनुमंडल दंडाधिकारी शिखा अग्रवाल की अदालत ने 18 महीने की सजा सुनायी थी।

**राज्य सरकार को जवाब देने के लिए दो दिन का मिला समय**

### क्या है मामला

ढुल्लू महतो पर पुलिस अभिरक्षा से वारंटी राजेश गुप्ता को छुड़ाने का आरोप था। विधायक और विधायक समर्थकों द्वारा वारंटी को छुड़ाने के क्रम में बरोरा के तत्कालीन थाना प्रभारी आरएन चौधरी की वर्दी भी फाड़ दी गयी थी। इस मामले में विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ बरोरा के तत्कालीन थाना प्रभारी आरएन चौधरी ने कतरास थाना में कांड संख्या- 120/13 दर्ज करायी थी।

# मनी लांड्रिंग मामला: मधु कोड़ा और विनोद सिन्हा इडी कोर्ट में हुए पेश

**रांची।** मनी लांड्रिंग केस में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी विनोद सिन्हा, व्यवसायी मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े समेत अन्य आरोपियों की इडी की विशेष कोर्ट में पेशी हुई। मंगलवार को इडी की ओर से कोर्ट में गवाह प्रस्तुत किया जाना था, लेकिन किसी कारण से इडी का गवाह उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने इस केस की अगली सुनवाई के लिए 7 जनवरी की तारीख मुकर्रर की है।

बता दें कि जब मधु कोड़ा मुख्यमंत्री थे, तब उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप लगा था। इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआइ और इडी ने की है। मनी लांड्रिंग से जुड़े अन्य मामलों में पूर्व मंत्री एनोस एक्का और हरिनारायण राय को अदालत सजा सुना चुकी है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार देगी स्वेटर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वित्तीय वर्ष 2022-23 राज्य योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को अब सरकार गर्म कपड़ा भी देगी। जानकारी के मुताबिक आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को मैरून कलर का स्वेटर दिया जायेगा, जिसके लिए रांची डीसी के आदेश पर टेंडर निकाला गया है। रांची डीसी के आदेश में कहा गया है कि इच्छुक प्रतिष्ठान 12 दिसंबर को दिन के 12:00 बजे तक जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कार्यालय में टेंडर सामग्रियों के हर नमूने के साथ जमा करेंगे।

### मंत्री जोबा मांझी ने स्वेटर देने की बात कही थी

बता दें कि बीते 6 नवंबर को चाइबासा में सेविका सहायिका की ओर से आयोजित आभार यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री जोबा मांझी ने बच्चों को स्वेटर देने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि हमारी सरकार ने आप लोगों के कार्य को देखते हुए मानदेय बढ़ाने का बड़ा कदम उठाया है। आपकी भी जिम्मेदारी है कि आप अपने क्षेत्र में कुपोषण, अंधविश्वास, अशिक्षा को दूर भगाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में काम करें। वहीं आपके विभाग में छोटे बच्चों को इस वर्ष सरकार गर्म कपड़ा वितरण करेगी। साथ ही कुपोषण मिटाने के लिए प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए अंडा भी दिया जायेगा।

**डीसी ने निकाला टेंडर, बच्चों को अंडा भी दिया जायेगा**

## परेशानी : बरवाडीह प्रखंड की चुंगरु पंचायत के जामुनताड़ ग्राम का हाल

# आजादी के 76 वर्ष बाद भी चुवाड़ी खोदकर पानी पीने को विवश

रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** देश आजादी का 76 वर्ष बाद भी बरवाडीह प्रखंड के चुंगरु पंचायत का जामुनताड़ ग्राम के ग्रामीण मूलभूत सुविधा विहीन जीवन जीने पर विवश हैं।

एक ओर देश आजादी का 75वां अमृत वर्ष मना रहा हैं। वहीं बरवाडीह प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत चुंगरु के जामुनटांड़ के ग्रामीण साफ पानी पीने के लिए अभी भी चुवाड़ी और गड्ढों में जमा पानी पीने को विवश हैं। दूसरी और केंद्र और राज्य



सरकार करोड़ों खर्चकर स्वच्छ भारत अभियान चला रही है। जिसकी जमीनी स्तर पर स्थिति ढाक के तीन पात कहावत को चरितार्थ करती है। बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत चुंगरु पंचायत के जामुनताड़ के ग्रामीण फुलमतिया देवी, दुलारी देवी, सालों देवी, हीरामणि देवी, अनिता देवू, बविता देवी ने बताया कि देश कहां से कहां पहुंच गया। लेकिन हम अभी भी अभाव में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अभी भी हमें साफ पानी नसीब नही हैं।

अन्य सुविधाओं की बात करना ही बेईमानी है। आज भी हम सभी चुवाड़ी खोदकर पानी पीने को मजबूर हैं। गंदा पानी पीने से कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बनी रहती हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है।

गंदा पानी पीने से हैजा, डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। एक तो क्षेत्र में जलमीनार की स्थापना को लेकर प्रखंड प्रशासन अपनी पीठ थापथते रहता है। लेकिन जमीनी स्तर पर हमारे ग्राम में पेयजल को लेकर स्थिति नगण्य है। पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह से पीने के पानी को लेकर शिकायत की गयी है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि आने वाले समय में पेयजल संबंधी समस्या का निराकरण जल्द से जल्द किया जायेगा।

## गुरुचरण सिंह बिल्ला गोलीकांड

# गुरुमुख सिंह मुखे को हाइकोर्ट से राहत, अंतरिम आदेश बरकरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुमुख सिंह मुखे की क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने अंतरिम आदेश को 21 दिसंबर तक विस्तार दे दिया है। अंतरिम आदेश के मुताबिक इस केस में फिलहाल मुखे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

गुरुमुख सिंह मुखे की ओर से वरीय अधिवक्ता आरएस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने अदालत में पक्ष रखा। यह मामला झारखंड सिख प्रतिनिधि बोर्ड के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह उर्फ बिल्ला की हत्या की साजिश रचने का है। इसमें मुखे को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। जब इस घटना को अंजाम दिया गया था, उस समय गुरुमुख सिंह मुखे सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के चैयरमैन के पद पर थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.9 °c | 12.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.16 बजे |



# विवाद के 48 घंटे में ही कांग्रेस ने चार जिलाध्यक्षों को बदला

## दो मुस्लिम और दो अनुसूचित जाति के सदस्यों को जिलाध्यक्ष बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार शाम को झारखंड कांग्रेस ने काफी मशक्कत करने के बाद जिलाध्यक्षों की सूची जारी की थी, लेकिन महज 48 घंटे में ही पार्टी आलाकमान को चार जिलाध्यक्षों को बाहर का रास्ता दिखाना पड़ा। पार्टी आलाकमान ने कोडरमा, गढ़वा, साहिबगंज और रामगढ़ के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की छुट्टी करने का निर्णय लिया है। इनमें तीन जिले रामगढ़, साहिबगंज और गढ़वा में एक ही जाति ब्राह्मण से जिलाध्यक्ष बनाया गया था। जबकि अल्पसंख्यक, महिला और दलित समुदाय से किसी को जगह नहीं दी गयी थी। इसके बाद से ही पार्टी में विधायकों, पूर्व सांसदों और वरिष्ठ नेताओं ने विरोध शुरू कर

**रामगढ़ से मुन्ना पासवान को फिर से जिलाध्यक्ष बनाया गया, वहीं गढ़वा से ओबेदुल्हा हक अंसारी, साहिबगंज से बरकतउल्ला खान, कोडरमा से भागीरथ पासवान को बनाया जिलाध्यक्ष**


दिया था। मामला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव तक पहुंच गया था। इसके बाद मंगलवार शाम को फिर संशोधित नयी लिस्ट जारी की गयी। इसमें दो मुस्लिम और दो अनुसूचित जाति के सदस्यों को जगह दी गयी। वहीं बदले गये जिलाध्यक्ष शांतनु मिश्रा, श्रीकांत तिवारी, अनिल कुमार ओझा और नारायण बरनवाल को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पदाधिकारी के रूप में कार्य करने का आदेश दिया गया है।

### प्रदेश प्रभारी के एकतरफा निर्णय से कांग्रेस को उठानी पड़ी फजीहत



जिलाध्यक्षों की सूची में 48 घंटे के भीतर फेरबदल करने के पीछे मुख्य वजह प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे का एकतरफा निर्णय जिम्मेदार माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने राष्ट्रीय महामंत्री केसी वेणुगोपाल से मिलकर जल्द जिला अध्यक्षों की सूची जारी करने का आग्रह किया था। इसके बाद राष्ट्रीय महासचिव ने प्रदेश प्रभारी को जल्द सूची तैयार करने का निर्देश दिया। प्रदेश प्रभारी ने बिना प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता को दिखाये सूची तैयार कर आलाकमान को भेज दिया। जो सूची जारी हुई उसमें जिस जाति से प्रदेश प्रभारी आते हैं उस जाति के जिलाध्यक्षों की संख्या सबसे ज्यादा थी। इसी का विरोध शुरू हो गया था। जिन चार नामों की घोषणा की गयी इसमें रामगढ़ से मुन्ना पासवान को फिर से जिलाध्यक्ष बनाया गया। वहीं गढ़वा से ओबेदुल्हा हक अंसारी, साहिबगंज से बरकतउल्ला खान, कोडरमा से भागीरथ पासवान को बनाया गया है।

# 'सीएम अगर डीएसपी प्रमोद मिश्रा को कुछ दिन भी जेल भेज देते, तो आदिवासी समाज को गर्व होता'



बाबूलाल मरांडी
भाजपा विधायक दल नेता

*आज समाचार पत्रों में जिस प्रकार खबरें आयीं कि साहिबगंज के डीएसपी ने मंत्री अलमगीर आलम और मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के ऊपर 22 जून 2020 को हुए एक केस में अत्यंत सक्रियता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर सुपर विजन कर दोनों को क्लीन चिट भी दे दी। इस हड़बड़ी में जांच और जांच की मंशा भी प्रथम दृष्टया संदेहास्पद है। जिस राज्य में हजारों केस डीएसपी के सुपरवीजन की प्रतीक्षा में थानों में महीनों/सालों से पड़े हों, वहां साहिबगंज में एक डीएसपी ने पंकज मिश्रा को केस से बचाने के लिए 24 घंटे के भीतर सुपरवीजन कर लेता है। जहां की न्यायपालिका इतनी सजग और स्वतंत्र हो, ये सब कैसे हो सकता है? कैसे कोई पुलिस अधिकारी अपनी वर्दी की मर्यादा को ताक पर रख कर न्यायिक व्यवस्था से खिलवाड़ कर सकता है?*

*ज्ञात हो कि ये वही प्रमोद मिश्रा हैं, जिन्होंने दिवंगत आदिवासी दारोगा रूपा तिर्की के बारे में स्तरहीन अपशब्द कहे थे। ऐसे बदजुबान डीएसपी प्रमोद मिश्रा को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कुछ दिन के लिए भी जेल भेज देते, तो आदिवासी समाज को गर्व होता। दुर्भाग्यवश हेमंत सोरेन जी ऐसा करने की सोच भी नहीं सकते। शायद मुख्यमंत्री को डर है कि साहिबगंज में अवैध खनन के खेल में डीएसपी खुद जुबान खोल कर उनकी ही कुंडली न खोल दे।*

*बरहेट का दारोगा हरीश पाठक हो, साहिबगंज का डीएसपी प्रमोद मिश्रा, राजेंद्र दुबे से लेकर दुमका के डीएसपी नूर मुस्तफा जैसों को मुख्यमंत्री जी ने ही पद पर बैठाया है। उनका पूरा कार्यकाल ही आदिवासियों का अहित और दमन करने वाला है। बिजली की गति से भी तेज काम करने वाली इसी साहिबगंज पुलिस ने तो चौबीस घंटे में ही मुख्यमंत्री जी के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को क्लीनचिट दे दिया था, परंतु सरेआम महिला को थाने में बेईज्जत करने वाले दारोगा हरीश पाठक पर हुए उस मुकदमे में डेढ़ साल बाद भी चार्जशीट हुआ या नहीं? गृह मंत्री होने के नाते इन सारे सवालों का जवाब मुख्यमंत्री को जनता के सामने बताना चाहिए।*

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी-व्यापार की स्थिति में कुछ उलझनों का सामना होगा, आवश्यक कार्य में सफलता।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी

**कर्क** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने का संयोग बन सकता है, गृह-भूमि का सुख मिलेगा।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलीं झाप्रसे संघ की अध्यक्ष



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम एवं महासचिव राहुल कुमार ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।



आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।



मंगलवार को जयनंदू ने नयी दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की।

## मुख्यमंत्री ने कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा की

# पात्र किसानों को ऋण माफी योजना का लाभ दें : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना (जेकेआरएमवाइ) की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जेकेआरएमवाइ के तहत राज्य में 9 लाख 7 हजार 753 पात्र किसानों का ऋण माफी किया जाना था परंतु विभिन्न बैंकों द्वारा 9 लाख 7 हजार 753 पात्र किसानों के विरुद्ध मात्र 6 लाख 6 हजार किसानों का डाटा ही अपलोड किया जा सका है। इस पर मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैंकों के साथ जल्द बैठक आयोजित कर कृषि ऋण माफी योजना के वंचित पात्र किसानों की ऋण माफी कार्य को गति दी जाये। किसानों के ऋण माफी से संबंधित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करें।

### पंचायतवार डाटा बनाने का निर्देश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अधिकारी अभियान चलाकर पात्र किसानों का पंचायतवार डाटाबेस तैयार करायें, ताकि झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के अंतर्गत उन्हें ऋण माफी का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वैसे पात्र किसान जिनका ऋण माफी किया जा चुका है उनका डाटा पब्लिक प्लेटफॉर्म पर भी सार्वजनिक करें। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

# होमगार्ड स्थापना दिवस पर जवानों ने लगाया काला बिल्ला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य के होमगार्ड जवान अपनी दो सूत्री मांग और सरकार द्वारा किया गया वादा पूरा नहीं करने पर होमगार्ड स्थपाना दिवस के मौके पर काला बिल्ला लगाकर काम किया।

होमगार्ड एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरमू स्थित सोहराय भवन में संविदा संवाद के दौरान झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर वे होमगार्ड जवानों को समान कार्य का समान वेतन का लाभ देंगे। इसके साथ यह भी कहा था कि सभी जवानों की ड्यूटी नियमित कर देंगे। लेकिन, जब मुख्यमंत्री ने अपना वादा पूरा नहीं किया तो 2 वर्ष पूर्व झारखंड होमगार्ड



एसोसिएशन के बैनर तले जवानों ने विधानसभा के सामने 35 दिनों तक धरना दिया था। इस दौरान झारखंड सरकार के प्रतिनिधि और एसोसिएशन के प्रतिनिधि के बीच वार्ता हुई थी। जिसमें दो माह के अंदर मांग पूरी करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन, मांग अबतक पूरी नहीं हुई। जबकि, इस मामले में सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाइकोर्ट ने होमगार्ड के जवानों को समान कार्य का समान वेतन का लाभ देने का दिया है।

# इडी को संदेह, साहिबगंज के डीएसपी अवैध खनन की जांच को कर रहे विफल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को संदेह है कि साहिबगंज के डीएसपी सीएम के सहयोगी के खिलाफ अवैध खनन की जांच को विफल कर रहे हैं। इडी को शक है कि साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे विजय हांसदा मामले में भी पंकज मिश्रा के खिलाफ जांच को विफल करने में शामिल होंगे। राजेंद्र दुबे ने इस मामले की जांच करने की बजाय हांसदा के सहयोगी परशुराम कुमार यादव को पूछताछ के लिए नोटिस जारी कर दिया।

परशुराम कुमार यादव वह व्यक्ति है, जिन्होंने हांसदा से जेल में मुलाकात की और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कीं, जिससे हांसदा को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। हांसदा ने कहा कि उन्होंने पंकज मिश्रा के खिलाफ अपनी शिकायत कभी वापस नहीं ली और साहिबगंज पुलिस जो दावा कर रही है वह पूरी तरह से झूठ है।



### अपने इलाके में अवैध खनन करने की शिकायत दर्ज करायी है

विजय हांसदा ने पंकज मिश्रा के खिलाफ अपने इलाके में अवैध खनन करने की शिकायत दर्ज करायी है। बयान के अनुसार, पंकज मिश्रा ने उनके साथ मारपीट की और एक आदिवासी के रूप में उनकी पहचान का दुरुपयोग किया। परशुराम यादव का उस केस से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन अब पुलिस उससे पूछताछ करना चाहती है और ये बेहद अजीब और पेंचीदा है। इडी ने डीएसपी राजेंद्र दुबे को 8 दिसंबर को पूछताछ के लिए समन भेजा है। विजय हांसदा पंकज मिश्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इडी के गवाह हैं और उनके नये बयानों और उनकी शिकायत को फिर से खोलने से चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच पर असर पड़ेगा। जाहिर है, जिला पुलिस ने परशुराम यादव को यह जानने के लिए तलब किया है कि मामला बंद होने पर इस मामले को फिर से खोलने के लिए विजय हांसदा को किसने प्रभावित किया। साहिबगंज के मूल निवासी विजय हांसदा वर्तमान में साहिबगंज जेल में बंद हैं।

## मौसम : ठंड अचानक बढ़ने से सर्दी, खांसी और जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी

# सर्द हवा के कारण आज से गिरेगा पारा, बढ़ेगी ठंड



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में 7 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट दर्ज की जायेगी। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे में रांची में सुबह में कोहरा के बाद आसमान साफ रहा। राज्य में अब ठंड ने पूरी तरह से एंट्री मार ली है। रात में तापमान काफी नीचे गिर जाता है जिससे काफी ठंड लगती है। अभी ठंड और बढ़ेगी। तापमान में चार डिग्री तक गिरावट होगी। सुबह कोहरा और धुंध छाये रहने की संभावना है। हालांकि जैसे-जैसे दिन चढ़ता जायेगा वैसे तापमान भी बढ़ेगा लेकिन हवा में ठंडक दोपहर में भी रहेगी। हिमालय और उत्तर दिशा से आ रही सर्द हवाओं के कारण ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल आसमान साफ रहेगा और और मौसम शुष्क बना रहेगा। हालांकि पूरे राज्य में तापमान में लगातार बदलाव जारी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा, अगले दो से तीन दिनों के बाद ठंड से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है लेकिन राज्य में आने वाले दिन काफी सर्द होंगे।

### सेहत का रखें ख्याल

मौसम बदल रहा है तो सर्दी, जुकाम और खांसी के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। इस बदलते मौसम में आपको सेहत का ध्यान रखना जरूरी है। अपने साथ हमेशा गर्म कपड़ों को कैरी किया करें। ठंडे पेय पदार्थों के सेवन से बचें। बढ़ती ठंड की वजह से राज्य में मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। डॉक्टरों के अनुसार मौसम में उतार-चढ़ाव से तबीयत बिगड़ने की आशंका अधिक होती है। इसलिए बदलते मौसम में सबको सावधान रहने की जरूरत है। मौसम में बदलाव का सेहत पर भी काफी असर पड़ता है। ऐसे मौसम में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है।

## डीएसपी राजेंद्र दुबे का कारनामा

# परशुराम यादव को 24 घंटे के अंदर पुलिस के सामने आने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे का एक नया कारनामा सामने आया है। उन्होंने परशुराम यादव को 24 घंटा के अंदर पुलिस के सामने हाजिर होने का नोटिस थमा दिया। नोटिस मिलने के बाद भी परशुराम यादव पुलिस के सामने नहीं गया। पूरा मामला यह है डीएसपी राजेंद्र दुबे को इडी द्वारा 8 दिसंबर को बुलाने की सूचना सार्वजनिक होने के बाद डीएसपी ने परशुराम यादव को बुला लिया है। परशुराम पर यह आरोप है कि वह जेल में बंद विजय हांसदा के लिए वकील उपलब्ध कराया। यही उसका कसूर है डीएसपी ने 5 दिसंबर को परशुराम को नोटिस दिया और 6 दिसंबर को बुलाया था।

### एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल

रांची। शेल कंपनी और खनन पट्टा से जुड़ा मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में आ चुका है। इस मामले में झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करने वाले शिव शंकर शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ रिव्यू पिटीशन दाखिल किया है। रिव्यू पिटीशन के माध्यम से शीर्ष अदालत से यह गुहार लगायी गयी है कि इस केस को दोबारा सुना जाये। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अब तक रिव्यू पिटीशन को स्वीकार नहीं किया है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 07 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## छात्रों की सुरक्षा के लिए अपने पैसे से करवाया स्कूल का घेराव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सकारात्मक सोच हो तो बेहतर काम कर अच्छे परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। जिले के सतगावां मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार भी अपने कुछ अलग कार्य की वजह से चर्चा में हैं। दरअसल मुकेश कुमार ने विद्यालय में अपने पैसे से जालीदार घेरे का निर्माण कराया है। प्रधानाध्यापक की सोच विद्यालय को निजी स्कूल की तर्ज पर विकसित करना है। इसे लेकर वे शुरू से ही सक्रिय रहे। वर्ष 2019 में विद्यालय में मुकेश प्रधानाध्यापक बने और उनके सहयोगी शिक्षकों ने घर-घर जाकर बच्चे को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। इससे विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ती गयी। आज यहां कुल 540 बच्चे हैं और विद्यालय में 8 शिक्षक हैं। दसअसल मुकेश स्कूल में चहारदीवारी नहीं होने से वे छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते थे। इसे लेकर कई बार उच्च अधिकारियों को आवेदन देकर चहारदीवारी की मांग की। लेकिन विभाग की ओर से कोई पहल नहीं की गई। तब उन्होंने अपने वेतन की राशि 70 हजार रुपए खर्च कर विद्यालय के चारों ओर जालीदार घेरा और मुख्य द्वार पर गेट का निर्माण करवाया। चहारदीवारी निर्माण होने के बाद विद्यालय के बच्चे अब खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं तो वहीं प्राचार्य के इस कार्य की ग्रामीण भी सराहना कर रहे हैं।

## जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हुआ भुगतान

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के देवीपुर पंचायत के ग्राम लालूडीह (रामतुलाही) निवासी अनिल सिंह को बैंक ऑफ इंडिया नवलशाही शाखा की ओर से जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मंगलवार को 2 लाख रुपया का भुगतान किया गया।विगत 3 माह पहले अनिल सिंह की पत्नी कल्याणी देवी का निधन हो गया था। झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी एवं बैंक अधिकारियों ने त्वरित करवाई करते हुए लाभुक को लाभ दिलवाया। मौके पर शाखा प्रबन्धक प्रेरणा प्रियदर्शी ने मौजूद ग्रामीणों से अपील किया कि इस तरह की जो योजनाएं हैं उसे परिवार के सभी सदस्यों को करवाना चाहिए एवं उसका लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए।

## अशांति तो सत्संग से ही दूर होगी : अश्विनी



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत पुरनानगर के ग्राम खटोलिया निवासी रामेश्वर राणा के घर पर सोमवार की रात सत्संग का कार्यक्रम किया गया। सदगुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज जी की शिष्या महात्मा अश्विनी बाई जी एवं महात्मा निधी बाई जी का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। सत्संग में एक से बढ़कर एक प्रसंग कथा के माध्यम से सुनाकर लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। सत्संग में महात्मा अश्विनी बाई ने कहा कि सभी का आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड बना है, परन्तु कभी सुना है कि किसी का मरण कार्ड बना हो, इसलिए सबसे पहले भगवान का दर्शन करना चाहिए। सनातन धर्म कहता है कि भगवान पहले भी थे और आज भी है। इसलिए भगवान को इधर उधर ढूंढने से अच्छा है कि मनुष्य अपने हृदय में देखे भगवान सभी के ह्रदय में वास करते हैं। सत्संग में कादोडीह पंचायत की पूर्व मुखिया रेणु देवी, नावाडीह मुखिया प्रतिनिधि बसन्त साव, पसस धानेश्वर यादव, 20सूत्री सदस्य सुरेश साव, समाजसेवी पोखराज प्रसाद गुप्ता, राधेश्याम विश्वकर्मा, केदार राणा, देवचन्द्र राणा, जगरनाथ साव, विजय राणा, कपिलदेव राणा, पवन राणा, समाजसेवी हिरालाल यादव, केदार सिंह, बासुदेव यादव, केदार यादव, सत्यम राणा, रंजीत राणा, शैलेन्द्र साव समेत सैकड़ो सत्संग प्रेमी उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब आंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को जिला 20 सूत्री सदस्य सह असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ पासवान के अध्यक्षता में संविधान रचयिता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 66वीं पुण्यतिथि से मनाई गई। सर्वप्रथम श्री पासवान ने बाबा साहब अंबेडकर जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी 1991-1956 आधुनिक भारतीय राजनीतिक विचारक थे जिन्हें दलितों के मसीहा और संविधान निमार्ता के रूप में याद किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं नव मनोनीत जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष नारायण वर्णवाल ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जिन्हें हम सब डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के नाम से भी जानते हैं, संविधान का जनक हैं। कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा ने कहा कि वे भारतीय संविधान के निमार्ता और आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता राम लखन पासवान ने कहा कि बाबासाहेब ने अपने जीवन में दलित समुदाय को सम्मान अधिकार दिलाने के लिए कार्य करते रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष बेबी सिन्हा, कांग्रेस नेता सैयद नसीम, अरविंद सेठ, संजय सेठ, पूर्व महिला अध्यक्ष केसरी देवी, दीपक सिंह असंगठित कामगार कांग्रेस के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आकाश कुमार सिंह, असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रोहित कुमार गिरी, युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष मोहम्मद अशरफ अली, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला महासचिव चांद आलम, महताब आलम, पिंकू मोदी, कमला पंडित, राजू कुरैशी, अशरफ अली, अरशद अंसारी, एहतेशाम अशरफ, भोलाराम, सीताराम पासवान, लकी पासवान, राज पासवान, चंदन पासवान, विनय राम, उमाशंकर रविदास, उषा देवी इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

## पांच दिवसीय योग शिविर का हवन के साथ समापन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में पांच दिवसीय योग शिविर का हवन के साथ समापन हुआ। संकट मोचन कॉलोनी वार्ड नंबर 5 में चल रहे शिविर में योगी सुषमा सुमन ने मंत्रोच्चारण करके हवन कराया और सब को शपथ भी दिलाया कि मैं प्रत्येक दिन योग करूंगा और प्रत्येक दिन शिविर लगाऊंगा। इसके लिए एक समिति का निर्माण भी किया गया जिसमें संरक्षक आलोक कुमार सिन्हा, अध्यक्ष अमरेश कुमार, योग शिक्षक वरुण कुमार और रमेश मिश्रा चुने गए। महिला टीम में अनीता गुप्ता, रिंकू सिंह, पूनम सिंह को रखा गया। समिति के उपाध्यक्ष पप्पू कुमार बने। योगी सुषमा सुमन ने नियमित योग कक्षा लगाने के प्रेरित करते हुए पूरी टीम को बधाई दी और एक दरी, योग का पुस्तक और बैनर भी दिया। सबको बताया कि प्रत्येक रविवार या प्रत्येक पूर्णमासी को हवन जरूर करें।योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि चार पीढ़ियों को योग के प्रति जागृत किया जा रहा है। शिविर में संगीता देवी, मृदुला सिन्हा, कविता कुमारी, सुनीता तिवारी, मधु कुमारी, पुष्पा देवी, निशा भदानी, रूपमती देवी, विश्वनाथ साहु, प्रमोद सिंह ने अपना सहयोग दिया।

## डॉ विकास बने इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के अध्यक्ष पद पर डॉक्टर विकास कुमार को नियुक्त किया गया है। इस आशय की अधिसूचना विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार को जारी कर दी है। अधिसूचना के आलोक में अगले 2 वर्षों तक के लिए डॉक्टर विकास विभागाध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। मालूम हो कि डॉक्टर विकास कुमार की पहचान इतिहास के लब्ध प्रतिष्ठित शिक्षक और विद्वान के रूप में रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से दो युवक की मौत



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ गोमिया मार्ग स्थित अरजरी में ट्रक की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार दो युवक की मौत हो गई। इस सम्बंध में बताया गया की बगोदर के अड़वारा से दो युवक अड़वारा के जगेश्वर महतो एवं तिरला के सुरेश कुमार दोनों तेनुघाट बोकारो जा रहे थे कि अरजरी के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रक संख्या जे एच 02 ए एफ 3521 ने ठोकर मार दिया जिससे सुरेश कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।जबकि जगेश्वर महतो घायल हो गया। खबर पाकर पुलिस घायलों को अस्पताल ले जा रही थी लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गयी।

# अंधाधुंध किये जा रहे बालू उठाव से नदी एवं पुल का अस्तित्व खतरे में

### 5 बड़े व दर्जनभर छोटे पुल गिरने की कगार पर

**50 से 100 हाइवा समेत 500 ट्रैक्टर प्रतिदिन करते हैं बालू की ढुलाई**

पिंटू कुशवाहा दिनकर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले का बड़कागांव प्रखंड जहां का मुख्य व्यवसाय कृषि रहा है और दो बड़ी नदियां हाहारो एवं बदमाही दो अलग-अलग छोर से निकलकर बिश्रामपुर के निकट महुदी में जाकर मिलता है और दामोदर का रूप धारण कर उरीमारी, रामगढ़ होकर पश्चिम बंगाल की और कुछ कर जाती है। जो सिर्फ सिंचाई और उपजाऊ भूमि बनाने में कारगर सिद्ध नहीं हुई बल्कि बड़कागांव को समृद्ध बनाने में विशेष योगदान रहा। उक्त नदियों की सुंदर व चिकनी अच्छे किस्म की बालू पूरे प्रदेश मे विशेष महत्व रखता था। जिसकी भंडारण इतनी थी कई पीढ़ियों तक इसे उपयोग में लाया जा सकता था। लेकिन बालू के कारोबारियों की नजर पड़ते ही महज चार से 5 वर्षों में नदियों कम्मालु ही समाप्त नहीं हुआ बल्कि नदी इतने गहरे हो गए कि नदी किनारे खेत बंजर में तब्दील होने लगे साथ ही साथ जल स्तर इतना नीचे चला गया कि कुआं, तालाब व नाले का पानी बरसात में जहां एक ओर अभिशाप बनकर लोगों को तबाह करता है वहीं दूसरी ओर पानी के लिए लोग तरसते रहते हैं। वही इन नदियों पर बने 5 बड़े बड़े पुलों के साथ - साथ छोटे बड़े दर्जनों पुल - पुलिया का अस्तित्व खतरे में है तथा कई पुल ध्वस्त हो चुके हैं तथा कई गिरने के कगार पर हैं अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो करोड़ों रुपए से आवागमन के लिए बनाया गया पुल जमींदोज हो जाएगा और कई गांव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट जाएगा।

## स्वच्छता को लेकर हजारीबाग जिले में जल जीवन मिशन के तहत अभ्यर्थियों का चयन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा जल जीवन मिशन में संविदा आधारित पदों पर उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण समाहरणालय सभाकक्ष में दिया गया। जिन चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला उनमें एम आई एस कॉर्डिनेटर पद के लिए विश्वनाथ सोनी, आई ई सी कॉर्डिनेटर के पद पर मनीष कुमार, एस बी एम कम एस एल डब्लू एम कॉर्डिनेटर के पद पर राजीव रंजन चौबे, अकाउंट पद के लिए अजित कुमार, ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर पद के लिए आशीष कुमार एवं कुमारी रूमी शामिल हैं। इस मौके पर उपायुक्त हजारीबाग ने सभी चयनित अभ्यार्थियों को बधाई देते हुए अपने कार्यों को पूरी लगन एवं ईमानदारी से करने की नसीहत दी।

## सहायक शिक्षक को किया गया दूसरे विद्यालय में प्रतिनियोजन

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैया के अध्यक्ष महेश प्रसाद के द्वारा विद्यालय में पढ़ाने वाले सहायक शिक्षक बब्लू कुमार के विरुद्ध जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बरकट्ठा को पत्र लिखा। पत्र में लिखा कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैया में बब्लू कुमार सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वह विद्यालय में पढ़ाने के समय अपने मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। वह विद्यालय के बच्चों को कभी नहीं पढ़ाते हैं। इसलिए बब्लू कुमार की तबादला किसी और विद्यालय में कर देने का आग्रह किया। जिसके पश्चात प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशोर कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सहायक शिक्षक बब्लू कुमार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां में तीन माह के लिए प्रतिनियोजन कर दिया गया।

## फॉरेस्ट दस्ता की छापामारी में कोयला बरामद

**चरही (आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना के अनुसार चरही कोयलांचल क्षेत्र के रौता वन क्षेत्र से फोरेस्ट विभाग के वन कर्मी शिव मंगल राम के नेतृत्व व सहयोगीयों के द्वारा रौता वन से 45 बोरा अवैध कच्चा कोईला को जब्त किया गया है इस मामले को लेकर किसी भी व्यक्ति पर मामला दर्ज नहीं हुआ है अज्ञात मानकर कोईले को मांडू कार्यालय में जमा किया गया है। राम ने बताया कि यह अवैध कोयला का कार्य कई महिनों से चल रहा था बहुत प्रयास के बाद कोईला को जब्त किया गया है बहुत जल्द तस्कर भी पकड में आ जाएगा।

## बड़कागांव दैनिक बाजार से दिनदहाड़े हुए बाइक की चोरी

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव दैनिक बाजार स्थित दुकानदार सेराज आलम पिता मकबूल हसन ग्राम सिरमा का पैशन प्रो जेएच02 आई-4410 मोटरसाइकिल 5 दिसंबर को चोरी हो गई। इस संबंध में भुक्तभोगी दुकानदार द्वारा बड़कागांव थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि प्रत्येक दिन की भांति 5 दिसंबर को भी मैं बड़कागांव दैनिक बाजार स्थित अपना दुकान खोल कर मोटरसाइकिल बाहर खड़ा किया। शाम को जब घर जाने लगा तो देखा कि मेरा मोटरसाइकिल गायब है। आसपास काफी खोजबीन की लेकिन कहीं भी कोई अता पता नहीं चला। इसलिए उक्त संबंध में कार्रवाई की जाए।

## एबीवीपी ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग नगर इकाई के द्वारा भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस सामाजिक समरसता के रूप मे मनाया गया। यह कार्यक्रम हजारीबाग मे धूम धाम से मनाया गया। एबीवीपी के हजारीबाग जिला सह संयोजक मनदीप यादव ने कहा की बाबा साहब का जीवन के अथक योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। वही समतामूलक समाज की स्थापना की दिशा में किए गए उनके कार्य सदैव देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे। मौके पर मौके पर प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह, निजी विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमित चौबे, विभाग संयोजक दीपक देवराज, विश्वविद्यालय सह संयोजक दीपक मेहता, जिला सह संयोजक मनदीप यादव, नगर मंत्री प्रभात कुमार, नगर संगठन मंत्री राहुल साहू, प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बाबूलाल मेहता, नगर सह मंत्री यशवंत कुमार, अभिमन्यु कुमार, हिमांशु सिंह, रुद्र राज, करण मेहता, निशांत अग्रवाल, राहुल आर्या, संतोष यादव, पवन कुमार, आकाश यादव, आदर्श गुरु, कृष्ण, सौरव, विक्रम, अनुज कुमार, आकाश यादव, विशु नायक, विक्रांत वर्मा, विवान गोप, यश राज, सचिन केशरी, राकेश यादव, अंकित, साहिल कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 11वां कृषि गणना जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

## उपायुक्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** 11 वीं कृषि गणना वर्ष के लिए मंगलवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुराने सूचना भवन सभागार में किया गया। जिला स्तरीय कृषि गणना के मास्टर ट्रेनर ने सभी अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रथम चरण के डाटा संग्रहण से संबंधित प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान स्मार्टफोन, टैबलेट,लैपटॉप इत्यादि का उपयोग कर डिजिटल भू अभिलेख के आधार पर डाटा संग्रहण करना, प्रखंड स्तर पर सुपरवाइजर तथा एन्यूमरेटर को सहयोग करना सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ उपायुक्त नैंसी सहाय एवं अपर समाहर्ता राकेश रोशन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षुओ को सजगता पूर्वक प्रशिक्षण लेने का निर्देश दिया। उन्होने कृषि गणना कार्यक्रम को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कृषि योग्य भूमि की स्थिति मसलन परती भूमि, बंजर भूमि, संस्थागत कृषि योग्य भूमि की शुरूआती गणना में अगर त्रुटियां रहती है तो इसके दूरगामी परिणाम होते है तथा सरकार के पास सही आंकड़े नहीं पहुंच पायेंगे जिससे कृषि सम्बन्धी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न होगी इसलिए सभी प्रतिभागी सजगतापूर्वक सारी बारीकियों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें।

### क्या है कृषि गणना

झारखण्ड राज्य एक कृषि प्रधान राज्य है। राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका होने के कारण कृषि सांख्यिकी के डेटा का संग्रहण एवं संधारण का विशेष महत्व है साथ ही राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। कृषि एवं किसान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 1970-71 से ही लगातार 5 वर्षों के अन्तराल पर कृषि गणना का कार्य आयोजित कराया जा रहा है। कृषि गणना डाटा का उपयोग विभिन्न विकास योजना, सामाजिक, अर्थिक नीति का निर्माण एवं राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के लिए किया जाना है। समय-समय पर होने वाली कृषि गणना महत्वपूर्ण है क्योंकि भूमि के परिचालन एवं जोत की बुनियादी विशेषताओं यथा भूमि का उपयोग, फसल पैर्टन, सिंचाई, किरायदारी (पट्टेदारी), अनुसूचित जाती, अनुसूचित जनजाती, संस्थागत, एवं सामान्य जनों के विकास योजना की जानकारी का मुख्य स्त्रोत है।

## इको सेंसिटिव जोन के विरोध में धरना आज

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के 81 गांव, पदमा के 30 गांव, कटकमसांडी के 76 गांव समेत अन्य प्रखंडों के 31 गांव को इको सेंसिटिव जोन (ईएसजेड) में शामिल करने के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन आज जिला मुख्यालय स्थित धरना स्थल पर किया जायेगा। क्षेत्र के सभी वर्तमान एवं पूर्व विधायक,अध्यक्ष जिला परिषद, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, किसान मित्र, सभी राजनीतिक पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता, किसान भाइयों एवम आम जनता से धरना में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। निवेदन पूर्वक कहा गया है कि क्षेत्र में इको सेंसेटिव जोन का खतरा मंडरा रहा है। जिससे क्षेत्र में कोई भी काम जैसे क्रेशर, पत्थर खदान, ईंट भट्ठा, आटा चक्की मिल, कोई भी फैक्ट्री, होटल, पेट्रोल पंप, डीप बोरिंग समेत कई तरह के प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे आने वाले समय में बाल बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ेगा। आम जन जीवन पर प्रभाव से बचने के लिए इस ज्वलंत मुद्दा को लेकर ईको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति हजारीबाग की ओर से जिला मुख्यालय के समक्ष एक विशाल महारैली एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। लोगों से समय पर पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है। समिति के अध्यक्ष भागवत प्रसाद मेहता ने धरना प्रदर्शन के लिए सबों से 10 बजे दिन टोल प्लाजा हवाई अड्डा के पास एकत्रित होने का निवेदन किया है। वहां से एक साथ रैली की शक्ल में जिला मुख्यालय चलने की बात कही है।

## नेशनल हाइवे 33 में अवैध तरीके से कब्जा कर झोपड़ी का निर्माण

**चरही (आजाद सिपाही)।** नेशनल हाइवे 33 में पंद्रह माईल से लेकर चरही घाटी तक इनदिनों अवैध तरीके से कब्जा झोपड़ी एंव गुमटी का खुब निर्माण हो रहा है चरही के हर बिल्डिंग के आगे गुमटी देखने को मिल जाएगा इधर पब्लिक पैलेस में रांची पटना रोड में तेज गति से चलने वाली बडे बडे वाहन कभी भी लोगों को अपने चपेट में ले सकता है और कितने लोग दुर्घटना का शिकार हो चुका है। लेकिन न तो जनप्रतिनिधियों और ना जिला प्रशासन का इस पर ध्यान है और न कभी संज्ञान में लिया है। कुछ महिने पहले ग्रामीणों के आवेदन के मुताबिक अंचल अधिकारी के द्वारा नेशनल हाईवे में स्थित अवैध कब्जे वाले जगहों को खाली कराने के नोटिस के साथ सरकार का बुलडोजर भी चला था जिसमे कई मकान और झुग्गी झोपड़ी को हटाया गया था परंतु वर्तमान का हलात ऐसा है कि पहले से ज्यादा अतिक्रमण कर निमार्णाधीन जगहों पर छोटे मोटे व्यवसाय कर रहे हैं इधर जनता लोगों ने उसी जगहों पर कुछ खाने पीने एंव समाग्री खरीदने पर मजबूर है जिससे कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया समरसता दिवस



**इचाक (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इचाक इकाई के कार्यकताओं ने भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस सामाजिक समरसता के रूप मे मनाया। एबीवीपी के इचाक नगर मंत्री अमन सिन्हा ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू मे हुआ था। मैट्रिक शिक्षा 1907 उत्तीर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए न्यूयार्क मे कोलंबिया विश्वविधालय चले गये। 6 दिसंबर 1956 मे जीवन की अंतिम सांस ली। कहा, इतने कम समय मे उनके अथक योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारत भूमि धन्य है जिसने ऐसे महापुरुष को जन्म दिया। कार्यक्रम मे इचाक नगर मंत्री अमन सिन्हा, सह मंत्री शुभम यादव, अमन पाठक, एसएफडी परमुख शुभम पाठक, एसएफएस परमुख रौशन यादव, कार्यकर्ता शशि कुमार, अनिकेत कुमार, पवन कुमार, अमन कुमार, मनीष यादव,श याम कुमार, शिवम कुमार, राहुल कुमार, सोनू कुमार, सुजीत कुमार, आदित्य कुमार, रंजन कुमार आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## बड़कागांव में बाबा साहब डॉ आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड में भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता रामेश्वर राम व संचालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि जिला अपर समाहर्ता राकेश रोशन व अन्य अतिथियों द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया।मुख्य अतिथि जिला अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का विश्व भर में उच्च श्रेणी महापुरुषों में नाम लिया जाता है।क्योंकि सबसे ज्यादा डिग्री उन्ही के पास था।और सबसे बड़ा संविधान बाबा साहब ने ही लिखा।आज पूरी दुनिया उनके मार्गदर्शन को अपनायी है।उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहब ने भारत में समतामूलक समाज को स्थापित किया।जहां मानव समाज के हर वर्गों में भाईचारगी व एकता स्थापित करने का संदेश दिया।इसके अलावा सभा को बड़कागांव मध्य पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, शिक्षक अशोक कुमार राम ने संबोधित किया। समारोह है भूमि दान कर्ता स्व नरसिंह प्रसाद जी का चर्चा किया गया।उनसे समाज के हर वर्ग को प्रेरणा लेने की बात कही गई। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ,शिक्षक चेतलाल राम, रघुनाथ राम, मेवालाल नाग, विनोद रजक, अजीत कुमार रवि चंदन गुरु सुजीत कुमार, राकेश कुमार,रवि कुमार, संतोष राम, पवन कुमार, अजय कुमार, समेत अन्य मौजूद थे।

## अंशु अनमोल ने दिखायी मानवता, एक अजनबी को रक्तदान कर बचायी जान



**पदमा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा के एक व्यक्ति को रक्त की अत्यंत आवश्यकता थी, जीसके बाद मंगलवार को पदमा निवासी युवा पत्रकार अंशु अनमोल को दूरभाष के माध्यम से जानकारी दी गई। अंशु अनमोल ने बिना कोई विलंब किए हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल ब्लड बैंक पहुँचकर जरुरत मंद को स्वेच्छा से पहली बार रक्तदान कर एक जीवन बचाने का पुनीत कार्य किया हैं। उन्होंने बताया की जीवन में किसी के काम आ जाएं तो मन में ईश्वरीय ऊर्जा का संचार होता है। व्यक्ति को जीवन में दूसरों के काम आना ही चाहिए। रक्तदान करने से युवा भी प्रेरित होंगे वहीं कहा कि ब्लड डोनेट करने के कई फायदे है। जैसे ब्लड डोनेट करने से हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है, कैंसर होने का जोखिम कम होता है, लिवर से जुड़ी समस्याओं से भी राहत मिलती है।

## प्रखंड मुख्यालय सभागार में पंचायत समिति की समीक्षा बैठक

**चुरचू (आजाद सिपाही)** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में पंचायत समिति की बैठक आयोजित किया गया । जिसकी अध्यक्षता चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक द्वारा किया गया । इस बैठक में प्रखंड में चल रही विभिन्न विकास योजना की चर्चा किया गया । ।वही चुरचू पंचायत के चिरुबेडा व पिपराबेड़ा में बिजली की समस्या सुधार करने की बात की चर्चा किया गया ।चुरचू के जमडिहा में बने जल मीनार से कई गांव में जल्द से जल्द आपूर्ति करने का आदेश दिया गया ।विभीन्न पीडीएस दुकान को नियमित राशन देने का निर्देश दिया गया । जिसमें पेय जल,सड़क,बिजली, खाद्य आपूर्ति,कृषि विभाग,वन विभाग समेत कई योजना की विस्तार से चर्चा की की गई । मौके पर प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक प्रखंड विकास पदाधिकारी इंदर कुमार ,उपप्रमुख संजय कुमार सिंह, सीडीपीओ डॉ रेखा रानी, बीओ नागेश्वर सिंह,सीतल हेमब्रॉम, सांसद प्रतिनिधी संजय कुमार साव,आशा राय, त्रिदेव कुमार,निरंजन महतो,सुनील कुमार, सादाब खान,चुरचू मुखिया पूनम बेसरा, हेंदेगढ मुखिया गिरजा कुमारी,मालती देवी, भुनेश्वर तुरी,किशोर साव,संतोष टुडू,तालेश्वर मुर्मू,समेत कई लोग शामिल थे।

## माओवादियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे दो जेसीबी को किया आग के हवाले

**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के कुंदा प्रखंड में माओवादियों ने लंबे समय के बाद एक बार फिर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराया है। नक्सलियों ने गारो गांव में पिछले 15 दिनों से चल रहे सड़क निर्माण कार्य मे नक्सली घटना देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराया है। मंगलवार शाम को माओवादियों के दस्ते ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिंजनी से गारो गांव तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य मे लगे दो जेसीबी को आग के हवाले कर दिया। घटना करीब शाम 4 बजे की है। जेसीबी मशीन सड़क निर्माण कार्य मे मिट्टी से फ्लैक भरने का कार्य चल रहा है.बताया जाता है कि माओवादियों ने घटना के अंजाम देने से पूर्व गांव को अपने कब्जे में कर लिया। इसके बाद सड़क के निर्माण में लगे जेसीबी के पास जा कर चालक के मारपीट कर जेसीबी में आग लगा दिया। साथ बिना आदेश का कार्य नहीं करने की चेतावनी दिया है। सड़क निर्माण कार्य 21 नवंबर 2022 को शुरू किया गया है संवेदक उमाशंकर सिंह व चंदू यादव का बताया जा रहा है। माओवादी के इस घटना क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य के संवेदको में बेचैनी बढ़ा दिया है। इधर घटना को लेकर कुंदा थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने कहा कि गारो गांव में दो जेसीबी को आग लगाने की सूचना मिला है घटना स्थल पर जाने के बाद ही घटना के बारे में कुछ कहा जा सकता है नक्सली घटना है या फिर कुछ और घटना से सम्बंधित संवेदक द्वारा अब तक जानकारी नही दिया।

## पुलिस ने 400 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**कुंदा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को थाना क्षेत्र के कुशुम्भा गांव के उमेश गंझू के घर के समीप एक किलो 400 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक के गुप्त सूचना के आधार पर किया गया। सूचना मिलने के पश्चात बीडीओ खगेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर कुशुम्भा गांव के पहुँच कर उमेश गंझु के घर की तलासी लिया जा रहा था इसी क्रम में मोहनपुर गांव के किशोर कुमार चौधरी पिता मुकुंद चौधरी ने दो प्लास्टिक हाथ मे ले कर भाग रहा था सक के आधार पर पुलिस उसके पीछे भागने लगी,भागने के क्रम में दो प्लास्टिक में रखे करीब एक किलो 400 ग्राम अफीम को साथ पुलिस ने उसे दौड़ा कर धर दबोचा.अफीम के जब्त कर किशोर कुमार चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया जबकि उमेश गंझू के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी भी दर्ज कर ली है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी परमानंद मेहरा सशस्त्र बल के पुलिस के जवान शामिल थे।

## अख्तर हुसैन ने थामा राजद का दामन



**सिमरिया (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रांची में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, झारखंड प्रदेश के श्रम एवं कौशल्य मंत्री सत्यानंद भोक्ता, महासचिव संजय कुमार यादव के मिलन समारोह में सिमरिया राजद प्रखण्ड अध्यक्ष गुड्डू आलम के नेतृव में समाजसेवी मो. अख्तर हुसैन ने राष्ट्रीय जनता दल का दामन थामा है। प्रदेश अध्यक्ष ने उनका माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर वे राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। अख्तर हुसैन ने कहा कि मुझे राजद में जो भी जिम्मेवारी मिलेगी उसे मैं निष्ठा पूर्वक निभाउंगा।

## सर्वोदय निकेतन में सात दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा सप्ताह प्रारंभ



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डटमामोड स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सात दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा सप्ताह शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने की। वही, विद्यालय के बच्चों ने प्राचार्य को मार्च पास्ट कर सलामी दी। तत्पश्चात बतौर मुख्य अतिथि श्री यादव ने मशाल जलाकर कार्यक्रम के प्रारंभ होने की घोषणा की। मौके पर सूर्यनाथ यादव ने कहा कि छात्रों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल अवसरों को भी प्रदान किया जाना आवश्यक है। इससे उनके व्यक्तित्व का समुचित विकास होता है। इधर, क्रीड़ा सप्ताह के दौरान कबड्डी, एथलेटिक्स, वालीबॉल, खो-खो आदि खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें अंतर्सदनीय कबड्डी क्रीड़ा में लड़कों की टीम में गांधी सदन और कलाम सदन की टीमें फाइनल में पहुंचीं। जबकि लड़कियों की टीम मे बिरसा सदन और सुभाष सदन फाइनल में पहुंची। वही, क्रीड़ा का आयोजन संचालन शिक्षक सूरज कुमार, अनिल कुमार गुप्ता के अलावे शिक्षक सत्यप्रकाश वर्मा और रविंद्र नाथ उपाध्याय ने कमेंटेटर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं और शिक्षक - शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता आयोजित



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** वनांचल कॉलेज टंडवा के मैदान में मंगलवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन प्रखंड बीडीओ रंथू महतो, बीस सुत्री अध्यक्ष सह मध्य जिप सदस्य सुभाष यादव, दक्षिणी जिप सदस्य नेहा तिर्की,बीस सुत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने दीप प्रज्वलित एव किक मार कर प्रतियोगिता का उद्घघाटन किया। इसमें पहले दिन के खेल में बालक ग्रुप ने उद्घाटन मैच सराढु ने बहेरा को 1-0 से हराया, राहम ने धनगडा को 1-0 से हराया। कबरा ने बेंती को 1-0 से हराया, कल्याणपुर ने किचटो को 1-0 से हराया, बालिका ग्रुप में किचटो ने कबरा टीम को 3-0 से हराया, दूसरे दिन का मैच बालक ग्रुप का टंडवा, कोयद, गारिलौंग, डहु, बडगांव, मिश्रोल, पदमपुर, पोकला उर्फ कसियाडीह, बालिका ग्रुप बेंती और पदमपुर टीम के बीच होगा। इस मौके पर प्रखण्ड कर्मी नेहाल, उपेन्द्र पाण्डेय, समेत सैकड़ो खिलाडी दर्शक उपस्तिथ थे।

## राष्ट्रीय लोजपा युवा मोर्चा ने भारत रत्न डॉ आंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कॉलोनी नया नगर बरकाकाना अम्बेडकर चौक मे राष्ट्रीय लोजपा युवा मोर्चा के बैनर तले भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोजपा युवा मोर्चा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम सहित उपस्थित नेताओं व कार्यकताओं ने भारत रत्न डॉ.भीम राव अम्बेडकर के आदमकद प्रतिमा पर दिप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि श्री राम ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि अम्बेडकर जी के सपनो को सकार करने के लिये उनके द्वारा बताए गए मार्गो पर संकल्पित होने की आवश्यकता है जिससे देश का नाम रौशन हो सके।उन्होंने कहा डॉ अम्बेडकर ने शिक्षीत बनो,संगठित हो,संघर्ष करो के मूलमंत्र को हम सभी के बीच छोड़ गये है जिसे अपने दिनचर्या में लाने की जरूरत है।मोके पर युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबलु राम,प्रदेश सचिव दिलीप कुमार,शंकर मिस्त्री,सोनू कुमार,धिरज पासवान,अभिषेक पाठक, मिथलेश राम,धर्मनाथ कुमार, निरज पाठक,संजोग कालिन्दी, रामबीर राम, कृष्णा राम,भरत, सुरेश, पवन, विशाल, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### औद्योगिक क्षेत्र है पतरातू, अपराधी कर रहे दिनदहाड़े गोलीबारी

# अंधाधुंध हवाई फायरिंग कर अपराधियों ने रेलवे साइडिंग पर काम रोकने की दी धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू थाना क्षेत्र के पतरातू स्थित वीणा टाकिज के पास स्थित पीवीयुएनएल के लिए रेलवे लाईन निर्माण करने वाली कंपनी हरदेव कंपनी के साईट पर मंगलवार की दोपहर एक बजे -बगैर मुंह ढंके आए अज्ञात अपराधियों ने अंधाधुध फाईरिंग कर पुरे साईट व आस पास के क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। साईट पर उपस्थित कंपनी के मजदूरों ने बताया कि पतरातू रांची मुख्य सड़क की ओर से करीब 10, 11 की संख्या में मोटरसाईकिल पर सावर होकर अपराधी आए और साईट पर फाईरिंग करने लगे। इससे हम सबों में अफरा तफरी मच कई। इससे कंपनी का काम बंद कर दिया गया। कर्मियों ने बताया कि अपराधी केवल काम बंद करने और काम करने पर जान से मारने के लिए धमकी दे रहे थे। किसी अपराधी का नाम नहीं ले रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर सबसे पहले गश्ती दल पहुंची और इसके बाद एसडीपीओ डॉ विरेन्द्र चैधरी पहुंचे। इस सम्बन्ध में वरीय एसडीपीओ ने पत्रकारों को बताया कि कंपनी के साईट पर 10 से 11 की संख्या में गोली चलने की घटना हुई है। पुलिस के द्वारा तीन खोखा बरामद किया गया है। फायरिंग की धटना को लेकर अनसंधान किया जा रहा है। है। अपराधी जल्द ही पकड़े जाएंगे।



### एनटीपीसी पावर प्लांट के लिए हो रहा है रेलवे ट्रैक का निर्माण

**एनटीपीसी पीपीयुएन के द्वारा 4000 मेगावाट के पावर प्लांट का निर्माण प्रगती पर है। दूसरी और पावर प्लांट लिए कोयला मुहैया कराने को लेकर रेलवे ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है। जिसका साईडिगा पतरातू विणा टाकिज दुर्गा मंडप के पिछे बना है। जहां से रेलवे ट्रेनों का संचालन संबंधित कंपनी हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाया ऐसा माना जा रहा है कि यह मामला लेवी सं संबंधित हो सकता है।**

## चोरों का आतंक, बंद घर को बना रहे निशाना

### आर्मी जवान के घर चोरों ने किया हाथ साफ

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड में इन दिनों चोरी की घटना बढ़ गई है। चोरों ने लगातार घटना का अंजाम दे रहे हैं। चोर बंद घर को निशाना बना रहे हैं। सोमवार की रात चोरों ने थाना क्षेत्र के जोगिडीह पंचायत अंतर्गत घुज्जी गांव के आर्मी जवान सुनील पाठक के घर में चोरी की घटना का अंजाम दिया है। चोर मेन गेट का लाता तोड़कर घर में प्रवेश किया। जिसके बाद चोर बक्सा, गोदरेज का ताला तोड़कर चोरी की है। हालांकि चोर कितना सामान ले गए अनुमान लगाना मुश्किल है। क्योंकि घर मे कोई नहीं था और घर मालिक शादी शामिल होने के लिए दरभंगा गए हैं। आर्मी के जवान सुनील पाठक ने बताया कि उनके माताजी का आने के बाद ही बताया जा जकता है कि उनके घर कितना चोरी हुआ है। फिलहाल वे दिल्ली में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका विश्वास नहीं हो रहा है कि उनके घर में चोरी हो गई है। घटना की जानकारी तब हुई जब घर के पास लगे सरसों के खेत में एक महिला साग तोड़ने गई। तब देखा गया कि घर का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। जिसके बाद इसकी सूचना आर्मी के जवान को दी गई। उन्होंने बगल के गांव दानापुर में रह रहे परिजनों को दी गई। जिसके बाद उनके परिजन घर पहुँचे तो देखा गया कि घर का सारा सामान इधर उधर बिखरा पड़ा है। गोदरेज का ताला टूटा हुआ है। उल्लेखनीय है कि घुज्जी गांव में ही शनिवार को रात संजीत सिंह के घर में चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया है। चोर घर में रखे सोना, चांदी, बर्तन व कपड़ा की चोरी की घटना का अंजाम दिया है। चोर बक्सा और गोदरेज और अटैची का ताला तोड़कर चोरी की है। बताया जाता है कि चोर कच्ची खिरकी का ईट निकालकर घर में प्रवेश किया। जिसके बाद घर का ताला तोड़कर घटना का अंजाम दिया है। इनके घर से लाखों रुपये चोरी हुई है। दो माह पूर्व दानापुर गांव के रामा वृतिया के घर में चोरी की घटना का अंजाम दिया है। पूर्व चोरों ने घुज्जी गांव के ही सीताराम प्रजापति और बंदोहरी गांव के श्याम प्रजापति के घर मे चोरी की घटना घटी है। चोर मोटर का भी निशाना बने रहे हैं। इस तरह की घटना से लोग दहशत में हैं। चोर का मनोबल इस तरह बढ़ गया है कि लगातार घटना का अंजाम दे रहे हैं। लेकिन पुलिस अब तक कोई मामला का उद्भेदन नहीं किया है।

## पोचरा जोड़ा तालाब में डूबने से महिला की मौत

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)। रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग पोचरा के रेलवे जोडा तालाब में महिला के डूबने से हुई मौत।प्राप्त जानकारी के अनुसार पोचरा निवासी सुधा देवी पति दिलीप कसेरा अपनी दो बेटी नंदनी व जिमी के साथ तालाब में कपड़ा धोने व नहाने तालाब आई थी और नहाने के दौरान पैर फिसलने से महिला तालाब में डुबने लगीं।माँ को डूबते देख दोनों बेटी माँ को बचाने गई लेकिन बचाने के दौरान दोनों बेटी भी डूबने लगी।दोनों बेटी ने मदद के लिए आवाज लगाई,पास के खड़ा बुजुर्ग ब्यक्ति ने डूबते हुए लोगों को बचाने का प्रयास किया।तालाब से दोनों बेटी सकुशल बाहर निकल गई लेकिन पानी मे डूबकर माँ की मौत हो गई।घटना की जानकारी बरकाकाना ओपी को दी गई।घटना की सुचना मिलते ही बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार दल बल के साथ तालाब पहुंच कर घटना की जानकारी ली। बरकाकाना ओपी ने कागजी प्रकिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेजा।**

## हाथियों का झुंड पहुंचा करमा वन क्षेत्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**कुजू।** 40 हाथियों का झुंड कुजू ओपी क्षेत्र के विभिन्न जंगली इलाकों में विचरण करने की खबर के बाद ग्रामीण काफी दहशत में है। इधर, वन विभाग के अधिकारियों और कर्मियों के लिए यह हाथी का झुंड सिरदर्द साबित बनता जा रहा है। वन विभाग द्वारा 4 दिनों से लगातार पहरेदारी करते हुए हाथी को भगाने के लिए चलाया जा रहा है मुहिम असफल साबित हो रहा है। सोमवार की रात को हाथियों का झुंड कुंदरिया जंगल को छोड़ दिगवार के कई किसानों का फसल व चहारदीवारी को तोड़ते हुए करमा स्थित बुढाखाप जंगल में अपना डेरा जमाए हुए हैं। बूढ़ाखाप में हाथियों के झुंड की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम है। वही, हाथियों की झुंड ने दिगवार पारटांड़ निवासी अमित कुमार, धनेश्वर महतो, सरैया गोसाई में नागेश्वर मास्टर, मनोज मास्टर, नागो महतो, अशोक महतो, नारायण कुशवाहा, जगदीश महतो, दीपक कुशवाहा, सुरेश महतो, बरियात महतो, प्रसादी महतो, रामा महतो के अलावे सतीबेड़ा में पारस महतो, सहदेव महतो, गोवर्धन महतो, विनोद महतो, महादेव साव, जगदीश यादव के खेतों में लगे फसल को रौंद दिया। सभी किसानों ने वन विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग की है। वही, बूढ़ाखाप जंगल में शौच करने गया युवक जयनाथ महतो हाथियों के झुंड को देखकर भागने लगा और वह गिरकर घायल हो गया। जिसका इलाज रामगढ़ सदर अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की स्थिति ठीक बताई जा रही है।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक, डीसी-एसपी हुए शामिल

# अवैध खनन और कारोबार पर कसें नकेल : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अवैध खनन के विरुद्ध हो रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी माधवी मिश्रा ने की। बैठक में एसपी पीयूष पांडेय शामिल हुए। बैठक में डीसी-एसपी ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। अवैध खनिजों के परिवहन, अवैध मुहानों से हो रहे खनन आदि के विरुद्ध हो रहे कार्यों की थानावार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से जांच अभियान चलाने और किसी भी तरह के अवैध खनन पर रोक लगाने का निर्देश दिया।



### अवैध कोयला लदी साइकिल और मोटरसाइकिल जब्त करने का निर्देश

बैठक डीसी-एसपी ने बड़ी संख्या में साइकिल/मोटरसाइकिल से हो रहे कोयले के परिवहन के विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करने व साइकिल जब्त करने का निर्देश दिया है। साथ ही खनन स्थल तक पहुंचकर संबंधित सभी लोगों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### सीसीटीवी लगाने का निर्देश

बैठक में डीसी ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने व अन्य उपबंध करने के संबंध में कई निर्देश दिए। वही उपायुक्त ने सभी को नियमित रूप से अवैध मुहानों की पहचान कर उन्हें अच्छे तरीके से बंद करने का निर्देश दिया।

### अवैध परिवहन रोकने के लिए डीटीओ को निर्देश

अवैध रूप से हो रहे खनिजों के परिवहन संबंधित मामलों को लेकर उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर अवैध खनिजों के परिवहन, ओवरलोडेड वाहनों आदि की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### ईंट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश

बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे ईट भट्टों, वन क्षेत्रों में अवैध खनन पर रोक लगाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## रोजगारोन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण से क्षेत्र के युवक बन रहे आत्मनिर्भर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज रोजगारन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है। पतरातू के उच्चरिंगा में अवस्थित जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में हेड हेल्ड हाई, बेंगलुरु के सहयोग से क्षेत्र के युवाओं के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को नये बैच का उद्घाटन किया गया। जिसमें 50 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और अपने खुशहाल जीवन की नींव रखी। इन छात्र-छात्राओं को संस्थान द्वारा अगले छह माह तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेएसपी पतरातू सीएसआर प्रमुख रवि निवास, हेड हेल्ड हाई बेंगलुरु के देव आशीष दुबे एवं संस्थान के प्राचार्य अजय पांडे, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में की। मौके पर अतिथियों ने ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए बताया कि ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू और हेड हेल्ड हाई, बेंगलुरु के द्वारा मिलकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका सीधा लाभ स्थानीय युवाओं को मिलेगा। संस्थान के प्राचार्य अजय पांडे ने हेड हेल्ड हाई बेंगलुरु के द्वारा संचालित कोर्स पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को कौशल विकास का महत्व बताया। ज्ञात हो कि संस्थान 2007 से लगातार वंचित बेरोजगारों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगारन्मुख बना रहा है।

## जुबिली कॉलेज की तीन छात्राओं का खो-खो महिला टीम में हुआ चयन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विनोवा भावे विश्वविद्यालय खो-खो महिला टीम में जुबिली कॉलेज भुरकुंडा की तीन छात्राओं का चयन हुआ है। चयनित छात्राएं केबी वोमेंस कॉलेज हजारीबाग में ट्रेनिंग कैंप के लिए मंगलवार को रवाना हुई। प्राचार्य डॉ. आरके दास ने बताया कि कॉलेज की मंजली मुंडा, भारती व प्रीति कुमारी का चयन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह टीम अंतर विश्वविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु फकीर मोहन विश्वविद्यालय उड़ीसा के लिए 12 दिसंबर को रवाना होगी। जहां विभावि की टीम अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में अपने खेल का जौहर दिखायेंगी। मंगलवार की सुबह प्राचार्य व अन्य शिक्षकों ने चयनित खिलाड़ियों को रवाना करते हुए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## रैयतों ने दुकानदारों को दी सूचना, 10 को बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** देवरिया बरगांवा हुरूमगढ़ा के रैयतो ने भुरकुंडा बाजार क्षेत्र के दर्जनों दुकानदारों को सूचना देकर 10 दिसंबर को मतकमा चैक में आयोजित बैठक में शामिल होने की बात कही है। इसमें कहा है कि भुरकुंडा बाजार अंतर्गत जो जमीन पड़ता है वह जमीन हमारी रैयती है। इससे संबंधित सारा दस्तावेज हमारे पास है। जिसके खाता संख्या 24, प्लॉट संख्या 754, 751, 745, 746 व 747 में आपकी दुकान बनी हुई है। जिसका संचालन वर्षों से आपके द्वारा की जा रही है और रैयतों को कोई लाभांश प्राप्त नहीं है। रैयतो ने 10 की बैठक में शामिल होकर आपस में समन्वय स्थापित करने की बात कही है। बैठक 12 बजे दिन से आहुत की गई है। सूचना पत्र में बिरेंद्र सोरेन, अजय सोरेन, सुलेंद्र सोरेन, राजकुमार सोरेन, बबलू सोरेन, उमेश मुंडा आदि के हस्ताक्षर अंकित है।

## भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि मनी

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला स्थित अशोक वटिका मे अनूसूचित जाती महासभा के प्रखंड अध्यक्ष विशु रजावर के नेतृत्व में भारत रत्न डां भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमे मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, अनूसूचित जाति महासभा जिला उपाध्यक्ष बालेश्वर नायक उपस्थित थे।इस दौरान जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलें। वही जिला उपाध्यक्ष बालेश्वर नायक ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान के रचयिता थे। मौके पर हलधर चन्द्र कपरदार, देवचरण रविदास, बिगन रविदास, चमन रजवार, मनोज रजवार, आदिवासी महासभा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक मुंडा, परमेश्वर बेदिया, दीपक मेहता, लोहा सिंह, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष उमेश सोनी, चुनी रजवार, विनय नायक, धीरन रविदास, विक्की कुमार, रघुवीर मुंडा, रामकृष्ण मुंडा, प्यारेलाल बेदिया, गोविंद मुंडा, ओम प्रकाश मेहता, दिलीप करमाली आदि मौजूद थे।

## दोषियों पर कार्रवाई करे जिला प्रशासन : सांसद



**गोला (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा एवं सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मंगलवार को अलग अलग बेटूल कलां पंचायत के बंदर चुवां सयाली में स्थित क्षतिग्रस्त शिव मंदिर को देखने पहुँचे। सांसद ने क्षतिग्रस्त शिव मंदिर को देख कर कहा कि यह हिन्दू धर्म के साथ खिलवाड़ है। घटना के लगभग एक माह बीत गए है ,लेकिन दोषियों तक पुलिस नहीं पहुँच पाई है। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर पुलिस कप्तान से बात कर दोषियों को पकड़ने की बात कही। वही बेटूल कलां में पिछले दिनों प्रतिबंधित मांस फेके जाने की घटना से संबंधित जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि यहां माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यहाँ एक धर्म के विशेष लोगों को टारगेट कर शांति भंग किया गया है। इससे पहले सदर विधायक मनीष जायसवाल गांव पहुँचे। लोगों ने मिलकर घटना की जानकारी ली। साथ ही लोगों को शिव मंदिर के लिए शिवलिंग भी दिया। इधर एक ही दिन दो अलग अलग बड़े नेताओं को गांव पहुँचने पर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मौके पर रणंजय कुमार उर्फ कुण्टू बाबू,राजीव जायसवाल,उपप्रमुख विजय ओझा,महेंद्र प्रसाद,सकूल महतो,शंकर महतो,मुटुक धारी,जितेंद्र साहू,मनोज कुमार महतो आदि लोग मौजूद थे।

## आम्रपाली जीएम अमरेश कुमार ने कराया कंबल वितरित



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल की आम्रपाली चन्द्रगुप्त क्षेत्र जीएम अमरेश कुमार सिंह के द्वारा बढ़ते ठंड,शीतलहरी को लेकर आम्रपाली परियोजना के विस्थापित गाँव मनवाटोंगरी में कंबल का वितरण किया गया।इस अवसर पर जीएम अमरेश कुमार सिंह ने तिरेसठ कंबल वितरण किया।इस मौके पर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह,उतरी जिप सदस्य देवन्ती देवी, कसियाडीह पूर्व उपमुखिया रामवतार राम उपस्तिथ थे।

## कांग्रेसियों ने मनाया संविधान निर्माता की पुण्यतिथि



**कुजू (आजाद सिपाही)।** संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मराज राम के नेतृत्व में कुजू चौक पर मनाया गया। इस दौरान मौजूद कार्यकताओं ने भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन की। मौके पर धर्मराज राम ने उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रण लेते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर अरुण केसरी, अरविंद राम, मेघलाल राम, शंकर शर्मा, रविंद्र वर्मा, सुरेश राम, रितेश केसरी, पिंटू गुप्ता, दिलीप केसरी, मुकेश शर्मा, कुलेश्वर भुइयां, सुरेश भुईयां, अमर नायक, अभिषेक कुमार, सुभाष साहू मौजूद रहे।

# पीछे छूटा हिजाब

ईरान से आ रही ताजा खबरें लोकतांत्रिक भावनाओं में यकीन रखने वाले दुनिया भर के लोगों का उत्साह बढ़ाने वाली हैं। इन खबरों के मुताबिक वहां की नैतिकता पुलिस को भंग करने का फैसला हो गया है। हालांकि अटॉर्नी जनरल की तरफ से दिये गये इस आशय के वक्तव्य की न तो सरकार ने तत्काल आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है और न ही आंदोलनकारी फिलहाल इसे गंभीरता से लेने को तैयार हैं। ऐसा लगता है कि सरकार इस फैसले की आधिकारिक घोषणा से पहले यह देख लेना चाहती है कि इसका देश के लोगों पर अपेक्षित असर होगा या नहीं। दरअसल, हिजाब लादे जाने के खिलाफ शुरू हुआ और पिछले करीब दो महीने से जारी आंदोलन न केवल व्यापक रूप ले चुका है बल्कि इसकी मांगों का दायरा भी काफी फैल चुका है। सरकार के कामकाज से जुडे अन्य मुद्दे भी इसमें शामिल हो चुके हैं। संभवतः इसीलिए आंदोलनकारियों के नेतृत्व का एक हिस्सा कह रहा है कि सरकार के इन संकेतों का उसके लिए कोई खास मतलब नहीं है। जाहिर है, ईरान के हालात आगे क्या मोड़ लेते हैं, यह स्पष्ट होने में थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन जो कुछ हो चुका है, उसका लेखा-जोखा भी इतना तो बता ही देता है कि ईरान की बहादुर महिलाओं ने पूरी दुनिया के सामने संघर्ष की एक नयी मिसाल पेश कर दी है।

**दरअसल, हिजाब लादे जाने के खिलाफ शुरू हुआ और पिछले करीब दो महीने से जारी आंदोलन न केवल व्यापक रूप ले चुका है, बल्कि इसकी मांगों का दायरा भी काफी फैल चुका है।**

दो महीने पहले हिजाब कानून का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार की गयी महसा अमीनी की कथित तौर पर पुलिस प्रताड़ना के चलते हुई मौत के बाद जिस तरह से महिलाएं सड़कों पर आयीं और हिजाब के खिलाफ अहिंसक तरीकों से विरोध किया, वह वाकई काबिले तारीफ है। हालांकि यह बात सही है कि 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही ईरान में तरह-तरह की नैतिकता पुलिस अस्तित्व में आती रही है, और यह भी कि नैतिकता पुलिस भंग होने का मतलब इस कानून का खत्म होना नहीं है, फिर भी प्रगतिशील और लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में लड़ी जाने वाली लंबी लड़ाई की श्रृंखला में यह जीत एक अहम कड़ी जरूर मानी जायेगी। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि हिजाब ईरानी महिलाओं के लिए दोनों तरफ से मारक साबित हुई है। रजा शाह पहलवी के शासन काल का एक दौर वह भी था जब समाज को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से हिजाब को बैन कर दिया गया था, तब महिलाएं स्वेच्छा से भी सार्वजनिक स्थानों पर हिजाब नहीं पहन सकती थीं। बाद में इसे पहनना अनिवार्य कर दिया गया। इन दोनों ही अतियों से जूझती ईरानी महिलाओं ने अपने कठिन संघर्ष की कामयाबी से बताया है कि लड़ाई हिजाब की नहीं बल्कि अपनी मर्जी को स्थापित करने की है। उनकी यह संघर्षगाथा निश्चित रूप से दुनिया भर की महिलाओं की ताकत बनेगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जी-20 की बैठक आम सहमति बनाने और उन मुद्दों पर मिल कर काम करने के लिए बेहद उपयुक्त समय पर हो रही है, जो न केवल सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने, बल्कि सभी क्षेत्रों को सहनीय बनाने के लिए भी आवश्यक हैं। यह वैश्विक श्रम बाजार के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां बदलती कार्यप्रणाली और आर्थिक अस्थिरता, श्रमिक वर्ग को कमजोर बनाती है।**

# जी 20 भारत में एल 20 : श्रमिक वर्ग के लिए कार्यरत

**हिरण्मय पंड्या**



कोविड-19 महामारी ने हमें वैश्विक जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में चुनौतियों और कमियों के प्रति सचेत किया है। महामारी के सदमे ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को समान रूप से प्रभावित किया। वैज्ञानिक समुदाय, स्वास्थ्यकर्मियों, नीति निमार्ताओं, जागरूक नागरिकों के अथक और सहयोग से जुड़े प्रयासों के कारण, हम अब काफी हद तक इससे उबर चुके हैं। हालांकि, दुनिया भर कुछ घटनाक्रमों, जैसे मुद्रास्फीति की उच्च दर और रूस-यूक्रेन संघर्ष, के कारण स्थितियों के सामान्य होने में बाधायें उत्पन्न हुई हैं। श्रमिकों और कंपनियों के कुछ समूहों पर अनुपात से अधिक कुप्रभाव के कारण श्रम बाजार की असमानताओं में भी वृद्धि हुई है, जिसने विकसित तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच अंतर को और बढ़ाया है। इसके साथ ही, सरकारों और नागरिक समाज के समन्वित प्रयासों ने संसाधनों के समान वितरण के लिए एक सेतु का काम किया है। उदाहरण के लिए, सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान से, खासकर लॉकडाउन अवधि के दौरान, लोगों को इस कठिन समय का मुकाबला करने में मदद मिली। यह उन श्रमिकों के लिए भी सहायक था, जिनकी या तो नौकरी चली गयी थी या उन्हें वेतन में कटौती का सामना करना पड़ रहा था। सरकार और नागरिक समाज के बीच यह सामंजस्य, न केवल संकट को कम करने में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि इसने नीतिगत योजनाएं भी तैयार की, जो दीर्घकालिक राहत प्रदान करने में सफल रहीं।

**एल-20 के विशेष ध्यान का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है - दुनिया भर में श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और संरक्षा का कवरेज बढ़ाना।**

हालांकि, अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष है। भारत की जी-20 अध्यक्षता; स्थिति का जायजा लेने, इन चुनौतियों की गंभीरता का आकलन करने और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारी प्रतिबद्धताओं के नवीनीकरण का अवसर प्रदान करती है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एक मजबूत सुधार के बावजूद, वैश्विक स्तर पर काम के घंटों की संख्या, पूर्व-कोविड स्तरों से 1.5 प्रतिशत नीचे बनी हुई है। यह लगभग 40 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियों की हानि के बराबर है। इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय श्रम बाजार में भी भिन्नताएं बढ़ रहीं हैं। उदाहरण के लिए, सेवा प्रदाता और सेल्स जैसे निम्न और मध्यम कुशल नौकरियों की तुलना में उच्च कुशल, उच्च भुगतान वाले व्यवसायों में मजबूत वापसी हुई है।

इन घटनाक्रमों से असमानता प्रत्यक्ष रूप से बढ़ी है तथा गरीब एवं वंचित समुदाय; और गरीब हो रहे हैं तथा हाशिए पर जाने के लिए बाध्य हैं। महामारी के कारण देखभाल (कार्य) अर्थव्यवस्था पर भी बहुत प्रभाव पड़ा, जिसका बोझ महिलाओं को अधिक अनुपात में सहन करना पड़ा। इन मुद्दों की पहचान करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमें संरचनात्मक और प्रणालीगत समाधानों पर रणनीतिक रूप से विचार-विमर्श करने की सुविधा देगा तथा जो त्वरित और समावेशी वापसी (रिकवरी) के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे। इस संदर्भ में, कार्रवाई-उन्मुख लक्ष्यों के आधार पर काम करना समय की मांग है - एक ऐसा अवसर, जो जी-20 सभी हितधारकों को प्रदान करता है।

जी-20 की बैठक आम सहमति बनाने और उन मुद्दों पर मिल कर काम करने के लिए बेहद उपयुक्त समय पर हो रही है, जो न केवल सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने, बल्कि सभी क्षेत्रों को सहनीय बनाने के लिए भी आवश्यक हैं। यह वैश्विक श्रम बाजार के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां बदलती कार्यप्रणाली और आर्थिक अस्थिरता, श्रमिक वर्ग को कमजोर बनाती है। इन उद्देश्यों को देखते हुए, श्रम-20 (एल-20) सभी ट्रेड यूनियनों के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रम मुद्दों और सामाजिक श्रम आंदोलनों पर विचार-विमर्श करने का एक मंच बन जायेगा तथा यह मंच बाद में उन समाधानों को सामने रखेगा, जिन पर राष्ट्रीय संदर्भों में कार्रवाई की जा सकती है।

एल-20 के विशेष ध्यान का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है - दुनिया भर में श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और संरक्षा का कवरेज बढ़ाना। सामाजिक सुरक्षा एक गतिशील अवधारणा है, जिसके स्वरूप और जिसकी परिभाषा में समय के साथ बदलाव हुए हैं। तेजी से हुए तकनीकी बदलावों ने सामाजिक सुरक्षा और संरक्षा के नये आयामों का पता लगाना आवश्यक बना दिया है। 'गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्क' की शुरूआत के साथ, कंपनियों की जीवन-अवधि छोटी होती जा रही है और एक नये प्रकार का नियोक्ता-कर्मचारी संबंध विकसित हो रहा है, जिसके बारे जानकारी व समझ अभी भी प्रारंभिक चरण में है। रोजगार से जुड़े सामाजिक सुरक्षा के नियम, जो पहली औद्योगिक क्रांति के बाद उभरे थे और जो दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान परिपक्व हुए, उन्हें उद्योग 4.0 के युग में फिर से लिखे जाने की आवश्यकता है।

जी-20 के विभिन्न कार्य और विचार-विमर्श समूहों ने उपरोक्त मुद्दों पर चर्चा की है। हाल ही में बाली, इंडोनेशिया के जी-20 राजनेताओं की घोषणा में तथा अन्य दस्तावेजों में भी इनका उल्लेख किया गया है। इन महत्वपूर्ण चिंताओं पर ध्यान देने और कार्रवाई योग्य लक्ष्यों को रेखांकित करने के लिए जी20 के तहत नीति वक्तव्य और फ्रेमवर्क विकसित किये गये हैं। कोविड-19 महामारी से रिकवरी को बढ़ावा देने के लिए एल-20 के प्रतिनिधि समग्र रणनीतियों की अवधारणा को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से बैठक में भाग लेंगे। श्रमिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक व्यवधानों से भी संरक्षित करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में; आगे की कार्ययोजना, अब तक की उपलब्धियों की पड़ताल करने और उन मुद्दों की पहचान करने से जुड़ी है, जहां अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, शिक्षा और कौशल स्तर, महिला श्रम बल भागीदारी, सामाजिक सुरक्षा कवरेज, जनसांख्यिकीय चरण आदि के संदर्भ में देशों के बीच भारी अंतर मौजूद है। हम विभिन्न अनुभवों के साथ यहां आते हैं और यही हमारी ताकत है। वैश्विक कौशल अंतर, रोजगार के नये रूप, गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था का उदय, प्रभावी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार, सामाजिक सुरक्षा का स्थायी वित्तपोषण और अंतरराष्ट्रीय श्रम बल गतिशीलता के मुद्दों पर हम सभी को कुछ योगदान देना है। इन मुद्दों के बीच, जी-20 प्रक्रियाओं और एल-20 जैसे विचार-विमर्श समूहों की भागीदारी को आपस में जोड़ने वाले घटक, श्रम कल्याण की प्रगति से जुड़ी प्रतिबद्धता को सशक्त बना रहे हैं और इन्हें 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विजन में निहित समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों से मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

**(लेखक : अध्यक्ष, भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) और श्रम-20 के अध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में विद्युत व्यवस्था के लिए 6 करोड़ का प्रस्ताव

## 1.5 मीट्रिक गैलन की पानी टंकी भी बनेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** कोल्हान के इकलौते सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नये भवन में बिजली और पानी की सुविधा को लेकर मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई। एडीएम एनके लाल ने बताया कि अस्पताल एवं कॉलेज में बिजली के लिए नये सिरे से प्रस्ताव तैयार किया गया है। करीब छह करोड़ का नया प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसे सरकार की स्वीकृति के लिए भेजा जायेगा। स्वीकृति मिलते ही इसपर काम शुरू किया जायेगा। साथ ही पानी के लिए 1.5 मीट्रिक गैलन की क्षमता के टंकी का निर्माण होगा। इसका भी डीपीआर बनाकर सरकार को भेजा गया है। कुल मिला कर एमजीएम अस्पताल के नये भवन में बिजली और पानी को लेकर जिला प्रशासन नये सिरे से कवायद में जुटी है।

# जमशेदपुर में भाजपाइयों ने मनायी बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 66वीं पुण्यतिथि को पूरे श्रद्धाभाव से मनाया गया। मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अजीत कालिंदी के नेतृत्व में सांसद विद्युत वरण महतो, महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने पुराना कोर्ट मोड़ स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यकर्ताओं ने साकची जिला कार्यालय से पुराना कोर्ट मोड़ तक पैदल मार्च करते हुए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे, भारत माता की जय के नारे लगाये। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि बाबा साहब ने समाज को एक साथ लेकर चलने का जो संकल्प लिया था, उसे भाजपा पूरा कर रही है। उन्होंने मौजूद लोगों को बाबा साहब के बताये सामाजिक समानता के रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, जिला मंत्री नीलू मछुआ, राजीव सिंह, विनोद सिंह, सुरेश शर्मा, राजेश सिंह, बिनानंद सिरका, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री पी के करवा, ताराचंद कालिंदी, ज्योति बाग समेत अन्य पदाधिकारी में दिलीप पासवान, राकेश मुखी, शम्भु राम, चंदन भारती, धीरज मुखी, चंद्रशेखर दास, मंडल अध्यक्ष में विकास बाउरी, पोरेष कालिंदी, राजाराम, अशोक कुमार, गणेश दास, बबलू मुखी, अशोक बेहरा, चंदन मुखी, बादल मुखी, महिला कार्यकताओं में संध्या देवी, बिंदिया मुखी, गंगा मुखी, चंदा कालिंदी, आरती मुखी, मुकेश बेरा, रवि भुइयां, झुटू कोर, किशोर कालिंदी, नरेश बगत्ती, गुरु पोदो कालिंदी, करण बाउरी आदि उपस्थित थे।

# गदड़ा के तिलकानगर में विधायक मंगल कालिंदी ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तर पूर्वी गाधड़ा पंचायत तिलकानगर वासियों को विद्युत संबंधित कई समस्याएं थीं, जिसकी जानकारी जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी को मिली। इसके बाद विधायक श्री कालिंदी ने इसे संज्ञान में लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर तिलकानगर में बिजली के नए खंभे, तार एवं नया ट्रांसफार्मर लगवाया। इसके बाद मंगलवार को विधायक मंगल कालिंदी ने ट्रांसफार्मर का फीता काटकर कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि क्षेत्र की हर छोटी समस्याओं का समाधान करना उनकी जिम्मेदारी है। जैसे ही उन्हें कोई समस्या की जानकारी मिलती है, वह खुद संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द उसका समाधान करवाते हैं, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान पंचायत अध्यक्ष बबलू महतो, विकास स्वर्णकार, रजनी दास, नीरज, छोटू, अजय सिन्हा, उमेश मंडल, उपेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, विजय आर्या, नवनीत उपस्थित थे।

# सांसद विद्युत वरण महतो ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो ने मंगलवार को चाकुलिया प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर सांसद निधि से स्वीकृत कई योजना कार्यों का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। सर्वप्रथम सांसद श्री महतो ने लोधाशोली गांव में 300 फीट पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। इसके पश्चात सिमदी गांव के मोड़ से सुबोध नायेक के घर तक पीसीसी, धोबाशोल गांव में ग्राम चौपाल निर्माण, जोड़िसा गांव के केंदपाड़ा में ग्राम चौपाल निर्माण और बिरदह गांव में कुआं निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि ग्रामीणों के मांग पर योजनाओं की अनुशंसा की थी, जिसे स्वीकृति मिलने पर आज शिलान्यास किया है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि पार्थो महतो, मंडल अध्यक्ष शतदल महतो, संजय दास मनोरंजन महतो, मोहन सोरेन, छोटू महतो, त्रिलोचन राणा, तुषार बेरा, ठाकुर महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

## पत्रकार की बेटी श्रेया स्टेट और नेशनल प्रतियोगिता में हुई शामिल

# स्टेट में तीसरा, सिक्किम और पुरी में 5वां स्थान हासिल किया

**आजाद सिपाहीसंवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के सोनारी की रहने वाली पत्रकार की बेटी श्रेया अधरजी ने वीमेंस स्पोर्ट्स मॉडल में 2 साल मेहनत कर वर्ष 2022 में चार दिसंबर को वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पुरी के नीलाद्रि ब्रीच में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड से एकलौती बेटी श्रेया अधरजी ने पार्टिसिपेंट किया। जहां उन्होंने कड़ी मेहनत से 5वां स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मेडल और दो सर्टिफिकेट हासिल कर झारखंड का नाम रोशन किया।

इससे पूर्व श्रेया ने रांची के हरमू में 18 सितंबर 2021 को वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित मिस्टर एंड मिसेस झारखंड प्रतियोगिता में वीमेंस स्पोर्ट्स मॉडल कैटेगरी में तीसरा स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया था। वहीं वर्ष 2022 में छह नवंबर को वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित सिक्किम राज्य के रांगपो के एकों पैराडाइज रिसोर्ट के नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड से श्रेया अधरजी ने पार्टिसिपेंट किया, जहां सोनारी आदर्श नगर निवासी पत्रकार अभिजित अधरजी की बेटी श्रेया अधरजी ने 5वां स्थान प्राप्त कर वीमेंस स्पोर्ट्स मॉडल कैटेगरी में झारखंड का नाम रोशन की। उधर चार दिसंबर को पूरी के नीलाद्री बीच में प्रतियोगिता के दौरान स्टेज में वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट धीरन मोहन दास ने श्रेया अधरजी की जम कर सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में श्रेया अधरजी का सबसे बेस्ट परफॉर्मेंस रहा है। इन्होंने काफी मेहनत कर कम समय मे बेहतर प्रदर्शन किया है। वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट धीरन मोहन दास ने कहा कि श्रेया अधरजी पुरी के नेशनल वीमेंस स्पोर्ट्स मॉडल कैटेगरी में सबसे बेस्ट परफार्मेंस की है। आनेवाले दिनों में देश के एक बेहतर खिलाड़ी बन कर झारखंड का नाम रोशन करेंगी। वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया उनके साथ है।

मौके पर श्रेया अधरजी ने स्टेज से ही वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूरी टीम की सराहना करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतियोगिता में झारखंड के लिए दो बार नेशनल खेलने का मौका मिला है। फेडरेशन से बहुत कुछ सीखने को मिला है।

श्रेया ने कहा कोरोना काल के दो साल बहुत कुछ जीवन मे शिक्षा दी है। दो वर्ष की कड़ी मेहनत से नेशनल खेलने का मौका मिला। माता-पिता के भरपूर सहयोग रहा। उन्होंने कहा सोनारी के दा क्रॉस फिट जिम में लगातार प्रैक्टिस करते रही। श्रेया अधरजी ने झारखंड के युवाओं को नशे से दूर रह कर फिटनेस पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि फिटनेस के लिए दो साल की मेहनत से इंस्टाग्राम में 24.5k फॉलोअर्स देख दिल्ली के मसल्स स्ट्रांग और फर्स्ट एनफ कंपनी ने स्पांसरशिप दी है। वहीं झारखंड कोच कृष्णा मोहन थापा ने कहा कि झारखंड से एकलौती महिला खिलाड़ी श्रेया अधरजी दो बार नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से बेहतर प्रदर्शन किया है। एक महीने में सिक्किम और पुरी में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड स्टेट के तरफ से बेहतर प्रेजेंटेशन कर 5वां स्थान प्राप्त किया है। उमीद है इस ही तरह आगे भी झारखंड के लिए बेहतर प्रदर्शन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ियों को वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से बधाई देते हैं, ताकि आगे बढ़ कर झारखंड के नाम देश भर में रोशन कर सके।

वहीं बेटी के सफलता के लिए माता बीथिका अधरजी ने कहा कि श्रेया बचपन से ही अपने जीवन की सफलता के लिए संघर्ष करते आयी है। वह हमेशा ऊंची सोच रखती है। उन्होंने खुशी का आंसू बहाते हुए कहा कि बेटी को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहें हैं, ताकि झारखंड का नाम रोशन कर सकें। वही सोनारी में दा क्रॉस फिट जिम के संचालक उपासना सिंह ने कहा कि श्रेया का परफॉमेंस गर्व की बात है। जमशेदपुर की बेटी श्रेया ने दो बार नेशनल खेल कर जिम के साथ झारखंड के नाम रोशन किया है। श्रेया ने प्रति दिन दो बार जिम में कड़ी मेहनत कर मुकाम तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि लगन से ही सफलता हासिल होती है। सोनारी के दा क्रॉस फिट जिम की ओर से जिम में केक काट कर श्रेया की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 07 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com
07

## स्काउट गाइड के प्रशिक्षण की शुरूआत की

**कांडी (आजाद सिपाही)।** किशुनराज पब्लिक हाई स्कूल बलियारी में छह दिसंबर से स्काउट गाइड के प्रशिक्षण की शुरूआत की गयी। यह प्रशिक्षण चार दिनों तक चलेगा। प्रखंड क्षेत्र के बलियारी पंचायत अंतर्गत जमुआ बलियारी गांव में अवस्थित किशुन राज पब्लिक हाइ स्कूल के प्रांगण में छह दिसंबर मंगलवार से स्काउट गाइड के चार दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत की गयी। यह प्रशिक्षण सत्र नौ दिसंबर तक चलेगा। जिला मुख्यालय गढ़वा से आए प्रशिक्षक विकास कुमार व उनके साथियों के द्वारा कक्षा चार से दस तक के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। सबसे पहले स्काउड व गाइड का झंडोत्तोलन किया गया। इसके बाद प्रशिक्षण सत्र की विधिवत शुरूआत की गयी। इस मौके पर विद्यालय के सचिव आनंद प्रकाश दुबे, प्राचार्य नवनीत कुमार दुबे एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## खरौंधा पंचायत की टीम ने खुटहेरिया पंचायत की टीम को 2-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर में आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में खरौंधा पंचायत की टीम ने खुटहेरिया पंचायत की टीम को 2-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट की शुरूआत कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने फीता काटकर एवं फुटबॉल को किक कर किया। खेल के निर्धारित समय में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी। 5-5 मिनट का गोल्डन चांस भी दोनों टीम को बराबरी पर रोके रखा। कमिटी द्वारा टाई ब्रेकर देने पर खरौंधा पंचायत की टीम ने दो एवं खुटहेरिया पंचायत की टीम ने 1गोल किया। इस प्रकार खरौंधा की टीम 2-1 के मैच को जीतकर खिताब अपने नाम किया। हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने विजेता टीम को विजयी कप देकर हौसला अफजाई किया। इस दौरान खेल प्रभारी विकास कुमार सिंह, झामुमो के कांडी प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना ठाकुर, जिप सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, खरौंधा पंचायत मुखिया परीखा राम, खुटहेरिया पंचायत मुखिया अनीता देवी एवं उप मुखिया अतीस कुमार सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का 65वां परिनिर्वाण दिवस मनाया

**मेराल (आजाद सिपाही)।** संगबरिया गांव स्थित गुरु रविदास आश्रम में सामाजिक परिवर्तन केंद्र द्वारा देश रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का 65वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। उमाशंकर राम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारी संघ के गढ़वा जिला अध्यक्ष रघुराइ राम इत्यादि द्वारा बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रघुराइ राम ने कहा कि अंबेडकर जी अंधों का आंख, बेजुबान एवं गरीब लोगों की आवाज थे। आजादी के बाद संविधान निर्माण में उन्होंने देश की सभी समस्याओं का निराकरण का मार्ग प्रशस्त किया। साथ हीं देश के लोगों को स्वतंत्रता के साथ समता का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर सूरज कुमार राम, राजू कुमार राम, शिक्षक सुबेश्वर राम, जितेंद्र कुमार उमेश राम, रवि रंजन कुमार, अंकित कुमार, संजीव कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## अदिति राज लक्ष्मी का सम्मान समारोह आयोजित किया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने झारखंड राज्य में गढ़वा जिला का नाम रौशन करने वाली प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य स्व. पंडित कुलमणि मिश्र की सुपौत्री अदिति राज लक्ष्मी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अदिति राज लक्ष्मी को मां सरस्वती जी की चित्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इनके इस सफलता से पूरा गढ़वा जिला गर्व की अनुभूति कर रहा है। अदिति राज लक्ष्मी द्वितीय झारखंड छात्र सांसद 2022 में पूरे गढ़वा जिले का प्रतिनिधित्व की। उनका चयन ऑनलाइन स्क्रीनिंग के माध्यम से हुआ था जिसमें उन्होंने पूरे पलामू प्रमंडल में पहला तथा पूरे झारखंड में टॉप 8 स्थान प्राप्त किया था। विधानसभा में आयोजिय सांसद कार्यक्रम में उन्होनो पूरे झारखंड राज्य में चौथा स्थान प्राप्त करके पूरे जिले का नाम रोशन किया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से मां गढ़देवी मंदिर के मुख्य पुजारी राजन पांडेय, भैरव शंकर कुलमणि,मनीष प्रसाद, अभिषेक केशरी,संजय सिंह अग्रहरि, गौरव जायसवाल, हन्नी गुप्ता, कमलेश मद्धेशिया, रुपेश गुप्ता, रौशन कमलापुरी, नितीश कुमार, नितेश कुमार गुड्डू, अनीश सिंह इत्यादि शामिल रहें।

## यात्री बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रंका मोड़ के समीप श्रीराम यात्री बस की चपेट में आने से मेराल थाना क्षेत्र के कुंभी गांव निवासी स्वर्गीय सुरेश राम का पुत्र आदित्य कुमार चंद्रवंशी की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि आदित्य आर के पब्लिक स्कूल में स्कूल बस चलाता था। वह मंगलवार की सुबहअपने घर से किसी काम से रंका मोड़ पर अपने मामा मदन राम के साथ टैंपू से उतरा और वह पैदल सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान श्रीराम नामक यात्री बस उसे टक्कर मार दिया। जिससे आदित्य का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि आदित्य के तीन बच्चे हैं। उनका भरण पोषण की मुख्य जिम्मेदारी आदित्य पर ही था।

## अंतु मास्टर के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला के सबसे पहला और बेहतरीन सेक्सोफोन प्लेयर अन्तु बैंड के प्रोपराइटर अंतु मास्टर के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा मे गढ़वा जिला के सारे वरिष्ठ कलाकार संगीत कला महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें दो मिनट का मौन रह कर अंतु उर्फ अनंत कुमार राम को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मैलोडी ग्रुप के निदेशक दया शंकर गुप्ता ने कहा कि कलाकार परिवार का एक सदस्य खो गया। स्वर्गीय अन्तु जी एक कलाकार के साथ साथ बहुत ही नेक इंसान थे। संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी ने कहा कि अंतु जी गढ़वा जिला में सेक्सोफोन के पहले प्लेयर थे। ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में सेक्सोफोन बजा कर वे गढ़वा जिला के साथ साथ अन्य राज्यो में भी ख्याति अर्जित किया था। उनकी उपलब्धियों को भुलाया नही जा सकता। विजय प्रताप देव ने कहा कि अंतु के बहुत सी यादे जुड़ी हुई है। कल तक जो साथ थे आज अचानक न जाने कहा वो खो गए। गोपाल प्रसाद कश्यप ने कहा कि अंतु एक कलाकार के साथ साथ बहुत ही संघर्षशील व्यक्ति थे। बसंत कुमार ने कहा कि अंतु कलाकारी में ही अपना जीवन गुजार दिया। उनकी कला के लिए उनको सदा याद किया जायेगा।

### पुलिस ने शिकायत के आधार पर ठिकानों पर छापेमारी की

# एक दर्जन सहयोगियों संग अपराधी विकास दुबे को लिया हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के टंडवा मुहल्ले से पूर्व अपराधी विकास दुबे सहित उसके एक दर्जन से अधिक सहयोगी यों को पुलिस ने मंगलवार हिरासत में लिया है। पुलिस सभी से करीब 4 घंटे तक हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। खबर लिखे जाने तक सभी से पूछताछ की जा रही थी। उक्त मामले में थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया



कि अभी पूछताछ की जा रही है। एक मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### पूछताछ जारी

एसपी अंजनी कुमार झा ने बताया कि रंगदारी मांगने का शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर उनके ठिकाने पर छापेमारी की गई। वहां से विकास दुबे और उसके सहयोगियों के साथ हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

## पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया

**केतार (आजाद सिपाही)।** थाना के पुअनी संजय हेंब्रम के नेतृत्व में मंगलवार को कपूर्री गेट चौक बाजार,मुकुंदपुर, बेलाबार सहित अन्य गांवो में जागरूकता अभियान चलाकर गवाहों की सुरक्षा के लिए प्रचार प्रसार किया गया।इस दौरान पुअनी संजय हेम्ब्रम ने कहा कि दोषी को सजा दिलाना कानूनी अधिकार है। इसके लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गवाह लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस करते थे, उन्हें अब डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। पुलिस उन्हें पूरी सुरक्षा देगी और दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जायेगी। कपूर्री गेट चौक बाजार प्रांगण में पुलिस द्वारा बैनर लगाकर गवाहों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोग जागरूक बने और समाज को अपराध मुक्त बनायें। इस मौके पर सुरेंद्र उरांव, नरसिंह सिंह, सुरेंद्र भगत, चौकीदार राकेश कुमार पासवान सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# ट्रामा सेंटर में कैंप का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा की ओर से विशेष दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए मंगलवार को नगर उंटारी अनुमंडल के ट्रामा सेंटर में कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम अंचलाधिकारी अरुण मुंडा ने दीप जलाकर किया। उक्त दिव्यांगता कैंप में मस्कुलर डिस्ट्रोफी (मांसपेशीय दूर विकार), पार्किंसन बीमारी (भूलने सम्बन्धी समस्या), सिकल सेल डिजीज (रक्त संबंधी बीमारी), लेप्रोसी (कोढ़), एसिड अटैक विक्टिम, सेरेब्रल पाल्सी, ड्वार्फिस्म (बौनापन), मल्टिपल स्कैलेरोसिस, स्पीच एंड लर्निंग डिसेबिलिटी (बोलने व सीखने सम्बन्धी समस्या), आटिज्म, लोकोमोटर दिव्यान्गता (हाथ पैर में अस्थि संबंधी समस्या), अंधापन(दृष्टि बाधित), लो विजन



(कम दृष्टि), हिअरिंग इंपेयर्मेंट (सुनने में परेशानी), इंतेलेक्टुंल इंपेयर्मेंट (बौधिक अक्षमता), मानसिक रोग, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी, कोनिक न्युरोलोजिक कंडीसन, मल्टिपल डिसेबिलिटी इन्क्लुडिंग डिफ, ब्लाइंडनेस आदि के जांचोपरांत दिव्यांग लाभुकों को प्रमाणपत्र देने का कार्य किया गया। आयोजित कैंप में कुल 270 मरीजों का जांच किया गया। जिसमें मानसिक विकार अंतर्गत 22, नेत्र विकार के 20, अस्थि विकार 58, इएनटी के 07, सिकल सेल, थैलीसीमिया, हीमोफीलिया, बौनापन, लीप्रोसी, सेलेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म, पार्किंसन आदि के 04 एवं अन्य श्रेणी के 159 मरीजों का जांच किया गया।.सभी आवेदनों का निष्पादन 3 दिनों के अंदर करते हुए विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने का काम किया जायेगा एवं 1 सप्ताह के अंदर पेंशन से आच्छादित किया जायेगा। इस निमित जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रखंडों से शिविर तक लाने के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। मौके पर बिपेश राज तामंग, लिपिक, ट्रोमा सेन्टर नगर उंटारी, राजेश कुमार, पीएम डब्ल्यू, अनुमंडलीय अस्पताल नगर उंटारी, संजय कुमार यादव, काउन्सेलर, अनुमंडलीय अस्पताल नगर उंटारी, राजेश कुमार, एमपी डब्ल्यू स्वा. उपकेंद्र पीपरी कलां,अजय कुमार, एमपी. डब्ल्यू. स्वा. उपकेंद्र हुलहुलाकला, चंद्रपति सिंह, एमपीडब्ल्यू. स्वा. उपकेंद्र हलिवंताकला, विनीत कुमार पांडेय, एमपीडब्ल्यू, स्वा. उपकेंद्र चितविश्राम, दिलीप कुमार, एमपी. डब्ल्यू. स्वा. उपकेंद्र बंबा, संजय कुमार यादव, एमपी डब्ल्यू. स्वा. उपकेंद्र हरादागकला,प्रशान्त कुमार तिवारी, एमपी. डब्ल्यू. स्वा. उपकेंद्र सपही, कौशलेश कुमार, एमपी डब्ल्यू. ट्रामा सेंटर नगर उंटारी उपस्थित थे।

# कभी नक्सलियों का गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ में अब वॉलीबॉल खेल का आनंद उठा रहे जवान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** हाल में सुरक्षाबलों के अथक प्रयास से नक्सलमुक्त हुआ बूढ़ा पहाड़ एवं उसके आसपास का क्षेत्र अब अपने विकास एवं शांति की ओर बढ़ रहा है। एक समय नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले बूढ़ा पहाड़ पर 172 बटालियन सीआरपीएफ एवं झारखंड पुलिस बल के जवानों के संयुक्त कैंप बन जाने से सुरक्षा का माहौल और पुख्ता हो रहा है। जवान यहां अपनी मुस्तैद ड्यूटी के साथ वॉलीबॉल मैच का भी आनंद उठा रहे है। मंगलवार को 172 बटालियन सीआरपीएफ कमांडेंट आशीष कुमार झा ने अपने विजिट के दौरान जवानों संग वॉलीबॉल खेल में भाग लेकर उनका उत्साह वर्धन किया। केमेडेंट ने उन्हें सदैव उत्साहित



एवं मजबूत रहने को कहा। आयोजित मैच में नृपेन्द्र कुमार सिंह, कमाण्डेंट, अमरेन्द्र कुमार, द्वि. कमा अधिकारी, कैश प्रकाश, शायक कमांडेंट, पीडी पांडेय, शायक कमांडेंट, सूबेदार मेजर दीपक कुमार के अतिरिक्त 172 बटालियन सीआरपीएफ के और जवानों एवं झारखंड जगुआर के जवानों ने भाग लिया।

## पेशाब घर को अज्ञात लोगों ने किया ध्वस्त

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेट बैंक के समीप चोराटी नदी के किनारे बने पेशाब घर को अज्ञात लोगों द्वारा सोमवार की आधी रात ध्वस्त कर दिया गया। मंगलवार की अहले सुबह बाजार के लोगों ने ध्वस्त पेशाब घर को देखते ही कांडी पंचायत मुखिया विजय राम को मौके पर बुलाकर दोषियों के विरुद्ध कड़ा एक्शन लेने का आग्रह किया। कांडी पंचायत मुखिया के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर आवेदन देते हुए दोषियों के विरुद्ध करवाई की मांग की। इधर मुखिया विजय राम ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप निश्चिन्त रहें हर हल में शौचालय का निर्माण कराया जाएगा! जरूरत पड़ेगी तो चंदा इकट्ठा कर अविलम्ब शौचालय का निर्माण होगा। इस अवसर पर बीडीसी प्रतिनिधि अनूप राम,उप मुखिया दिलीप राम,बाबूलाल प्रसाद, राजेश प्रसाद, रामनाथ साह, भाष्कर गुप्ता, रविंद्र साव, किशोरी लाल, फिरोज रजक एवं मोहन कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय पदाधिकारियों और विभिन्न पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप एवम पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा 08 दिसंबर 2022 को हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के संभावित गढ़वा भ्रमण के मद्देनजर आवश्यक तैयारियों को लेकर समाहरणालय के सभाकक्ष में जिले के बीडीओ, सीओ, जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवम विभिन्न पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक किया। बैठक में उपायुक्त घोलप द्वारा सरकार द्वारा जनहित में संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनायें किशोरी समृद्धि, सर्वजन पेंशन, मनरेगा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, पशुधन, केसीसी, सुखाड़ राहत आदि योजनाओं के अतिरिक्त म्युटेशन, नापी एवं अन्य प्रकार के सेवाओं की भी समीक्षा की एवं सभी प्राप्त मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा को विधि व्यवस्था लागू कराने संबंधी आवश्यक दिशा-निदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री झा द्वारा उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने एवं यातायात का नियंत्रण करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री के संभावित आगमन पर निर्धारित मुख्य कार्यक्रम स्थल (नगर भवन, गढ़वा का मैदान), हेलिपैड एवं परिषदन भवन गढ़वा का भी निरीक्षण किया गया एवं कार्यक्रम संबंधी चल रहे आवश्यक तैयारियों का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न दिशा निर्देश दिए गए। उक्त मौके पर डीडीसी, एसी, एसडीओ- गढ़वा, रंका एवं नगर उंटारी के अलावे कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग आदि उपस्थित थें।

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को पकड़ा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू उत्खनन एवं बिक्री कर रहे बालू माफियाओ पर बड़ी कारवाई करते हुए भवनाथपुर थाना पुलिस ने मंगलवार की अहले सुबह थाना मोड़ और खरौंधी मोड़ के समीप से अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को पकड़ा एवं तीनों ट्रैक्टर चालक सहित चार लोगों को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेजा। थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो के नेतृत्व में गठित टीम ने उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। अवैध तरीके से बालू लदे जब्त ट्रैक्टर को थाना लाकर वाहन,वाहन चालक और मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। पकड़े गये तीनों ट्रैक्टर केतार थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर एवं ताली गांव निवासी संतोष प्रसाद, नितीश कुमार एवं इंद्रदेव कुमार साह की बतायी जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने बताया कि उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए मुकुंदपुर निवासी चालक सुशील कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता संजय बियार, ताली के सुदीप कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता सुखाड़ी साह, अजय कुमार उम्र करीब 18 वर्ष पिता मखन साह, ट्रैक्टर मालिक इंद्रदेव कुमार गुप्ता उम्र करीब 30 वर्ष पिता मुखलाल साह को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में समर्थ विद्यालय के छात्रों ने विजय हासिल की



**रंका (आजाद सिपाही)।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत खेलो झारखंड के फुटबॉल प्रतियोगिता में कक्षा 6 से लेकर 8 तक के बालक वर्ग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय (समर्थ) रंका के छात्रों ने किया कब्जा। बताते चलें की गढ़वा जिला के एकमात्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में असहाय, निरीह तथा उग्रवादियों से सताए हुए परिवार के बच्चे अध्ययन करते हैं। अध्ययन के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से बच्चों को खेल के प्रति समय-समय पर भावना जागृत किया जाता है। जिसका प्रतिफल है कि आज जिला स्तरीय खेलो झारखंड फुटबॉल प्रतियोगिता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छात्रों ने बाजी मार ली है। अब राज्य स्तर पर अपनी खेल का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शमशाद आलम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बच्चे हर क्षेत्र में अच्छा कर रहे हैं और उम्मीद है कि राज्य स्तर पर भी अच्छा करके दिखायेंगे और गढ़वा जिला का नाम रौशन करेंगे।

## देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार, जेल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के ओखरगाड़ा पंचायत के गटियरवा गांव से एक युवक को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी अनुसार गटियरवा गांव के मुन्द्रिका उरांव का 22 वर्षीय पुत्र पिंटू उरांव को थाना पुलिस द्वारा एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की पिंटू उरांव पास अवैध देसी कट्टा है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई तो गटियरवा गांव निवासी पिंटू उराव उर्फ पिंटू केरकेट्टा को एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद थाना में कांड दर्द कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## डीसी के निर्देश पर 6 लोगों का आधार कार्ड बनाया

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत बाहाहारा गांव में उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर मुसहर जाति 6 लोगों लोगों का आधार कार्ड बनाया गया। बताते चलें उपायुक्त गढ़वा ने रंका प्रखंड में निवास कर रहे मुसहर जाति के लोगों को निश्चित आवास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आधार का निर्माण कराने का निर्देश दिया है। जिसके आलोक में आज बाहाहारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र पासवान, पंचायत सेवक फौजदार साहू, धीरेंद्र कुमार ऑपरेटर के सहयोग से 6 लोगों को आधार कार्ड बनाने के लिए पहल शुरू कर दी गई है। जिसमें पुष्पा मुसहर, नीला मुसहर, राजन मुसहर, रेखा मुसहर, हरदेव मुसहर तथा उपेंद्र मुसहर का नाम शामिल है।

### गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी

# मुख्यमंत्री खतियान जोहार यात्रा का गढ़वा से करेंगे शुभारंभ, तैयारी पूरी: धीरज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** खतियानी जोहार यात्रा का गढ़वा में जबरदस्त आगाज होगा। इस यात्रा का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आठ दिसंबर को गढ़वा जिला से करेंगे। इसके लिए जिला मुख्यालय स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने दी। जानकारी देते हुए श्री दुबे ने बताया कि गुरूवार को खतियानी जोहार यात्रा का शुभारंभ सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं महागठबंधन घटक दल द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 1932 का खतियान, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण पारित होने एवं आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार की सफलता को देखते हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को राज्य में आमजनों ने काफी सराहा है।



साथ ही जमीन रजिस्ट्री के बाद म्यूटेशन की प्रक्रिया स्वतः प्रारंभ हो जाना राज्य की जनता के लिए बहुत ही सराहनीय कदम है।

### कई योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा

राज्य में आज कई योजनायें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, सुमो मोटो म्युटेशन प्रणाली प्रक्रिया का राज्यव्यापी शुभारंभ, सावित्री वाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी, राशन कार्ड, बिरसा आवास, सोना-सोबरन, फुलो-झानो आदि कई योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। श्री दुबे ने कहा कि कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक को वाहन पार्किंग के लिए दो स्थान तय किया गया है। इनमें नवादा मोड़, कचहरी की ओर से आने वाली गाड़ियां मंगल भवन के समीप वन विभाग के मैदान (दुर्गा मंदिर प्रांगण) में पार्किंग की जायेगी। जबकि टंडवा की ओर से आने वाली गाड़ियां दानरों नदी के किनारे छठ घाट पर पार्किंग की जायेगी। रेहला रोड एवं मझिआंव की ओर से आने वाली गाड़ियां भी सोनपुरवा मिनी बाइपास होते हुए दानरों नदी छठ घाट पर पार्किंग की जायेगी।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 07 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com
09

भास्कर एजुकेशन एकेडमी विद्यालय देवी मंडप रोड घाघरा का हुआ उद्घाटन

# शिक्षा में गुणवत्ता मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता: नितेश भास्कर



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** जीवन का मुख्य आधार है शिक्षा, जिसके बिना एक उन्नत और सभ्य समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। परंतु आज के परिवेश में शिक्षा का जिस तरह से व्यवसायीकरण हुआ है कही न कही गुणवत्ता काफी पीछे छूट गया है। उक्त बातें भास्कर एजुकेशन एकेडमी के निदेशक नितेश रंजन भास्कर ने कही। मौका था भास्कर एजुकेशन एकेडमी देवी मंडप रोड घाघरा के उद्घाटन का। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद इस विकट परिस्थिति में शिक्षा का गुणवत्ता बनाये रखना भी एक चुनौती है। जिसे पूरा करना हम सब का उत्तरदायित्व है। इसी उद्देश्य एकेडमी खोलने का निर्णय लिया गया। जिसका वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंगलवार को शुभारंभ हुआ। एकेडमी के संस्थापक नितेश रंजन भास्कर ने कहा कि गुणवत्ता से भरा शिक्षा बच्चों को संस्कारों में ढालता है और हार को जीत में बदलना सिखाता है। ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार शिक्षा के उद्देश्य हैं। इससे हम पीढ़ियों से संचित ज्ञान परम्परा से लाभांवित होते हैं। कौशल हमें आजीविका के प्रबंधन के योग्य बनाता है और संस्कार से ईमानदारी, परिश्रम, कर्त्तव्य निष्ठा, चारित्रिक बल तथा देशभक्ति के गुण विकसित होते हैं।

## निदेशक ने 10वीं और 12वीं के छात्रों को बताये शिक्षा के गुर

कक्षा दशवीं और बारहवीं के छात्रों से प्राचार्य ने कहा कि सफलता के लिए संकल्पित होकर लक्ष्य तय कर परिश्रम आवश्यक है। परीक्षा में उत्साह से भरे रहें पर तनाव न पालें। अपने मेहनत पर भरोसा रखें सफलता एक दिन आपके दरवाजे पर स्वयं आएगी।

## इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि कुमार अनिल, डॉ. शिवकुमार, संजय सिंह, बीएस कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल परमानंद अग्रवाल, गौरव शर्मा, शिक्षकों में शिवम मिश्रा, सोनी कुमारी, नेहा प्रजापति, संध्या भास्कर, रीता कुमारी, अर्जुन कुमार सहित विद्यालय के विद्यार्थी मौजूद थे।

# बच्चों को अपने पढ़ाई के प्रति इमानदार रहने की जरूरत: नंदलाल साहू



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को 'मिशन बदलाव' टीम के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के संयोजक मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता नंदलाल साहू ने राजकीयकृत उतक्रमित उच्च विद्यालय, कोड़ेदाग, सिसई, गुमला में विभिन्न प्रकार के मानसिक समस्याओं का समूह कॉउंसलिंग किया गया और बच्चों को बताया गया कि कैसे आप तनावग्रस्त जीवन से बचते हुए शिक्षा पर फोकस कर सकते है। आज के बच्चों को ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई में ध्यान देने की जरूरत है, अगर ईमानदारी पूर्वक शिक्षा नहीं लेंगे तो अपना कैरियर सही नही बना सकते है। आज सभी बच्चों को अपने आस पास के और भी बच्चे जो पढ़ाई छोड़ चुके है। उनको भी पढ़ाई से जोड़ने के लिये मित्र बनाने पर भी जोर दिया गया, सभी बच्चों का पढ़ना चाहिये, इसके लिये बच्चों को भी प्रेरित किया गया। इस कार्य में विद्यालय के प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षकों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

# उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्याओं का किया समाधान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने अपने कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कर आवेदकों की व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त के जनता दरबार में कामडारा प्रखंड की सिसीलिया बरला, लतरा कापरा निवासी द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि वर्ष 2013 में पीएलएफआइ उग्रवादीयों के द्वारा उनके पति की हत्या कर दी गई है जिसके लिए नौकरी तथा मुआवजा राशि की मांग की इस संबंध में उपायुक्त ने जिला स्थापना शाखा को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही गुमला प्रखंड के सुलेखा कुमारी, डारूटोली निवासी द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि वह रूमेटाइड अर्थराइटिस बीमारी से पीड़ित है जिसके लिए उपायुक्त से इलाज के लिए खर्च के लिए सहायता की मांग की। प्राप्त आवेदन पत्र को उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को स्वास्थ्य सहायता योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। आवेदिका ने आवेदन समर्पित कर बताया कि पति स्वः वीरेंद्र पहान समादेष्टा झारखंड गृह रक्षावाहिनी के पद पर कार्यरत थे। सेवा के दरमियान ही उनकी मृत्यु हो गई। उनके द्वारा बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं भरण-पोषण के लिए सरकारी लाभ से अच्छादित करने की मांग की गई। आवेदन पत्र को आग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला स्थापना को भेजने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में जमीन संबंधित, मानदेय भुगतान, नौकरी सहित अन्यान्य समस्याओं से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया

**बसिया (आजाद सिपाही)।** अगले साल तक पूरे गुमला जिले को टीबी मुक्त कर लिया जायेगा। इसके लिए जन भागीदारी को मुख्य आधार बनाते हुए बसिया से इसकी शुरूआत कर दी गई है। इस आशय का संकल्प लेते हुए जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव ने आज बसिया में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। इसके लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित तत्संबंधी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों ने जिस उत्साह के साथ टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार किट उपलब्ध कराने की पहल की है वह बहुत ही उत्साह वर्धक है। इसकी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बसिया ने हमेशा इस तरह के तमाम अवसरों पर पूरे जिले को दिशा देने का काम किया है और आम लोगों के द्वारा टीबी मरीजों को अपने खर्च पर पोषाहार उपलब्ध कराने की यह पहल इसका एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस कार्यक्रम का पूरे जिले में विस्तार करने की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए जनभागीदारी एक आवश्यक शर्त है और इस उत्साह के बल पर यह दावा किया जा सकता है कि एक वर्ष में न केवल पूरे जिले को टीबी मुक्त कर लिया जाएगा बल्कि जनभागीदारी व सामान्य प्रशासन के बीच के रिश्ते की इस पहल से जिले को एक नई मुकाम पर पहुंचाने का दावा किया जा सकेगा। ज्ञातव्य है आज बसिया में प्रखंड के सभी टीबी मरीजों को जनसहयोग से पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

# माओवादियों को पकड़ने पहुंची पुलिस के हाथ लगी राइफल और गोलियां

भाकपा माओवादी रविंद्र गांझू दस्ते का सक्रिय सदस्य इंद्रदेव खेरवार भागने में हुआ सफल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** पुलिस को मिली बड़ी सफलता माओवादियों के द्वारा पुलिस का लूटा हुआ 3 नॉट 3 राइफल सहित एक देशी राइफल वा भारी मात्रा में गोली बरामद किया। मंगलवार को बिशुनपुर थाना में गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली कि भाकपा माओवादी रविंद्र गंजू दस्ता का सदस्य इंद्रदेव खेरवार अपने मृतक ससुर के ब्राह्मण भोज में शामिल होने के लिए नीचे हपाद गांव स्थित अपने ससुराल आया हुआ है। जिसके बाद तत्काल संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल में सीआरपीएफ 158 बिशुनपुर पुलिस के द्वारा टीम गठन कर क्षेत्र की घेराबंदी की गई। लेकिन घना जंगल का फायदा उठाकर नक्सली इंद्रदेव खेरवार फरार हो गया। जिसके बाद सीआरपीएफ 158 बटालियन व बिशुनपुर पुलिस के द्वारा मेटल डिटेकटर एवं खोजी कुत्ता के द्वारा इंद्रदेव खेरवार के द्वारा हपाद जंगल मे में छिपा कर रखे गए। एक 303 पुलिस से लूटा हुआ राइफल, 303 देसी राइफल, 76 पीस गोली, ऊडलैंड कंपनी का एक जोड़ा जूता। पुलिस ने बरामद किया है।



## भाकपा रविंद्र गंजू का दास्तां है क्षेत्रों में सक्रिय

गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि इन क्षेत्रों में भाकपा माओवादी के रविंद्र गज्जू का दास्तां सक्रिय है लगातार सीआरपीएफ एवं पुलिस नक्सलियों के खिलाफ क्षेत्र में अभियान चला रही है। जिससे नक्सली बैकफुट पर आ गये है। पुलिस को लगातार इन क्षेत्रों में सफलता मिल रही है।

## छापामारी अभियान में यह अधिकारी थे शामिल

सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमांडेंट सुधीर कुमार, सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर राम कुमार, थाना प्रभारी सदानंद सिंह, बिशुनपुर पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवान वा सेट 8 के जवान शामिल थे।

# पांच युवकों से भरी बाइक हुई दुर्घटना ग्रस्त, एक की मौत, चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत और चार गंभीर रुप से घायल हो गए। हैरत की बात तो यह है कि एक ही मोटरसाइकिल में पांचों नाबालिग युवक सवार थे। बताया जा रहा है कि वे युवक नवागढ़ पतराटोली बजार सेअपने घर जा रहे थे। अभी वो अपने घर जयकिसान स्कूल से पहले मिलमिली नदी माझांटोली के पास पहुंचे ही थे कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नदी के नीचे गिरे गई। और घटना स्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई। और चार यूवकों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां तीन की हालत नाजुक होने पर उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। दुर्घटना लगभग शाम 6से 7बजे की है सभी युवक नाबालिग है। मृत युवक का नाम अजय केरकेट्टा है। उसकी उम्र लगभग 18साल बताई जा रही है। चार गंभीर रूप से घायल में दो सगे भाई 18 वर्षीय संतोष बड़ाईक,14 वर्षीय मनतोष बड़ाइक के नाम शामिल हैं। इनके पिता बासुदेव बड़ाइक हैं। दो अन्य घायलों में नंदलाल गोप उम्र 17 साल, पिता अर्जुन गोप है। एक घर के दोनों भाई संतोष व मनतोषं बड़ाइक एवं नंदलाल गोप की बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए तीन को रिम्स रेफर रात लगभग 9 बजे किया गया। वहीं घटना की सुचना पर मजदूर संघ सीएफटीयुआइ झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खांन अपने टीम के साथ रात 10 बजे सदर अस्पताल पहुंच कर मृतक युवक व घायलों के परिजन से मिल कर घटना की जानकारी ली। तथा घायलों के इलाज में सहयोग किया।



## अपने घर का इकलौता बेटा था अजय

मृतक अजय केरकेट्टा के माता पिता ने कहा कि उनके दो बेटी और एक बेटा था जिस पर अपने बुढ़ापा में सहारा की उमीद थी। बेटे की मौत के बाद दोनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

# लात-घूसे से मारकर की पत्नी की हत्या

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** थाना अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र कुलुकेरा पंचायत के सिजाग उपरघाट गांव के प्रदीप सिंह 35 अपने पत्नी वेदंवती देवी 30 वर्ष को पिछले रात्रि सोमवार को अपने घर में ही किसी बात से पति पत्नी में लड़ाई हुआ और पति के द्वारा लातगुसा से मारकर हत्या कर दिया। जिसकी जानकारी कुलूकेरा पंचायत के मुखिया धनेश्वर नगेसिया ने पालकोट पुलिस को आज मंगलवार को सुचना दिया गया। सूचना मिलतें ही पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिडां, जेएसआइ कृष्ण कांत गुप्ता, राजेश कुमार दल बल के साथ गांव जाकर शव को कब्जे में लेते हुए हत्यारा पति प्रदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। हत्यारा पति प्रदीप सिंह ने अपना जुल्म कबुल करते हुए कहा कि मैं नशे में था और मेरी पत्नी से आपसी विवाद हुआ और मैं गुस्से में पेट में लाथ मार दिया जिससे उसका मौत हो गया।

# दो महिलाओं से कैश सहित लोन की राशि हड़पी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के दो महिलाओं से व्यवसाय के लिए बैंक लोन दिलाने और लोन की राशि सहित नकद राशि हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता लक्ष्मी देवी ने 9 लाख 27 हजार 5 सौ एवं चिंता देवी ने 6 लाख रुपये सहित कुल 15 लाख 27 हजार 5 सौ रुपये हड़पने को लेकर पिस्का मोड़ देवी मंदिर रोड़ रांची के अभिनाश ठाकुर, मोबिन अहमद एवं सिसई थाना क्षेत्र के निमड़ा निवासी संतोष गोप के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाना क्षेत्र के अमकुली, ओल्मुण्डा एवपं वर्तमान में कुदरा गांव निवासी महिला लक्ष्मी देवी व कुदरा की चिंता देवी से खुद को फायनेंसर बताकर रांची के अभिनाश कुमार ठाकुर द्वारा बैंक ऑफ इंडिया सिसई शाखा से लक्ष्मी को फ्लाई अश ईंट भट्टा के लिए 12 लाख 50 हजार एवं चिंता देवी को कार वाशिंग सेंटर के लिए 5 लाख का लोन पास कराया गया, लोन पास कराने के लिए अभिनाश ने लक्ष्मी से तीन किस्तों में 1 लाख 68 हजार 5 सौ नगद एवं चिन्ता देवी से 85 हजार खाता ट्रांसफर व 15 हजार रुपये नगद लिया गया है। लोन मिलने पर अभिनाश ने लक्ष्मी से 8 लाख 50 हजार का डीडी रांची के मोबिन अहमद एवं कैमिकल के नाम पर 1 लाख कंचन कुमार के खाते मे और चिंता से 5 लाख रुपये औरंगाबाद बिहार के कंपनी एवं सप्लायर के खाते में एवं मार्जिन मनी के नाम पर 85 हजार ट्रांसफर करा लिया गया। लक्ष्मी को लोन दिलाने के लिए सिसइ थाना क्षेत्र के निमड़ा गांव निवासी संतोष गोप द्वारा अभिनाश से संपर्क कराया गया था। दोनों पिड़िता बैंक के दबाव एवं डर से लोन का पैसा बिना मिले ही लगातार मासिक स्टॉलमेंट भर रहे हैं। आवेदन के आधार पर अभिनाश ने लक्ष्मी को अब तक 1 लाख 91 हजार रुपये लौटाया है, वहीं पूर्व में अभिनाश द्वारा साढ़े 4 लाख का दो चेक एवं 4 लाख 6 हजार का दो चेक मोबिन अहमद द्वारा दिया गया था, किंतु लक्ष्मी को मिले चारों चेक बैंक से बाउंस हो चुका है। वहीं चिंता देवी को एक भी पैसा नही लौटाया गया है। आरोपी द्वारा पैसा लौटाने को लेकर दोनों महिलाओं को बीते दो वर्षों से लगातार टालमटोल किया रहा है। पीड़ित दोनों महिलाओं ने अपने पैसे की वापसी एवं दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है।

# हवन पूजन रुद्राभिषेक के साथ सेहल बाजारटांड़ में चल रहे नव कुंडीय सत्यचंडी महायज्ञ का हुआ समापन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सेहल बाजारटांड़ में चल रहे नव कुंडीय सत्यचंडी महायज्ञ का समापन मंगलवार की देर शाम संपन्न हुई। महायज्ञ के अंतिम दिन 21 वर वधु जोड़ा का शादी संपन्न करायी गई। साथ ही एकादश शिवलिंग का रुद्राभिषेक ब्राह्मणों द्वारा कराया गया। साथ में हवन और पूजन के साथ यज्ञ अनुष्ठान का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसके साथ ही समिति द्वारा प्रसाद वितरण की गई। मौके पर समिति के मुख्य संरक्षक अशोक उरांव ने बताया कि विगत 27 नवंबर से शुरू हुए नव कुंडीय सत्यचंडी महायज्ञ का समापन आज किया गया। इस महायज्ञ में प्रखंड क्षेत्र के अलावा कई अन्य प्रखंडों से भी लोग हजारों की संख्या में शामिल हुए और श्रीमद् भागवत कथा का आनंद उठाया। 9 दिनों तक वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा रासलीला के साथ साथ प्रतिदिन भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया था। इस महायज्ञ में सहयोग करने वाले सभी लोगों का अभिनंदन भी श्री उरांव ने किया, साथ ही उन्होंने कहा कि महायज्ञ बिना सहयोग का पूरा नहीं हो सकता। वही अचार्य कल्याण बाबा ने कहा कि महायज्ञ संपन्न आज की गई महायज्ञ होने से पूरा क्षेत्र में शांति समृद्धि होगी वातावरण शुद्ध हुआ। भगवान शिव और बांके बिहारी मां दुर्गा सभी देवी देवताओं का कृपा और आशीष सब पर बनी रहे। इस मौके पर उपस्थित लोगों में वृंदावन बनारस एवं चित्रकूट से आए ब्राह्मण अमित शास्त्री, आशीष बैध, अजय शास्त्री, विकास पाठक, आलोक शास्त्री, दीपक मिश्रा, धुर्वेश शास्त्री, हरिओम शास्त्री, राम लखन शास्त्री, दिनेश पाठक, रामाधार, कथा वाचक किशोरी असिता, महायज्ञ के अध्यक्ष परमेश्वर साय, सतवंती देवी, अरुण कुमार पांडे, प्रेमदीप जायसवाल, अरविंद पाठक, रमेश जायसवाल, बीनू गोप, रमजीत प्रजापति, हिमांशु पाठक, राजेश भगत, अमित ,आशुतोष जायसवाल, राजमोहन यादव, भीखम प्रजापति कृष्णा महतो, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बीडीओ के आदेश पर मकुंदा स्कूल पहुंची सिसई बीइइओ, की खानापूर्ति

# एचएम और संयोजिका को करवाई की जगह चेतावनी देकर छोड़ा

ओज जायसवाल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मकुंदा स्कूल में खराब जलमीनार एवं चापाकल, बच्चों को नाश्ता नही मिलने और दो निजी शिक्षकों को अभिभावकों से पैसा लेकर स्कूल के बच्चों को पढ़ाने आदि समस्यायों की खबर *आजाद सिपाही* में छपने के बाद प्रखंड प्रशासन हरकत में आया। खबर के प्रकाशित होने के बाद बीडीओ ने मामले में जांच के आदेश दिए। आदेश मिलने के बाद मंगलवार को सिसइ बीइइओ जोहानी टोप्पो स्कूल पहुंची और मामले की जांच की। मगर जांच के बाद उनके द्वारा की गई करवाई महज खानापूर्ति की तरह प्रतीत हो रही है। उन्होने मध्यान भोजन में बरती गई लापरवाही के एवज एचएम अनुपा बेक व संयोजिका प्रेमा देवी को फटकार लगा कर छोड़ दिया। बीइइओ ने बताया कि बिना विद्यालय में नियम विरुद्ध दो शिक्षकों विश्वनाथ बड़ाइक और सुरजमुनी कुमारी की बहाली की गई थी। दोनों शिक्षकों को विद्यालय से हटा दिया गया है। वहीं विद्यालय के हाजिर रजिस्टर, दैनिक उपस्थित पंजी सहित कई दस्तावेजों की भी जांच की गई। एचएम को स्कूल में हो रहे रंगरोगन वएवं दिवाल लेखन का कार्य जल्द पूरा करने का आदेश दिया गया। बीइइओ ने अपनी उपस्थिति में मिड डे मिल की नयी सूची का दिवार लेखन कराया। वहीं एचएम अनुपा बेक और संयोजिका प्रेमा देवी को अगली बार गलती होने पर दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। वहीं बीइइओ ने स्कूल में पानी की समस्या को लेकर उन्होंने एच एम और प्रबंधन समिति को पुनः बीडीओ को आवेदन देने का निर्देश दिया है।

आजाद सिपाही खबर का असर



## ब्रांच पोस्ट मास्टर की मौत के बाद लोगों में शोक व्याप्त

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** आदर पोस्ट ऑफिस के ब्रांच पोस्ट मास्टर कुंदन कुमार साहू की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद घाघरा, आदर व गुमला पोस्ट ऑफिस कर्मी के अलावे प्रखंड मुख्यालय के लोगों में शोक की लहर है। मंगलवार को घाघरा पोस्ट ऑफिस परिसर में मृत आत्मा की शांति के लिए मौन धारण रखा गया। इस मौके पर घाघरा पोस्ट मास्टर संजय कुमार सुमन ने कहा कुंदन की सड़क दुर्घटना में मौत विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है। काफी मेहनती व काम के प्रति सजग रहने वाले युवा पोस्ट मास्टर की मौत की भरपाई विभाग नहीं कर पाएगी। यहां बता दें कि कुंदन भले ही नौकरी करने के लिए चान्हो प्रखंड से घाघरा आया था पर घाघरा में वह सब के दिलों में अपना जगह बनाया था। सभी से आदर पूर्वक बात करना अब सभी लोगों को खल रहा है। रात्रि में अस्पताल में घाघरा के लगभग 200 से अधिक ग्रामीणों की भीड़ कुंदन की

घाघरा प्रखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा, पार्ट : 5

# घाघरा के रुकी पंचायत में भी सोलर हैंड वॉस योजना में भारी अनियमितता

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के रुकी गांव में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहां भी सोलर हैंड वॉश के नाम से खुली लूट मची है। बिचौलिया द्वारा सोलर हैंड वाश योजना का प्राक्कलन के विपरीत सामग्री लगा दिया है और प्राकलन से अधिक राशि का निकासी कर ली गई है। जिसमें प्रखंड स्तरीय कई सरकारी कर्मी और मुखिया के अलावा अधिकारी की भी संलिप्ता साफ दिख रही है। सोलर हैंड वाश लगाने के नाम पर टीना डब्बा, ऑर्डिनरी कंपनी का समरसेवल और सोलर लगाया गया है। बावजूद पैसे की निकासी बिचौलिया की संलिप्तता पर पंचायत सचिव आशिक मीर और मुखिया भीम उरांव के द्वारा कमीशन के चक्कर मे भुगतान कर दिया गया। सोलर हैंड वाश योजना राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुकी और राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय पोढ़ा में लगाया गया है। इस दोनों योजनाओ में 4 लाख 98 हजार रुपया भुगतान किया गया है। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुकी में 249000 रुपया का भुगतान किया गया है। वही राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय पोढ़ा में 249000 दिख रहा है।




## रटा रटाया... जवाब जांच करेंगे : अधिकारी

अधिकारियों का रटा रटाया जवाब रहता है। अनियमितता के संबंध में पूछने पर बीडीओ से लेकर कई संबंधित अधिकारी का यही जवाब रहता है कि जांच कर कार्रवाई करेंगे पर एक भी योजना में अभी तक जांच नहीं हुआ है और ना ही कोई कार्रवाई हुई है। इससे भ्रष्टाचार में सबकी संलिप्तता प्रतीत होती है।

## योजना की सामग्री लगी है लेकिन भुगतान की राशि का नहीं है पता

इस संबंध में पंचायत सचिव आशिक मीर ने बताया कि दो जगह पर योजना की सामग्री लगी है लेकिन भुगतान की राशि हमें स्पष्ट जानकारी नहीं है। देखने के बाद बतायेंगे।

## योजना की सामग्री लगा है और भुगतान भी हो चुका है: मुखिया

इस संबंध में मुखिया भीम उरांव से पूछने पर उन्होंने कहा कि दो योजना हैंड वॉश का कराया गया है और भुगतान भी कर दिया गया है।

## हैंडवाश का काम बंद, जांच के बाद होगा भुगतान : बीडीओ

इस संबंध में बीडियो विष्णु देव कच्छप से पूछने पर उन्होंने कहा हैंड वाश योजना में काफी शिकायत मिल रहा है। गहनता पूर्वक योजनाओं का जांच किया जायेगा। जिसके बाद ही भुगतान होगा। जिस योजना का भुगतान हो गया है उस पर भी जांच के बाद रिकवरी कराया जायेगा।

## पलामू एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# सदर एसडीएम के पेशकार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर सदर एसडीएम के पेशकार अशोक कुमार को घूस लेते पलामू एसीबी टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पेशकार 30 हजार रुपए घूस ले रहे थे। पेशकार को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी कार्यालय लाया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। पलामू एसीबी की टीम ने मंगलवार की पूर्वाहन में सदर एसडीएम कार्यालय में छापामारी की। यहां से पेशकार अशोक कुमार को घूस की राशि 30 हजार रुपए लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी पलामू के पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी है कि पलामू के चैनपुर प्रखंड के बोडी करसों निवासी मुबारक हुसैन ने 1 दिसंबर को लिखित सूचना दी कि वर्ष 2017 में सदर एसडीएम कोर्ट में जमीन संबंधित मामले में 133 सीआरपीसी का केस जलालुद्दीन अंसारी के द्वारा किया गया था। केस खारिज हो चुका है, इसके बावजूद पेशकार अशोक कुमार उन्हें बुलाकर बोले की आपका केस खारिज हो चुका है हम लिख देंगे तो काम आपका हो जाएगा। इसके लिए साहब को 25 हजार रुपए और मुझे 5000 बतौर घूस देने होंगे। मुबारक हुसैन ने अपनी गरीबी का हवाला देकर पैसे देने में असमर्थता जताई लेकिन पेशकार अशोक रिश्वत लेने के बाद ही काम करने को तैयार थे। वादी घूस नहीं देना चाहते थे और इसकी शिकायत एसीबी कार्यालय में करने पर उसका सत्यापन किया गया। मंगलवार कि पूर्वाह्न करीब 11:45 बजे जैसे ही वादी ने घूस के 30000 पेशकार को दिए एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ धर दबोचा।



## बाबा साहब का जीवन दर्शन प्रेरणादायी : मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आजादी के बाद देश को बेहतर संविधान की जरूरत थी। तब बाबा साहब ने कई देशों के संविधानों का अध्ययन किया और विश्व का सबसे बड़ा और अच्छा संविधान बनाकर भारत के लोकतांत्रिक स्तम्भ को मजबूत किया। उनके जीवन दर्शन से युवा वर्ग को अध्ययन करने और देश को ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रेरणा मिलती है। डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर की अद्वितीय प्रतिभा अनुकरणीय है। वे एक मनीषी, योद्धा,नायक,विद्वान,दार्शनिक,वैज्ञानिक,समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे। वे अनन्य कोटी के नेता थे जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत के कल्याण कामना में उत्सर्ग कर दिया। उक्त बातें बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अंबेडकर पार्क में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने के उपरांत मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही। तत्पश्चात अपने प्रतिदिन के निर्धारित कार्यक्रम आपका बेटा आपके द्वार कार्यक्रम के तत्वाधान में वार्ड संख्या 5 पोखराहा क्षेत्र भ्रमण में शामिल हुए तथा लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने इस बार बदलाव की बात कही और लोगों से आशीर्वाद की भी कामना की।



## बीपीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक की, दिये कई निर्देश

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा ने मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, जीआरएस कंप्यूटर आपरेटर आदि उपस्थित थे। बैठक में बीपीओ ने मनरेगा व 15वें वित्त योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बीपीओ ने मानव दिवस का लक्ष्य के अनुरूप सृजन करने,पोटो हो खेल मैदान में कार्य के अनुरूप भुगतान कर योजना को बंद करने का निर्देश दिया ।साथ ही उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में मनरेगा का कार्य चालू रखने सम्बंधित निर्देश दिया। ताकि स्थानीय मनरेगा मजदूरों को अपने ही क्षेत्र में काम मिल सके। विशेषकर खेल मैदान,चेंजिंग रूम,शौचालय निर्माण व बागवानी प्रमुख रूप से शामिल है। उक्त सभी योजनाओं में मनरेगा मजदूरों को काम मिल सके इसके लिए सभी कर्मियों को धरातल पर गंभीरता से जुटने का भी निर्देश दिया ।मौके पर प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम,सहायक अभियंता अमित मेहता,कनीय अभियंता नीरज गुप्ता,शिवनाथ राम,मणिकांत कुमार,लेखा सहायक संजीव कुमार,रोजगार सेवक उमेश चौधरी, अजय कुमार समीर आलम समेत कई मनरेगा कर्मी मौजूद थे।



## मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एसडीओ ने राजनीतिक दल के लोगों के साथ की बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बैठक की। इसमें मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर कई मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के लोग शामिल हुए ।बैठक में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 में प्राप्त हो रहे प्रपत्र 6,7,8 का जनरेट कॉपी 9,10,11 के विषय मे जानकारी दिया गया ।साथ ही नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण और नया एड्रेस परिवर्तन करने के बारे में जानकारी दी गई ।इसके अलावा मृत व्यक्ति का मतदाता सूची से नाम हटाने और इलेक्टोरल वेरिफिकेशन किए जाने की जानकारी दी ।एसडीओ ने सभी राजनीतिक दल के लोगों से विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य मे जागरूकता लाने की बात कही। बैठक में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ,उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता,बसपा नेता अजय कुमार भारती , विरेन्द्र कुमार राम,राजद नेता सुदेश्वर राम,कांग्रेस नेता अवधेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।



## रैयतों का दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी, नहीं लिया कोई सुध

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के ढाब कला, ढाब खुर्द, बिजनीबार, चंदा, सेमरबार आदि ग्रामीण रैयतों का दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। रैयत अपनी मांगों को मंगवाने पर धरना स्थल पर अड़े हुए हैं। दूसरे दिन भी बीत गया पर संबंधित अधिकारी या आसीन नेताओं ने सुध नहीं लिया। रैयतों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। अभी तो हमारा धरना प्रदर्शन हैं, बाद में आमरण अनशन भी करेंगे।



## पीएम आवास के लाभुकों से अवैध राशि वसूलना बंद करें, नहीं तो होगा आंदोलन : कमलेश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज शहरी पीएम आवास के लाभुकों से रिश्वत लेना बंद करें नहीं तो रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। उक्त बातें मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार यादव ने प्रखण्ड व नगर पंचायत कार्यालय परिसर में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना शहरी के वैसे लाभुक जो नगर पंचायत कार्यालय का महिंनो से चक्कर लगाने के बाद भी प्रथम एवं द्वितीय किस्त के राशि से वंचित हैं ।बावजूद इसके नगर पंचायत के अधिकारी वैसे लाभुकों से अवैध रिश्वत लेकर ही उन्हें तीसरे किस्त की राशि भुगतान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 30 लाभुकों से अवैध वशुली कर तीसरे किस्त की राशि का भुगतान करने का मामला उजागर हुआ है ।उन्होंने नगर प्रसाशन के इस रवैए को चिंता जनक बताते हुए कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी है ।साथ ही उन्होंने इसे लेकर नगर पंचायत कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की बात कही है। मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से आये कई लोग मौजूद थे।



## डॉ भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के पिता के रूप में भी जाना जाता है : रमा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद पलामू के द्वारा बाबा साहेब डां भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस एवं समरसता दिवस के अवसर पर शहर में अवस्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मेदिनीनगर नगर इकाई के नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। मौके पर श्री पासवान ने कहा कि बाबासाहेब अम्बेडकर के नाम से लोकप्रिय डॉ.भीमराव रामजी अंबेडकर एक न्यायविद, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। उन्हें भारतीय संविधान के पिता के रूप में भी जाना जाता है। एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और एक प्रख्यात न्यायविद्, अस्पृश्यता और जाति प्रतिबंध जैसी सामाजिक बुराइयों को मिटाने के उनके प्रयास उल्लेखनीय थे। अपने पूरे जीवन में, उन्होंने दलितों और अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। जिला संयोजक अभय वर्मा ने बाबा साहेब की जीवनी को उल्लेखित करते हुए कहा कि बाबा साहेब बॉम्बे के उच्च न्यायालयों में अपनी वकालत शुरू की। उन्होंने लोगों को अपने अधिकारों के प्रति लड़ने के लिए और जाति व्यवस्था को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। सामाजिक कार्य में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण लोगों ने उन्हें बाबा साहेब के नाम से संबोधित करना शुरू कर दिया। मौके पर नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार रवि,राहुल कुमार करो,नितीश दुबे, प्रकाश पांडे, सुमित पाठक,जितेंद्र मेहता आदि दर्जनों कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।




## डॉ अंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस पर बसपाइयों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र के बभंडी गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द के समीप मंगलवार को स्वतंत्र भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के 67 वीं महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। बसपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार गौतम, रामजी यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर व फूलमाला पहना कर श्रद्धांजलि दी गई ।बाद में लोगों ने बाबा साहब अमर रहे आदि जमकर नारेबाजी की । इस मौके पर अशोक राम, नरेश राम, पिंटू कुमार, भोलाराम, ओमप्रकाश राम, रामविलास राम,वृहस्पत राम, बैजनाथ राम, जीतू राम, विगन ठाकुर, श्रीनाथ गुप्ता,चंद्रिका राम, पुरुषोत्तम, मुकेश राम, लक्ष्मण राम, छोटू कुमार, कपिल राम, रामपति राम, अवध ठाकुर, सीताराम सहित कई लोग शामिल थे।

## मध्य विद्यालय में बाबा साहेब की महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मॉडल स्कूल का दर्जा पा चुके राजकीय मध्य बिद्यालय हुसैनाबाद के परिसर में संविधान निमार्ता डॉ०भीम राव अंबेड़कर का 66वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बिद्यालय के एचएम यूपी सिंह , समस्त शिक्षकगण व छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर एच एम यूपी सिंह और जीएस चौबे ने विस्तार से उनकी जिंदगी के बारे में बताया कि कैसे वह उस समय के विकृत सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था में शून्य से शिखर पर पहुंचे ।शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने कहा की 29अगस्त 1947 को संविधान निर्माण हेतु गठित प्रारुप समिति के अध्यक्ष बनाये गये जिनके अथक परिश्रम से 2 वर्ष 11महीने 18दिन में संविधान बनकर तैयार हुआ। शिक्षक जुबैर अंसारी जो कार्यक्रम के संचालन भी कर रहे थे ,ने कहा कि वे देश के पहले कानून मंत्री थे और संविधान के शिल्पकार समझे जाते थे। अपने ज्ञान के बदौलत इस देश में ही नहीं वरन विदेशों में भी डंका बजाय ,अंग्रेज भी इनके विद्वता के कायल थे। वहीं अन्य छात्र-छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरीय शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, कन्हैया प्रसाद, जुबैर अंसारी, जीएस चौबे, राजेश कुमार सिन्हा, कम्प्यूटर शिक्षक प्रमोद कुमार मेहता, शिक्षिकाओं में पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, आदि मौजूद थी।



## पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पिपरा थाना पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर एनबीडब्ल्यू के चार वारंटियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज । इस संबंध में थाना प्रभारी सूरज चेल ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोनवे गांव निवासी कांड संख्या 50/22 के अभियुक्त अखिलेश मेहता, लक्ष्मण मेहता, रामलगन साव तथा 51/22 के अभियुक्त कलीपुर गांव निवासी दुखन ठाकुर का नाम शामिल है । छापेमारी दल में थाना प्रभारी सूरज चैल के अलावे एसआई पिनियस मुंडा एवं जिला बल के जवान शामिल थे।

## आशी केयर हॉस्पिटल का होगा भव्य शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में स्वास्थ्य सेवा अकास्मिक वक्त के लिए सक्षम दिखाई नहीं पड़ती है, हर जान की कीमत है, आशी केयर हॉस्पिटल की कोशिश होगी कि तत्काल चिकित्सा सुविधा पलामू प्रमंडल वासीयों को उपलब्ध कराई जाए। उक्त जानकारी आशी केयर हॉस्पिटल के निदेशक मनीष तिवारी ने दी। पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित पांकी रोड में आशी केयर हॉस्पिटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान निदेशक मनीष तिवारी एवं उप निदेशक अमितेष पाण्डेय ने बताया कि 7 दिसंबर दिन बुधवार को आशी केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ होगा। रांची रोड में दस सालों से संचालित आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल का नया एवं वृहद स्वरूप आशी केयर हॉस्पिटल के रूप में देखने को मिलेगा जो अस्पताल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का अभाव को दूर करेगा। जहां इमरजेंसी,आईसीयू, एनआईसीयू वेंटिलेटर, सर्जरी, ओपीडी, डिलेवरी समेत सभी तरह की चिकित्सा सुविधा सुलभता से उपलब्ध है। मौके पर निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि इस अस्पताल के निर्माण में सभी तरह के सुरक्षा मानकों का ख्याल रखा गया है। बड़े शहरों के भरोसे पलामू के जनमानस की टूटती सांसों को बचाना हमारी प्राथमिकता है। वहीं उप निदेशक अमितेष पाण्डेय ने बताया कि पलामू में मेडिकल कॉलेज खुलने से चिकित्सक की संख्या बढ़ी है। इसका लाभ पलामू के लोगों को तभी मिलेगा जब हाईटेक मशीन उपलब्ध रहे, जिस कमी को आशी केयर हॉस्पिटल प्रबंधन पूरा करेगी। आमतौर पर दुर्घटना, ब्रेन हैमरेज, हार्ट अटैक जैसे अकास्मिक समय पर चौबीस घंटे सुविधा सुलभता से मुहैया नहीं हो पाती है, लोग बड़े शहरों तक पहुंचने से पहले दम तोड़ देते हैं। आशी केयर हॉस्पिटल इमरजेंसी के वक्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में कारगर साबित होगा। इसके लिए आईसीयू की विशेष व्यवस्था रखी गयी है।



## 360 लीटर अवैध स्प्रीट के साथ युवक गिरफ्तार

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कौआखोह एचपी पेट्रोल पंप के समीप स्प्रीट परिवहन करते हुए पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कार से 360 लीटर स्प्रीट बरामद की है। वहीं इस मामले में मंगलवार को संलिप्त एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने प्रेस विज्ञप्ती जारी कर बताया कि होंडा सिटी कार यूपी 16 बीएल-0352 में लदे 9 गैलेन में 360 लीटर अवैध स्प्रीट को जप्त करते हुए कार के साथ औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुमरी निवासी नकुल पासवान को गिरफ्तार किया गया है। वहीं हरिहरगंज कांड संख्या 125/22 दर्ज करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।छपामारी दल में एसआई निर्भय कुमार, प्रकाश कुमार गुप्ता, हवलदार कुलदीप गिद्ध एवं सशस्त्र बल शामिल थे।



# स्पोर्ट्स



रांची में 10 दिसंबर से झारखंड हॉकी टीम का विशेष प्रशिक्षण शिविर

## ब्राजील ने साउथ कोरिया को 4-1 से हराया अंतिम आठ में बनाई जगह

**दोहा ।** 5 बार की विश्वकप विजेता ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है. फीफा वर्ल्ड कप में ब्राजील और साउथ कोरिया के बीच सोमवार रात प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया । इस मैच में स्टार खिलाड़ी नेमार की टीम ने साउथ कोरिया को 4-1 से रौंद दिया। इस मैच में मिली हार के बाद साउथ कोरिया के कोच अपनी टीम के प्रदर्शन से बेहद निराश नजर आए। पाउलो बेंटों के एक फैसले ने पूरी टीम में हड़कंप मचा दिया। साउथ कोरिया की टीम ने 12 सालों के बाद राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई किया था। साल 2010 के प्री क्वार्टर फाइनल में साउथ कोरिया को 1-2 के अंतर से उरुग्वे के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।



### हार के बाद साउथ कोरिया के कोच ने इस्तीफा दिया

**दरअसल, साउथ कोरिया के कोच पाउलो बेंटों ने ब्राजील से मिली हार का बोझ सहन नहीं कर पाए और तत्काल प्रभाव से उन्होंने फैसला लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मैच में मिली हार का असर मैदान के साथ-साथ टीम के अंदर भी देखने को मिला। साउथ कोरिया के कोच के इस फैसले के बाद टीम पूरी तरह से बिखर गई. हालांकि पुर्तगाल के 53 साल के पाउलो बेंटो ने अपने इस फैसले को लेकर कहा कि उन्होंने पहले से ही ऐसा करने का मन बना लिया था। साल 2018 में साउथ कोरिया की टीम की कमान संभालने वाले पाउलो बेंटो ने कहा कि उन्होंने कतर आने से पहले ही फुटबॉल फेडरेशन को इस बात की जानकारी दे दी थी. सितंबर के महीने में ही उन्होंने टीम का साथ छोड़ने का मन बना लिया था।**

## 29 दिसंबर को देश का पहला खेल डिजिटल डाटाबेस जारी कर सकती है झारखंड सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** 29 दिसंबर को झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे हो रहे हैं । इस मौके पर सरकार देश का पहला खेल डिजिटल डाटाबेस जारी कर अव्वल होने का तमगा लेना चाहेगी। राज्य के सभी खिलाड़ियों का डाटाबेस तैयार कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व राज्य का नाम रोशन कर सकें। डिजिटल डाटाबेस का काम जोरों पर है। यह जिम्मा स्वीच टेक नाम की कंपनी को सौंपा गया है। कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि दो चरणों में पोर्टल का निर्माण किया जा रहा है। पहले चरण का काम पूरा हो चुका है, जिसमें चार खेल फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल और रेस्लिंग को रखा गया था। दूसरे चरण का काम एक हफ्ते में पूरा हो जाएगा। इसमें कबड्डी, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग और तीरंदाजी को रखा गया है. उसके बाद सभी जिलों के डीएसओ को इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। खिलाड़ियों का डाटाबेस खेल नीति को और कारगर बनाने में सहायक होगा।

### सीएम ने पोर्टल प्रारंभ करने की बात कही थी

विगत 13 सितंबर को सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड खेल नीति लांच की थी। उन्होंने राज्य के खिलाड़ियों के लिए पोर्टल प्रारंभ करने की बात कही थी, जहां राज्य के खिलाड़ी अपना ब्योरा दर्ज करा सकें। जिससे खिलाड़ियों को प्राथमिकता देते हुए उनकी प्रतिभा की पहचान कर बेहतर प्रशिक्षण देने की व्यवस्था हो सके। उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों के अनुरूप तैयार किया जा सके।

# आइआइटी के छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बताया जा रहा है कि प्रवीण आईआईटी आईएसएम में मेकेनिकल का फाइनल ईयर का छात्र था**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** आइआइटी-आइएसएम के 2018 बैच का एक छात्र ने अपने होस्टल के कमरे में गमछा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। छात्र का नाम प्रवीण कुमार बताया जा रहा है और वह तेलंगाना का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रवीण आईआईटी आईएसएम में मेकेनिकल का फाइनल ईयर का छात्र था। प्रवीण आईआईटी आईएसएम के अम्बर होस्टल के सी ब्लॉक में रहा करता था। बताया जाता है कि प्रवीण हर तरह से सामान्य दिख रहा था, आखिर उसने आत्महत्या क्यों कि इस बात का पता फिलहाल नही चल सका है. संस्थान में मृत छात्र के परिजनों को इसकी सूचना दे दी है। वहीं पुलिस मामले की तफ्तीश करने में जुटी है। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही जिस कमरे में प्रवीण ने आत्महत्या की उस कमरे को भी सील कर दिया है।

जानकारी के अनुसार घटना का पता लगते ही प्रवीण को सबसे पहले आईआईटी आईएसएम के ही डॉक्टर के पास ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद संस्थान के प्रबंधक प्रवीण को एम्बुलेंस से जालान अस्पताल ले गए. यहां भी चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नेत्री रागिनी से लगायी न्याय की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया के धर्मनगर की रहने वाली अन्नू की संदेहास्पद मौत के बाद पीड़ित परिजनों के साथ स्थानीय लोगों ने सरकारी चिकित्सक अभिजीत पर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष पुलिस जांच की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को धर्मनगर चौथाई कुल्ही के दर्जनों लोगों ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह से उनके कतरास मोड़ झरिया स्थित कार्यालय में मुलाकात कर उनसे न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। मृतका की मां लीला देवी ने बताया कि उनकी पुत्री अनु कुमारी राजबाडी रोड स्थित सरकारी अस्पताल में पदस्थापित डॉक्टर अभिजीत सिंह के धैया स्थित आवास पर काम करती थी जहां डॉक्टर पुत्र बेटी के साथ छेड़छाड़ करता था आरोप लगाया की मेरी बेटी के साथ गलत कर मारपीट कर उनलोगो ने हत्या कर दी है। घटना को लेकर झरिया थाने में इसकी शिकायत की है लेकिन 24घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अगर सही आए तो सच्चाई सामने आ जाएगी मृत शरीर पर चोट के कई निशान है।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़

### शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– ***RE- 03/RDSD/RAMGARH/07/ 2021-22*** (Block Building) जिसका PR No.– 283564 (Rural Work Development) 21-22 (D) को अपरिहार्य कारणों से निम्न रूपेण संशोधित किया गया है:–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 08.12.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.12.2022 से दिनांक 14.12. 2022. अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष/मुख्य अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं Bank Certificate for credit Facility जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 15.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– मुख्य अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा, राँची दिनांक 16.12. 2022 अपराह्न 02.00 बजे।

शेष सभी शर्त्ते यथावत् है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़

PR 284341 Rural Work Department(22-23)#D


## झरिया के ठेला दुकानदार ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



**झरिया।** धर्मशाला रोड में गुपचुप बेचकर अपना जीविकोपार्जन करने वाले विजय गुपचुप वाले ने ईमानदारी की मिशाल पेश की। मंगलवार को एक संभ्रांत महिला अपना कीमती मोबाइल लेकर गुपचुप खाने उनके दुकान पर आईं। गुपचुप खाने के दौरान उन्होंने अपना मोबाइल ठेला पर ही रख छोड़ा था।उक्त महिला पानी पूरी खाने के बाद पैसा देकर बिना मोबाइल लिए ही चली गई। इस दौरान विजय अन्य ग्रह की सेवा में जुटा था।उक्त महिला को घर जाने के बाद यह जानकारी मिली थी उसका कीमती मोबाइल गुम हो गया है। वह बार-बार अपने मोबाइल पर फोन करने लगी। लेकिन मोबाइल साइलेंट मोड में होने के कारण विजय को इसकी जानकारी तक नहीं लगी। कुछ देर बाद जब दुकान खाली हुआ तो उसने देखा कि मोबाइल साइलेंट मोड में है और कॉल आ रहा है।मोबाइल का सिस्टम नहीं जाने के कारण उसने तत्काल स्थानीय निवासी एवं युवा समाजसेवी सौरभ शर्मा को इस बात की जानकारी दी।श्री शर्मा ने उक्त महिला का मोबाइल रिसीव कर उन्हें जानकारी दिया कि आपका मोबाइल गुपचुप वाले के पास है आकर ले जाएं। कुछ ही देर के बाद उक्त महिला वहां आए और विजय गुपचुप वाले से मोबाइल लेकर धनबाद देते हुए चली गई इस दौरान उन्हें कुछ उसे इनाम भी देना चाहा पर विजय गुपचुप वाले ने उसे नहीं लिया।

## कुमारधुबी ओपी में नये प्रभारी ने लिया पदभार



चिरकुंडा। कुमारधुबी ओपी में नए प्रभारी के रूप में संदीप कुमार यादव ने मंगलवार पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व ओपी प्रभारी ललन प्रसाद सिंह, गल्फरबाड़ी प्रभारी संजय उरांव,चिरकुंडा एसआई मोहम्मद शमीम अंसारी ने फुल बुके देकर उनका स्वागत किया। संदीप कुमार यादव कुमारधुबी ओपी के 40वां प्रभारी के रूप में योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व जिला के पूर्वी टुंडी, और निरसा थाना में थे। कुमारधुबी ओपी में प्रभारी के रूप में पहली पोस्टिंग हुई है। श्री यादव ने कहा कि यहां की जनता के समस्या को समाधान करना और जनता का सेवा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। संदीप कुमार यादव 2018 बैंच के पदाधिकारी है।

## इंटर महाविद्यालय ने मनाया 41वां स्थापना दिवस



महुदा। महुदा महाविद्यालय महुदा का 41वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ महाविद्यालय परिसर में मनाया गया। समारोह का उद्घाटन बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव दीपनारायण शर्मा एवं संचालन प्रोफेसर मनोहर महतो ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया। सचिव दीपनारायण शर्मा द्वारा महाविद्यालय के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शत्रुघ्न महतो ने कहा कि महुदा महाविधालय के 41 वां स्थापना दिवस पर सभी को बधाई, महुदा महाविधालय बास्तव में किसान, मजदूरों एवं गरीबों के बच्चे पड़ने वाला महाविद्यालय है। इस क्षेत्र के लिए महुदा कॉलेज मिल का पत्थर है हम सभी मिलकर कॉलेज को संवारने का काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कुछ असमाजिक तत्व के लोग कॉलेज में बाधा उत्पन्न कर रहे है जिसे किसी कीमत पर बर्दास्त नही किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन्न के दौरान दौरान 24 नवंबर को महाविधालय में हुए रन फॉर लाइफ प्रोग्राम के विजेता को मुख्य अतिथि शत्रुघ्न महतो एवं हाई रेंज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अमित मोदक ने पुरुष्कृत किया। मौके पर बासुदेव हजारी, सुरजकांत महतो, शिशुपाल महतो, प्राचार्य श्याम लाल महतो, दान दाता मनोहर कुमार महतो, प्रोफेसर भरत महतो, प्रोफेसर सिकंदर रवानी, समद अंसारी, प्रोसेसर निमाई चंद्र, चंदन तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एग्यारकुंड प्रखंड सभागर में हुई बैठक

**चिरकुंडा।** योजना बनाओ अभियान 2023-24 को लेकर मंगलवार की सुबह एग्यारकुंड प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख संगीता महतो की अध्यक्षता में बैठक का किया गया। बैठक में एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कर्मकार ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर योजना बनाओ अभियान कार्यक्रम किया जाना है। पिछले दो वर्षों से कोरोना महामारी के चलते यह योजना रुका हुआ था। इस बार यह योजना प्रमुखता से हर पंचायत में सभी प्रतिनिधियों की मौजूदगी एवं सलाह मशवरा से किया जाएगा। योजना बनाओ अभियान में इस बार बच्चों का सामुहिक विकास, महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार, घर-घर पेयजल 2024 एवं स्वच्छता को लेकर योजनाओं का चयन ग्रामसभा के माध्यम से किया जाना है। बैठक में बीडीओ विनोद कर्मकार, बीपीएम श्रीकांत मंडल, सांसद प्रतिनिधि धीरज सिंह, जिप सदस्य गुलाम कुरैशी व बादल बाउरी, उपप्रमुख विनोद दास सहित सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, प्रखंड पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## कतरास मार्बल दुकान फायरिंग मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन

# रंगदारी के लिए दहशत बनाना था फायरिंग का मकसद : एसएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**छह अपराधी समेत घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व पिस्टल बरामद**

**धनबाद।** पिछले दिनों कतरास के रानी बांध स्थित मार्बल टाइल्स की दुकान में गोली चलाने के मामले का धनबाद पुलिस ने मंगलवार को उद्भेदन कर दिया। पुलिस के अनुसार अपराधियों द्वारा उक्त प्रतिष्ठान के मालिक को डराकर रंगदारी वसूलने की मंशा थी जिसे पुलिस ने समय रहते विफल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और पिस्टल भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस बाबत मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू और कतरास थानेदार रणधीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कांड का खुलासा करते हुए गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। उन्होंने बताया कि इस कांड में गोलू कुमार सिंह, गणेश गुप्ता, शिवम सिंह, दीपक कुमार महतो, सुमित गुप्ता और सुजल कुमार गुप्ता की संलिप्ता थी जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आगे उन्होंने बताया कि गोलू और गणेश ने दुकान में फायरिंग की थी। वहीं गिरफ्तार अपराधियों में सुजल कुमार गुप्ता इंस्टाग्राम पर बाकी सभी अपराधियों से बात करता था और कांड की प्लानिंग करता था। इसके अलावा शिवम सिंह ने इन्हें पिस्टल और बाइक उपलब्ध कराया था।

जबकि बाकी दीपक और सुमित ने रेकी करने का काम किया था। पूरी घटना रंगदारी वसूलने के लिए भय फैलाने के मकसद से अंजाम दिया गया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी लोग आपराधिक परवर्ती के रहे हैं और विभिन्न मामलों में यह पहले भी जेल जा चुके हैं।

## नये जिलाध्यक्ष के सर कांटों का ताज, स्वागत में नहीं दिखे वरिष्ठ कांग्रेसी

# प्रदेश में एक भी माइनॉरिटी, दलित अध्यक्ष न देकर प्रदेश प्रभारी ने दिखाया जातिवाद : रविन्द्र वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** राज्य में पिछले कई महीनों से कांग्रेस में नए जिलाध्यक्षों की बाट जोह रहे कांग्रेसियों का बेसब्री भरा इन्तेजार रविवार की देर शाम अंततः समाप्त हो गया। धनबाद जिले के अध्यक्ष के रूप में वर्तमान एआईसीसी सदस्य संतोष सिंह को कांटो भरा ताज पदभार के रुप में मिला है तो वहीं दूसरी ओर राज्य के 13 जिलों की जारी सूची में एक भी माइनॉरिटी कम्युनिटी से जिला अध्यक्ष नहीं होने से कांग्रेस का एक वर्ग विक्षुब्ध होकर पार्टी के खिलाफ सोसल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाल रहा है तो दूसरी ओर कई पुराने और वरिष्ठ कांग्रेसी भारी मन से नए जिलाध्यक्ष को बधाई भी दे रहे हैं। हालांकि उन्हें इस बात का मर्म जरूर है कि जिलाध्यक्ष होने के नाते जूनियर की आदेशों का पालन करना होगा। अब ऐसे में नए जिलाध्यक्ष को राष्ट्रीय पार्टी के अलग अलग खेमों में बंटी जिला कमिटी व कार्यकताओं को साधने की बड़ी चुनौती होगी।

**धनबाद पहुंचने पर समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत :** मंगलवार को धनबाद जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संतोष सिंह धनबाद पहुंचे। समर्थकों द्वारा उनकी जोरदार स्वागत की तैयार की गई थी। रेलवे स्टेशन में समर्थकों ने ट्रेन से उतरते ही नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। स्टेशन से बाहर आते ही सन्तोष सिंह बिनोद बिहारी महतो, डीआरएम चौक स्थित बाबा साहब व रणधीर वर्मा चौक के समीप गांधी सेवा सदन स्थित गांधी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्टेशन से रणधीर वर्मा चौक तक संतोष सिंह खुले जीप पर सवार होकर पहुंचे। आगे आगे ढोल नगाड़े की गूंज और पीछे पीछे समर्थक मौजूद रहे।

स्वागत में नहीं दिखे वरिष्ठ कांग्रेसी, तो कुछ ने कहा जन्मजात कांग्रेसी इसलिए आना मजबूरी

जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने के बाद पहली बार संतोष सिंह धनबाद पहुंचे तो उनके स्वागत में कोई भी वरीय कांग्रेसी या दूसरे खेमे को लोग नहीं दिखे। इस बात की चर्चा पूरे दिन राजनीतिक गलियारों में होती रही। वहीं स्वागत में जुटे कांग्रेसियों में से कई यह कहते देखे गए कि हम तो जन्मजात कांग्रेसी हैं आलाकमान किसी को भी जिलाध्यक्ष बना दे वे प्रोटोकॉल का पालन करते रहेंगे। इसके अलावे स्वागत में शामिल कई कार्यकर्ता भी नव नियुक्त जिलाध्यक्ष पर तीखे तंज कसते देखे गए। बताते चलें कि संतोष सिंह के स्वागत में सिर्फ उनके साथ ही रहने वाले नेता और समर्थक दिखे। **सोशल मीडिया से लेकर कैमरे का सामने तक छलका दर्द:** राज्य के 13 जिलों में कांग्रेस के नए जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने के बाद से ही लोग अपनी भड़ास सोसल मीडिया पर निकाल रहे हैं। सभी आलाकमान को कोसते हुए जारी लिस्ट को रद्द कर फिर से पुनर्विचार कर रहे हैं। वहीं निवर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र वर्मा ने प्रदेश आलाकमान पर आरोप लगाते हुए।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

41वीं औपबंधिक सूची जिला–कोडरमा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– कोडरमा (तिलैया) थाना काण्ड संख्या–82/93 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री गंगा प्रसाद यादव द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात (50–60) की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–158 2. आवेदक का नाम–अशोक शर्मा, पिता का नाम–स्व0 जगदीश शर्मा 3. ग्राम–पैसरा, पोस्ट–नवलसाही, थाना–मरकच्चों, प्रखण्ड–डोमचाँच 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–24 2. आवेदक का नाम–बाबु लाल दास, पिता का नाम–स्व0 छोटू दास 3. ग्राम–जमडीहा, पोस्ट–नवलसाही, थाना–नवलसाही, प्रखण्ड–डोमचाँच 4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष पहचान चिन्ह–दांये पैर में जख्म का निशन। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–42 2. आवेदक का नाम–चेतलाल साहु, पिता का नाम–स्व0 दुली साहु 3. ग्राम–नवलसाही, पोस्ट–नवलसाही, थाना–मरकच्चों, प्रखण्ड–डोमचाँच 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–162 2. आवेदक का नाम–श्वेता मुखर्जी, पिता का नाम–स्व0 नारायण चन्द्र मुखर्जी 3. ग्राम–शिवसागर कैम्प पोस्ट–डोमचाँच, थाना–डोमचाँच, प्रखण्ड–डोमचाँच 4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–54 2. आवेदक का नाम–बैजनाथ मेहता, पिता का नाम–स्व0 सोमर मेहता 3. ग्राम–डोमचाँच, पोस्ट–डोमचाँच, थाना–डोमचाँच, प्रखण्ड–डोमचाँच 4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–रेल कोडरमा थाना काण्ड संख्या–10/96 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री गंगा प्रसाद यादव द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात (30–32) की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | | |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–55 2. आवेदक का नाम–प्रयाग यादव, पिता का नाम–स्व0 बालकी यादव 3. ग्राम–छोटकी धमराय, पोस्ट–तिलैया डैम, थाना–जयनगर, प्रखण्ड–चन्दवारा 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष पहचान चिन्ह–ओंठ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(कार्तिक सोनार) उपरोक्त का टंकण मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.284326 Home(22-23):D


## छात्रा को परीक्षा में शामिल नहीं होने देने के विरोध में एनएसयूआइ ने खोला मोर्चा

# कॉलेज प्रशासन का किया पुतला दहन, तालाबंदी और सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** सीए सेमेस्टर फोर परीक्षा में देर से पहुंचने को लेकर छात्रा को प्रवेश नहीं देने के विरोध में मंगलवार एनएसयूआई द्वारा एसएसएलएनटी कॉलेज के प्रबंधन का घेराव किया गया। कॉलेज प्रशासन के खिलाफ तालाबंदी एवं नारेबाजी करते हुए कॉलेज प्रबंधन का पुतला दहन किया तथा मुख्य सड़क को लगभग 2 घंटे जाम रखा। सूचना पर कोयलांचल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक सुमन वर्णवाल मौके पर पहुंच छात्र नेताओं को शांत किया। आश्वासन दिया कि आपका साल बर्बाद नहीं होगा,तब जाकर एनएसयूआई नेता रोड से हटे। ज्ञात हो कि सीए सेमेस्टर फोर एग्जाम का सेंटर एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में पड़ा है, इसी दौरान एक छात्रा जो कि लगभग 50 किलोमीटर दूर से आती है उसे आने में थोड़ी देर हो गई। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से था। उसे परीक्षा में शामिल होने नही दिया गया। जिसके बाद एनएसयूआई ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि धनबाद का एकलौता ऐसा कॉलेज है जहां पर इस प्रकार के मामले प्रकाश में आते हैं, तथा प्रतिदिन छात्रों को इस प्रकार रोक दिया जाता है, जिस कारण से उनका पूरा साल बर्बाद हो जाता है।

प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी ने कहा नियम कानून छात्रों छात्रों के बेहतरी के लिए होते हैं, नियम के आड़ में छात्रों पर तानाशाही रवैया न अपनाया जाए, और पूरे कोयलांचल विश्वविद्यालय में सिर्फ इसी कॉलेज में ऐसा मामला सुनने को आता है मतलब साफ है कि कहीं ना कहीं कॉलेज प्रबंधन की कुछ कमी है। मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष उत्तम कुमार,जिला महासचिव रोहित पाठक और दानिश रजा, जिला सचिव अकाश प्रमाणिक और आयुष सिंह, पीके रॉय कॉलेज के अध्यक्ष राज रंजन सिंह, गुरु नानक कॉलेज के अध्यक्ष सनी सिंह, आरएसपी कॉलेज के अध्यक्ष देवेंद्र पासवान,कतरास कॉलेज के एनएसयूआई के साथ ही उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–26, वर्ष 2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, ।
2. निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक–13.12.2022 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक– 14.12.2022 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–14.12.2022 के 3.30 बजे अपराहन्।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

पर्यटन

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्रा | खूँटी के कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डुमरगड़ी के लतरातु डैम में जलक्रीड़ा को बढ़ावा देने हेतु Cafeteria निर्माण कार्य। | 22,17,000/– | 44,400/– | 5000/– | 03 माह |

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी ।

PR.NO.284312 Rural Development(22-23):D

## वेदांता के योगदान से समुदायों के जीवन स्तर में बढ़ोत्तरी

# उड़िया संस्कृति और परंपराओं को मिल रहा बढ़ावा : सव्यसाची

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल से ओडिशा फर्स्ट एमिनेंट पर्सनालिटीज फोरम के सदस्य सुपरस्टार फिल्म अभिनेता सव्यसाची मिश्र ने भुवनेश्वर में आयोजित एक समारोह के दौरान मुलाकात की। श्री अग्रवाल राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के आमंत्रण पर मेक इन ओड़िशा कॉन्क्लेव-2022 में भाग लेने के लिए राजधानी में एक दिवसीय प्रवास पर थे। श्री अग्रवाल से भेंट कार्यक्रम में ओड़िशा फर्स्ट एमिनेंट पर्सनालिटीज फोरम के सदस्य राज्य के आठ पद्म पुरस्कार विजेताओं के साथ ही 11 प्रतिष्ठित शख्सियत शामिल थे। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि वेदांता समूह ओड़िशा राज्य की सतत



प्रगति और समृद्धि में योगदान के लिए कटिबद्ध है।

सव्यसाची ने कहा कि यह ओड़िशा के नागरिकों के लिए बड़े गर्व की बात है कि राज्य में वेदांता जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनी खनन और धातु उत्पादन के क्षेत्र में पिछले लगभग डेढ़ दशकों से काम कर रही है। सव्यसाची ने कहा कि श्री अग्रवाल के नेतृत्व में वेदांता समूह ने ओड़िशा में लगभग 80 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। श्री अग्रवाल का निवेश राज्य को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान कर रहा है। ओड़िशा फर्स्ट एमिनेंट पर्सनालिटीज फोरम के जरिए उड़िया संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा मिल रहा है। अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सषक्तिकरण एवं कृषक प्रशिक्षण परियोजनाओं के माध्यम से सतत आजीविका के अवसर निर्मित हुए हैं। सामाजिक-आर्थिक प्रगति को नये आयाम मिल रहे हैं। भेंट कार्यक्रम में मौजूद राहुल शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एल्यूमिनियम व्यवसाय, वेदांता लिमिटेड एवं उद्योग जगत के विषेज्ञ तथा वेदांता एल्यूमिनियम के प्रेसीडेंट डॉ तपन कुमार चांद के मार्गदर्शन में संचालित अनेक सामुदायिक विकास कार्यों की सव्यसाची ने प्रशंसा की।

## एमसीएल में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाडा 2022-23 का शुभारंभ

# एमसीएल सीएमडी ओपी सिंह ने सुरक्षा के साथ उत्पादकता के लिए प्रेरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) मुख्यालय एवं सभी खनन क्षेत्रों में मंगलवार को वार्षिक खान सुरक्षा पखवाडा 2022-23 का शुभारंभ हुआ। एमसीएल में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2022-23 डीजीएमएस के तत्वावधान में मंगलवार से 19 दिसंबर तक सभी खानों/ कार्यशालाओं/ सबस्टेशनों/ जीवीटीसी/ एमसीएल के संविदात्मक प्रतिष्ठानों, में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर एमसीएल मुख्यालय स्थित जागृति विहार परिसर के मेन गेट से सुबह सात बजे सुरक्षा जागरूकता रैली प्रारंभ होकर जागृति विहार कॉलोनी होते हुए वरिष्ठ अतिथि गृह परिसर में पहुंची। एमसीएल के सीएमडी ओपी सिंह एवं निदेशक (कार्मिक) केशव राव ने सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। सुबह 10.30 बजे एमसीएल कॉर्पोरेट कार्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि के रूप में एमसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ओपी सिंह उपस्थित होकर सुरक्षा ध्वजारोहण किया, जिसमें विशिष्ठ अतिथि के रूप में एमसीएल के निदेशक (कार्मिक) केशव राव उपस्थित थे। एमसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ओपी सिंह ने



एमसीएल मुख्यालय प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में एमसीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलायी। सीएमडी ओपी सिंह ने टीम एमसीएल को अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा पहले सुरक्षा कायम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने 51वीं अखिल भारतीय बचाव प्रतियोगिता (कोयला और धातु) 2022 में पुरस्कार हासिल करनेवाले टीमों के सदस्यों को भी सम्मानित किया। एमसीएल के निदेशक (कार्मिक) केशव राव ने अपने संबोधन में कार्यस्थल पर सुरक्षा के साथ-साथ स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) सीपी गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सुरक्षा गतिविधियों और कंपनी की उपलब्धि पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रबंधक(खनन) रामकृष्ण पात्रा ने सुरक्षा पखवाड़ा की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी एवं कार्यक्रम का संचालन किया।

7वीं पुण्यतिथि



जरियागढ़ राजपरिवार का एक अनमोल रत्न थे सदैव मृदुभाषी और कर्तव्य परायण थे
- लाल मृगेन्द्रनाथ शाहदेव, वरिष्ठ जरियागढ़ राजपरिवार सदस्य

अतुल्य योगदान बीजेपी में दिये. सच्चे सिपाही जिसने हर जवाबदेही को निभाया, बिना किसी व्यक्तिगत इच्छा के.
- कड़िया मुण्डा जी, पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष

ठाकुर साहेब मेरे बचपन के दोस्त, सच्चे मित्र, प्रेम और सद्भाव के प्रतिमूर्ति थे. सदैव याद में रहेंगे.
- पद्मश्री मुकुंद नायक जी

एक राजकुमार जो सदैव अपने क्षेत्र के लोगों से जुड़ कर उनकी आवाज बने रहे, वे शालीनता के प्रतिमूर्ति थे.
-पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख जी

ठाकुर साहेब के द्वारा टी. सी. आइ. डीएवी को जम्हार (कर्रा) में दिये गये भू दान के महान कार्य की वजह से आज क्षेत्र के हजारों बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा का अवसर मिल पा रहा है। समय उनकी स्मृति को कभी मिटने नहीं देगा।
-डी. पी. अग्रवाल जी, एम. डी., टी. सी. आइ. ग्रुप आफ कंपनी

स्व. ठाकुर शिवेन्द्र नाथ शाहदेव
पुत्र स्व. ठाकुर ब्रजेन्द्र नाथ शाहदेव, पौत्र स्व. ठाकुर महेन्द्र नाथ शाहदेव

श्रद्धावनत
ठाकुर जयेन्द्र नाथ शाह देव (जेष्ठ पुत्र)
एवं समस्त जरीयागढ़ राज परिवार

## संबलपुर रेल मंडल में महापरिनिर्वाण दिवस



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर रेल मंडल में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने बाबा साहेब डॉ अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये। अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहेब की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी जुसूफ कबीर अंसारी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## पूर्व तट रेलवे में महापरिनिर्वाण दिवस




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे में मंगलवार को भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान निमार्ता को पुष्पांजलि अर्पित की। एलवीएसएस पत्रुडु, मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) ने कार्यक्रम का समन्वय किया

## खोरधारोड मंडल का महापरिनिर्वाण दिवस



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** खोरधारोड मंडल ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। महापरिनिर्वाण दिवस, भारतीय संविधान के जनक डॉ बीआर अंबेडकर को याद करने का दिन है, जो देश के महानतम समाज सुधारकों में से एक थे। इस अवसर पर रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड, कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) ने शाखा अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डॉ बीआर अंबेडकर की तसवीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## हॉकी वर्ल्ड कप के लिए बीएमसी का नया नियम

# सड़क किनारे से हटेंगी सभी मीट दुकानें

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन जनवरी से ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर और राउरकेला में होगा। इसे ध्यान में रखते हुए भुवनेश्वर महानगर निगम (बीएमसी) द्वारा शहर को आकर्षक और सुंदर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में कलिंग स्टेडियम के पास के इलाके और राजधानी के अन्य इलाकों में सजावट शुरू हो गयी है। बीएमसी की ओर से यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये गये हैं कि सड़कों को साफ रखा जाये, अनावश्यक भीड़ न हो और गायों को सड़कों से हटाया जाये। हालांकि बीएमसी ने सड़क किनारे सभी मीट की दुकानों को हटा कर नया कदम उठाया है। शहर के मुख्य मार्गों पर व्यापारी पर्दे लगायेंगे। व्यापारी इस बात का ध्यान रखेंगे कि इसे कोई देख न सके। कहा गया है कि इसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जायेगी।

हाल ही में विभिन्न मीट कारोबारियों और बीएमसी की मेयर सुलोचना दास के बीच इसको लेकर चर्चा हुई थी। मेयर ने हॉकी वर्ल्ड कप के लिए सभी से सहयोग करने को कहा। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे से सभी मीट की दुकानों को हटाने का निर्णय लिया गया है। कहा गया है कि बीएमसी क्षेत्र में मीट की नयी दुकान खुलने पर भुवनेश्वर अमीश ट्रेडर्स एसोसिएशन बीएमसी को सूचित करेगा।

# ब्लैकमेलर अर्चना नाग सात दिन की रिमांड पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हनीट्रैप क्वीन अर्चना नाग के मामले में धीरे-धीरे पर्दा उठने लगा है। इडी जहां इस घटना की जांच कर रही है वहीं हर दिन कुछ ना कुछ नयी जानकारियां सामने आ रही हैं। हालांकि इस मामले में इडी अर्चना के पिता, मां और भाई से पहले ही पूछताछ कर चुकी थी, जबकि अर्चना के सहयोगी जगबंधु को भी ईडी ने रिमांड पर लिया था। हालांकि अब इडी अर्चना को हिरासत में लेगी और कई बातों का खुलासा होगा। जबकि इडी ने अदालत में अपील दायर की, जिला न्यायाधीश ने अपील की अनुमति दी।

हालांकि, जब इडी ने अर्चना नाग को 15 दिनों के लिए रिमांड पर देने का आवेदन दिया, तो उन्हें सात दिनों की अनुमति दे दी गयी। इसके चलते इडी 13 तारीख तक विभिन्न मुद्दों पर पूछताछ करेगी। इडी ने अर्चना को सात दिन की रिमांड पर लिया। हालांकि रिमांड पर लिए जाने से पहले कैपिटल अस्पताल में अर्चना के स्वास्थ्य की जांच की गयी थी।

इस बीच उन्होंने मीडिया को बड़ा बयान दिया मेरे पास बहुत सारी जानकारी है। अर्चना ने कहा



कि मेरा 5 साल का बच्चे निर्दोष है। उन्होंने कहा कि मुझे फंसाया गया है। मैं आतंकवादी नहीं हूं। सिर्फ 30 मिनट दीजिए, मैं सारे पोल खोल दूंगा। मैं आपको सारे प्रूफ के साथ दिखाऊंगा। बस आप लोगों के सहयोग की जरूरत है। अगर मैं अपना मुंह खोलूंगा, तो सब फंस जायेंगे। पूरा राज्य हिल जायेगा। केवल मैं इडी का इंतजार कर रहा था। मुझे नहीं पता कि मुझे किसने फंसाया। मैं इडी को पूरा सहयोग करूंगा।

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जुलते नामों से सावधान

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

हमसे सस्ता, हमसे अच्छा कहीं नहीं
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
DHIRENDRA PRASAND
PERFECT VISION
Electronics and Electrical Sale & Service
H.B.Road,Near Dharam Kanta, Kokar,Ranchi-1 (Jharkhand)
0651-2974006 7781002828, 8797479633, 7004782826, 9835302384
E-mail : msperfectvision@gmail.com www.perfectvisionranchi.com
Authorised Dealer
• Sony, Samsung, LG,Hitachi,IFB,Onida
• Lloyd,Haier,Voltas,Whirlpool,Symphony
• Bajaj,Kent,HCL,XIOMI,Tata,Sky,D2H

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

हमसे सस्ता, हमसे अच्छा कहीं नहीं
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
TRAKSTAR DLX
TRACTOR JO BADAL DE LIFE KA TRACX
पेश है ट्रैक्टर DLX.
ट्रैक्टर जो बदल दे आपकी लाइफ का ट्रैक!
दमदार इंजन | लग्जरी डिजाइन | एक्स्ट्रा परफॉर्मेंस
TRAKSTAR
NH-33, Near : DPS, Neori Vikash, Ranchi-825217,
Mob. : 9508202987, 9430881502, rajsasha23gmail.com
Authorised Dealer : M/S ARYA ENTERPRISES
TRAKSTAR DLX
TRACTOR JO BADAL DE LIFE KA TRACX

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**